■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 272
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
6 मार्च 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1915 :** शांति निकेतन में महात्मा गांधी और रबीन्द्रनाथ टैगोर पहली बार मिले।
**1957:** घाना प्रधानमंत्री क्वामे न्क्रूमाह के नेतृत्व में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना।
**1991:** प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने इस्तीफा दिया।
**2009:** भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएं देने के बाद लड़ाकू विमान मिग-23 ने अंतिम उड़ान भरी।

**सस्ते में लूट लेती है ये दुनिया उन्हें जिन्हें खुद की कीमत का अंदाजा नहीं होता।**

## लाभार्थी सम्मेलन में सैकड़ों लाभुकों के बीच 1348 करोड़ के ऋण का वितरण

# गांव की महिलाओं को लखपति बनाना मोदी की गारंटी : निर्मला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** गांव की महिलाएं भी लखपति बनेंगी यह मोदी की गांरटी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाओं का शुरुआत की है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि गांव की महिलाएं भी लखपति बनेंगी। 'ड्रोन दीदी' योजना का जिक्र करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब गांव की महिलाएं अपने खेतों की देखभाल ड्रोन के जरिए कर रही है। इसके लिए उनको ट्रेनिंग भी दी जा रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री आज छपरा के जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस में क्रेडिट ऑफिस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैकड़ों लाभुकों के बीच 1000 करोड़ से अधिक के लोन (ऋण) और अनुदान का वितरण किया। बिहार में पहली बार इतने बड़े स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें खुद वित्त मंत्री भी शामिल



हुईं। इस कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद जनार्दन सिंह अग्रवाल के साथ सांसद राजीव प्रताप रूडी भी मौजूद थे। इस मौके पर फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने जय श्री राम के नारे के साथ अपने भाषण की शुरुआत की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता महिलाओं को सशक्त बनाने का है। आज के इस लाभार्थी सम्मेलन में केंद्रीय वित्त मंत्री ने आवास ऋण के 170 लाभार्थियों के बीच 41.76 करोड़, वाहन ऋण के 209 लाभार्थियों के बीच 38.98, शिक्षा ऋण के 36 लाभार्थियों के बीच 2.51, अन्य खुदरा ऋण के 6,565 लाभार्थियों के बीच 202.77 करोड़, मुद्रा के 922 लाभार्थियों के बीच 32.36, स्टैंड-अप इंडिया के 34 लाभार्थियों के बीच 2.28 करोड़, पीएम स्वनिधि के 751 लाभार्थियों के बीच 1.65 करोड़, पीएमईजीपी के 128 लाभार्थियों के बीच 11.91, अन्य एमएसएमई ऋण के 829 लाभार्थियों को 98.56, केसीसी (कॉर्पोरेशन) के 1,746 लाभार्थियों को 17.38, केसीसी (एएचडी और मछली पालन) के 158 लाभार्थियों को 2.46, एसएचजी के 10,420 लाभार्थियों को 267.98, अन्य कृषि ऋण के 12,542 लाभार्थियों को 266.13 और अन्य ऋण के 3,994 लाभार्थियों को 95.85 करोड़ रुपया प्रदान किया गया है।

# लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 14-15 मार्च को संभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2024की तारीखों का एलान 14-15 मार्च को कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी सात चरण में ही चुनाव कराए जा सकते हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए मतदान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की एलान करेगा। आयोग के अफसर अभी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इसके बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। ये टीम 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेगी। इस बीच चुनाव आयोग राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी करेगा। 2019 में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में हुए थे और वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी। 2019 में वोटर लिस्ट में 90 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल थे, जबकि 2014 के आम चुनाव में 81 करोड़ 45 लाख मतदाता थे। वहीं, इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। लोकसभा के साथ-साथ 2019 में अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा की विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए थे। विधानसभा चुनाव के नतीजे भी लोकसभा के परिणाम के साथ घोषित किए गए थे। 2019 में लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 11 अप्रैल को हुआ था। पहले चरण में कुल 20 राज्यों के 91 लोकसभा या संसदीय क्षेत्रों में वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण का मतदान 18 अप्रैल को हुआ था। इस दौरान 13 राज्यों की कुल 97 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### धौडाड़ थानाध्यक्ष निलंबित

**सासाराम।** शाहाबाद रेंज के डीआइजी नवीन चंद्र झा के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने के मामले में धौडाड़ थानाध्यक्ष जयराम शुक्ला को एसपी विनीत कुमार ने निलंबित कर दिया है। गत 25 दिनों में तीन थानाध्यक्षों पर कार्रवाई हुई है। निलंबित थानाध्यक्ष पर आरोप है कि मार्च 2023 के एक कांड में निर्देश के बावजूद अनुसंधानकर्ता ने जिला परिवहन पदाधिकारी को 14 दिन के बाद प्रतिवेदन दिया। तत्कालीन ओपी प्रभारी व वर्तमान में थानाध्यक्ष का अपने थाना के पत्राचार पर नियंत्रण नहीं होने के आरोप में निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### मंडल कारा में कैदी की हत्या

**हाजीपुर।** हाजीपुर मंडल कारा में मारपीट के मामले में बंद एक कैदी को जेल के अंदर ही बदमाशों ने मारपीट कर हत्या कर दी। मृतक सदर थाना अंतर्गत चंद्रालय निवासी रामवृक्ष राय के 45 वर्षीय पुत्र अशोक राय बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी गौरव कुमार यादव एवं नगर थाना अध्यक्ष समिति कई पुलिस पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। बताया गया कि मंडल कारा में हत्या के मामले में बंद आरोपित ने अशोक कुमार राय की मारपीट कर हत्या कर दी।

### आग लगने से 150 घर जले

**सुपौल।** जिले के सदर प्रखंड के घूरण पंचायत के वार्ड 6 और 7 में मंगलवार सुबह अचानक आग लगने से 150 घर जलकर राख हो गए। अगलगी से करीब डेढ़ हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। आग लगने पर फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। अगलगी में तीन करोड़ तक की संपत्ति के राख होने का अनुमान है। बताया गया कि सबसे पहले घूरण में मो. सुल्तान के घर से आग की लपटें उठी। तेज पछुआ हवा के कारण लपटें तेज हो गई और इससे किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

### विस के 69 मार्शल के लिए हुई परीक्षा रद्द

**पटना।** विधानसभा सुरक्षा प्रहरी के लिए पिछले दिनों हुई परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। अब इसके लिए नए सिरे से परीक्षा होगी। हालांकि, इसके लिए तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के कार्यकाल में सुरक्षा प्रहरी (मार्शल) के 69 पदों के लिए 10 सितंबर को प्रारंभिक परीक्षा हुई थी, इसमें 27 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसके बाद इसी साल 19 से 22 जनवरी तक अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच व दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। दरअसल, विधानसभा सचिवालय को परीक्षा लेने में पारदर्शिता की कमी की शिकायत मिली थी। इस संबंध में सभा सचिवालय को प्रतिवेदन भी प्राप्त हुआ था। इसी के आधार पर पूरी तरह विचार करने के बाद सुरक्षा प्रहरी के लिये विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत ली गई परीक्षाओं को रद्द करनेका निर्णय लिया गया।

# नालंदा में घूसखोर दारोगा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में एक और घूसखोर अधिकारी पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पटना की विशेष निगरानी की टीम को शिकायत मिली थी कि नगर थाना के एससी-एसटी थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक एक मामले को मैनेज करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहे हैं। इसके बाद विशेष निगरानी टीम ने कार्रवाई करते हुए 14 हजार रुपए घूस लेते हुए नगर थाना के एससी-एसटी थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। नगर थाना के एससी-एसटी थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक अरुण पासवान को विशेष निगरानी इकाई पटना की टीम ने 14 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विशेष निगरानी विभाग द्वारा जारी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एससी/एसटी थाना में तैनात



अरुण पासवान ने मारपीट के मामले को मैनेज करने के लिए 40 हजार घूस मांगा था। प्रथम किश्त उन्हें 14000 रुपए दी गई है। विशेष निगरानी इकाई की टीम ने 4 मार्च को मामला दर्ज किया और 5 मार्च को दारोगा अरुण पासवान को 14 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए 6 मार्च को विशेष निगरानी न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा।

# सड़क हादसे में उद्यान पदाधिकारी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र में जसोइया मोड़ के पास मंगलवार को एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ओबरा प्रखंड के प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक और उद्यान पदाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान ओबरा के प्रखंड के उद्यान पदाधिकारी राकेश प्रजापति (50) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिसौड़ा गांव के रहने वाले हैं। वहीं घायल उद्यान पदाधिकारी की पहचान नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के मई परवलपुर निवासी राजेश्वर प्रसाद के रूप में की गई है। वह औरंगाबाद प्रखंड के उद्यान पदाधिकारी हैं। जानकारी के मुताबिक, दोनों उद्यान पदाधिकारी ओबरा में किसानों के बीच पपीते के पौधे का वितरण कर बाइक से



औरंगाबाद उद्यान कार्यालय आ रहे थे। इसी दौरान जसोइया मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों उद्यान पदाधिकारियों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने राकेश प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। उद्यान पदाधिकारी की मौत के बाद सदर अस्पताल मृतक के परिजनों की चीत्कार से गूंज उठा। मृतक अपने पीछे दो बेटे चांद (16) और प्रिंस (10) और एक बेटी यास्मीन (13) को छोड़कर गए हैं।

# आईटीआई में उप प्राचार्य के 76 पदों पर होगी बहाली

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत आनेवाली आइटीआइ में उप प्राचार्य एवं समकक्ष स्तर के कुल 76 रिक्त पदों के लिए बहाली निकाली हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 16 अप्रैल है। आयोग की ओर से आवेदन के लिए पूरी जानकारी उपलब्ध करा दी गयी है। इस पद के लिए वहीं अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जो एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थान से बीटेक, बीई, बीएससी इंजीनियरिंग और यूजीसी से मान्यता प्राप्त डीम्ड विवि से केवल नियमित रूप से संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में डिग्री प्राप्त होनी चाहिए। चयन का आधार लिखित परीक्षा और साक्षात्कार रखा गया है। कुल 76 पदों को अलग-अलग श्रेणी में बांट दिया गया है। इसके हिसाब से अनारक्षित श्रेणी में 14, ईडब्ल्यूएस में आठ, एससी में 16, एसटी में एक, ईबीसी के 22 और बीसी में 15 रिक्तियां हैं।

# औरंगाबाद सहित सूबे के नौ जिलों में शुरू हुई पैक्स कंप्यूटरीकरण व्यवस्था

■ **सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने किया उद्घाटन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** औरंगाबाद सहित बिहार के 9 जिलों के 48 पैक्स में कंप्यूटरीकरण की व्यवस्था मंगलवार से शुरू हुई। इसका उदघाटन बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। विदित हो कि पैक्स का कंप्यूटरीकरण एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर गठित पैक्स का पूर्णतः कंप्यूटरीकरण करके उनके कार्यों को सुगम एवं पारदर्शी बनाना है। इस प्रकार उनकी दक्षता एवं उपयोगिता में वृद्धि करते हुए उन्हें मल्टी सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जाना है। जिन जिलों में यह सुविधा शुरू की गई है उसमें औरंगाबाद के अतिरिक्त अरवल,




गया, कटिहार, मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा, रोहतास और सुपौल जिले के पैक्स शामिल हैं। इस मौके पर सहकारिता मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी पैक्स को चरणबद्ध रूप से वित्तीय वर्ष 26-27 तक पूर्ण कंप्यूटरीकृत कर दिया जाएगा। इसके लिए कुल 249 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है जिनमें केंद्र का अंश 149.40 तथा राज्यांश 99.60 करोड़ रुपए है। इस प्रकार इस योजना में 60% केंद्र सरकार द्वारा व्यय किया जा रहा है। प्रत्येक पैक्स में हार्डवेयर सॉफ्टवेयर टाटा डिजिटाइजेशन प्रशिक्षण एवं हैंड होल्डिंग सपोर्ट के लिए 3.91 लाख रुपए का व्यय निश्चित है। उन्होंने बताया कि इस योजना के पहले चरण में राज्य के 4477 पैक्स का चयन किया गया है दूसरे चरण में 1601 पैक्स का चयन किया गया है। मार्च 2024 तक चयनित पैक्सों में हार्ड वेयर स्थापित कर दिया जाएगा। मंत्री द्वारा बताया गया कि पैक्सों के कम्प्युटरीकरण का राज्य के विकास में दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। इसके माध्यम से पैक्स अपने लेखाओं का संधारण दक्षतापूर्वक एवं वास्तविक समय में कर सकेंगे। साथ ही, पैक्स स्थानीय स्तर पर केन्द्रीय सहकारी बैंकों के जमा संग्रह अभिकर्ता (डिपोजिट मोबिलाईजेश एजेंट) के रूप में काम कर सकेंगे एवं ग्राहकों को बैंकिंग सुविधा प्रदान कर सकेंगे। इसका लाभ केन्द्रीय सहकारी बकों एवं पैक्सों के साथ- साथ स्थानीय लोगों को भी प्राप्त हो सकेंगा। साथ ही, पैक्सों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी एवं उनका व्यवसायिक विकास भी सम्भव हो सकेंगा। सहकारिता मंत्री द्वारा बताया गया कि पैक्सों में भारत सरकार की कई योजनाएँ संचालित की जा रही है। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, निबंधक-सहयोग समितियाँ राजेश मीणा, विशेष सचिव बिरेन्द्र यादव एवं नन्द किशोर, अपर सचिव ऋचा कमल, अपर निबंधक मनोज कमार सिंह, अजय कुमार अलंकार एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जदयू-भाजपा के बीच सीट बंटवारा शीघ्र : केसी त्यागी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राजनीतिक सलाहकार केसी त्यागी ने कहा है कि हम एनडीए के संस्थापक सदस्य हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए बना था, तब जार्ज फर्नांडिस इसके संयोजक थे। तभी से आधा दर्जन से अधिक बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव जदयू और भाजपा साथ लड़े हैं। किसी भी चुनाव में कभी किसी प्रकार की तल्खी, विरोध, प्रतिरोध या कोई गलतफहमी दोनों पार्टियों के बीच में नहीं रही है। श्री त्यागी मंगलवार को दिल्ली में बिहार की सीटों के संदर्भ में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार भी लोकसभा चुनाव को लेकर बहुत जल्द



ही सीटों का तालमेल कर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। दोनों पार्टियों के नेता बैठकर सीटों की घोषणा करेंगे। पत्रकार के सवाल पर उन्होंने यह भी कहा कि जदयू और भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में जो सीटें जीती हैं, वो उनकी अमानत हैं। इसी आधार पर दोनों मिलकर आगे बढ़ेंगे।

# भाजपा के मोदी परिवार को मिला जदयू का समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव द्वारा जनविश्वास महारैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवारवाद पर निशाना साधे जाने के बाद भाजपा ने सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' कैंपेन शुरू कर दिया है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी सहित कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपने अकाउंट में अपने नाम के साथ 'मोदी का परिवार' जोड़ लिया है। इधर, भाजपा के इस कैंपेन को जदयू का भी साथ मिला है। जदयू ने अपने एक्स हैंडल से नीतीश कुमार का एक पुराना वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे पूरे बिहार को अपना परिवार बता रहे हैं। उन्होंने आगे कहा है कि कुछ लोगों के लिए पति-पत्नी और बेटा-बेटी परिवार हो सकता है, लेकिन हम लोगों के लिए पूरा बिहार ही परिवार है। इस पुराने वीडियो को शेयर करते हुए जदयू ने लिखा कि पूरे बिहार को हम एक परिवार मानते हैं। उल्लेखनीय है कि लालू ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा था कि 'अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें हांकते रहते हैं। वह एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में एक बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। मोदी ने तब ऐसा नहीं किया जब उनकी मां की मृत्यु हो गई।

# मुख्यमंत्री नीतीश, जदयू नेता खालिद अनवर व हम नेता संतोष सुमन ने भरा पर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसके साथ ही जदयू उम्मीदवार के रूप में खालिद अनवर और नीतीश कैबिनेट में शामिल और हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने भी एनडीए प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया। उनका भी कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू नेता अशोक चौधरी समेत कई नेता मौजूद थे। लगातार चौथी बार विधान परिषद के लिए नामांकन करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके साथ ही अपने सियासी सफर में एक और नया रिकॉर्ड बना दिया। नीतीश कुमार देश के



संभवतः पहले नेता हैं जो एक बार विधायक, 6 लोकसभा सदस्य और 4 बार विधान पार्षद बनेंगे। यानी 11 बार वे अलग- अलग सदनों के लिए निर्वाचन हो रहे है। इतना ही नहीं नीतीश कुमार ने वर्ष 2000 से 2024 तक 9 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। ऐसा करने वाले भी वे देश के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार चाहे विधानसभा, लोकसभा और विधान परिषद के सदस्य बनने का रिकॉर्ड हो या फिर 9 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की, यह इतिहास कायम करने वाले वे देश के पहले नेता हैं। वर्ष 1985 में पहली बार बिहार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए नीतीश कुमार तब से लगातार किसी न किसी सदन के सदस्य हैं। वे विधायक के बाद वर्ष 1989 में बाढ़ संसदीय क्षेत्र से पहली बार सांसद बने। लगातार 5 बार (1989,1991, 1996,1998 और 1999) वे बाढ़ से सांसद रहे। वहीं 2004 में वे नालंदा से लोकसभा के सदस्य बने। इस प्रकार छह बार लोकसभा के लिए निर्वाचित होकर नीतीश कुमार ने अपने नाम एक रिकॉर्ड बनाया। इस बीच 2005 में नीतीश कुमार बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाए और राज्य के मुख्यमंत्री बने। इसके पहले वर्ष 2000 में वे 7 दिनों के लिए पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन तब वे बहुमत साबित करने में सफल नहीं हुए। वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने विधान परिषद का रुख किया। वे पहली बार विधान परिषद के सदस्य बने। उसके बाद से वह लगातार विधान पार्षद ही हैं। उन्होंने चौथी बार विधान पार्षद के लिए नामांकन किया है और उनकी जीत तय मानी जा रही है क्योंकि जीत के लिए विधायकों का जो समर्थन चाहिए, वह संख्या जदयू के पास है। न सिर्फ नीतीश कुमार बल्कि जदयू के खालिद अनवर का भी विधान पार्षद बनना तय है। बता दें कि नामांकन की आखिरी तारीख 11 मार्च है। वहीं, मतदान की तारीख 21 मार्च है। परिणाम 21 मार्च को ही देर शाम घोषित कर दिया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने हाल ही में बिहार विधान परिषद की 11 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा की थी।

C M Y K

# समाहरणालय परिसर से पैसे ऐंठने वाले दो दलाल गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास स्थित जिला मुख्यालय सासाराम समाहरणालय इन दिनों दलालों का अड्डा बना पड़ा है। ऐसे में यहां कथित तौर पर दलाल विभागीय कर्मियों के साथ मिलकर दूर दराज से आने वाले लोगों का काम कराने के नाम पर पैसे वसूल अपनी व कर्मियों की जेबे भरने में लगे हैं। इसी बात की मिली शिकायत के आधार पर मंगलवार को रोहतास के डीएम नवीन कुमार ने खुद संज्ञान लिया। डीएम नवीन कुमार समाहरणालय परिसर में निकल पड़े और सामने खड़े लोगों को देखकर पूछताछ करने लगे। ऐसे में अचानक डीएम के निकलने और पूछताछ करने से आस-पास लोगों में हड़कंप मच गया। दअरसल जिला मुख्यालय सासाराम के समाहरणालय में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति हो गई जब जिलाधिकारी नवीन कुमार ने समाहरणालय परिसर से दो दलालों को खुद पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि आज जिलाधिकारी नवीन कुमार अपने कार्यालय से पैदल ही जीटी रोड का जायजा निकले थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि अनावश्यक रूप से कुछ लोग समाहरणालय के इधर-उधर खड़े हैं जब सख्ती से उन्होंने पूछताछ की तो पता चला कि यह लोग अन्य लोगों के काम करवाने के लिए कार्यालय आए हुए हैं। अलग-अलग विभागों का कई लोगों का काम लेकर वह परिसर में पहुंचे हुए हैं। ऐसे में जिलाधिकारी ने खुद कथित तौर पर खड़े युवकों से पूछताछ करनी शुरू कर दी तो वह लोग स्पष्ट रूप से कुछ भी जवाब नहीं दे पाए जिसके बाद डीएम ने तत्काल दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिए। फिलहाल नगर थाना की पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।



# डीएम ने सेल्फी लेकर वोटर्स जागरुकता की शुरुआत की

## सेल्फी प्वाइंट से फोटो खींचकर पा सकते हैं इनाम, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सौजन्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत कई तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों में आईसीडीएस टीम द्वारा कई तरह की गतिविधियां संचालित की गईं, ताकि वोटर अपने वोट के महत्व को बेहतर तरीके से समझ सकें। इसके लिए भभुआ शहर स्थित समाहरणालय के मुख्य गेट के समीप सेल्फी प्वाइंट बनाकर डीएम द्वारा इसकी शुरुआत की गई। बता दें कि कैमूर के चारों विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के अवसर पर ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान कर सके इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया गया है। इसे आकर्षक ढंग से बनाया गया है। इस क्रम में सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।




# डाककर्मियों की लापरवाही से दुर्गावती की जनता त्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों डाक कर्मियों की लापरवाही से दुर्गावती की जनता त्रस्त है। किसी का एटीएम लौटा देना तो किसी का पासपोर्ट किसी को दे देना या अन्य पार्सल और एटीएम के लिए पैसे मांगना आम बात हो गई है। पासपोर्ट और एटीएम के लिए पैसे यदि नहीं मिलते हैं तो उसके एटीएम और पासपोर्ट को कूड़े में फेंक देना या यह लिखकर लौटा देना कि यह व्यक्ति गांव में ही नहीं रहता है। आधार कार्ड, पैन कार्ड, बच्चों के सर्टिफिकेट कर्मियों की हरकत से उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच पाते हैं जिसके कारण नौकरी का ज्वाइनिंग लेटर, इंटरव्यू पत्र समय से लोगों के बीच नहीं पहुंच पा रहा है। इन सभी परिस्थितियों से तंग आकर एक युवती ने डाक कर्मियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। प्रखंड दुर्गावती के अंतर्गत ग्राम रोहुआ निवासी पीड़िता ममता कुमारी पति प्रमोद कुमार सिंह पोस्ट दुर्गावती जिला कैमूर (भभुआ) के द्वारा 11 नवंबर 2023 को डाकपाल दुर्गावती के समक्ष स्थानीय डाककर्मी के द्वारा आवश्यक कागजात को डिलीवरी के उपरांत पेट्रोल खर्च के रूप में 100 रुपए नहीं देने के कारण भ्रामक प्रतिवेदन समर्पित कर डाक को वापस कर दिया गया, उसके खिलाफ पीड़िता द्वारा पहले डाकपाल दुर्गावती को कार्रवाई करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। परंतु आवश्यक कार्रवाई नहीं होने को लेकर अब डाक निरीक्षक, रोहतास डिवीजन को पत्र लिखा गया है। उक्त के आलोक में डाक निरीक्षक भभुआ ने शिकायत के निपटारे हेतु पीड़िता की उपस्थिति वांछित बताते हुए 6.03.2024 दिन बुधवार को समय 10.30 बजे पूर्वाह्न भभुआ मुख्य डाकघर कार्यालय में बुलाया है।

# झांसा देकर उचक्के दो लाख ले उड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी थाना क्षेत्र के अनुमंडल कार्यालय के समीप से उचक्कों ने बैंक से 2 लाख रुपए निकाल कर आ रहे सुरेंद्र राम निवासी नर्सिंग बीघा थाना डिहरी मुफस्सिल के स्कूटी में टंगे झोले में रखे 2 लाख उड़ा लिए। पीड़ित द्वारा नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वह बैंक ऑफ बड़ौदा की डिहरी शाखा से लगभग 12:30 बजे 2 लाख निकाल कर अनुमंडल कार्यालय से स्कूटी से गए वहां उनके गर्दन में खुजली होने लगी। रुपया का थैला गाड़ी में छोड़कर होटल में हाथ मुंह धोने चले गए। वापस आए तो देखा कि झोला गायब था। पुलिस प्राथमिक दर्ज कर अपराधियों की खोजबीन कर रही है।

# सोन डिला बचाने को लेकर सोन डिला बचाओ मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज।** ब्लॉक परिसर में सोन डिला बचाओ मोर्चा की ओर से सोन डिला की खेती बचाने, रोड पर पसरे बालू से सड़क दुर्घटना में हो रही मौत से जान बचाने, काराकाट के पत्रकार अशोक कुमार के अपहरण एवं हत्या की कोशिश मामले में न्याय लेने तथा हजारों करोड़ का बिहार सरकार को राजस्व देने वाला शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपेक्षित जिला रोहतास में सरकारी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पारसनाथ चौधरी, महेंद्र सिंह जाप जिला अध्यक्ष विशाल कुशवाहा, कलटर चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकारी व्यवस्था में जंग लग चुका है, गरीब भूमिहीनों को सोन डीले की खेती ही उनकी आमदनी की एकमात्र स्त्रोत है। ऐसे में बालू खनन के नाम पर उपजाऊ सोन डीले की खेती को उजाड़ना न्यायसंगत नहीं है। इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए। रोड पर पसरा बालू तथा बालू की हजारों गाड़ियां एवं मोटरसाइकिल, पैदल लोग सभी एक ही सड़क पर चल रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटना बहुत बढ़ गया है। नेतृत्वकर्ताओं ने यह भी कहा कि यह सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि प्रायोजित सरकारी मशीनरी द्वारा मर्डर है। अवैध खनन की खबरें रोज लिखी जा रही है, लेकिन नीतीश सरकार की उदासीनता, पदाधिकारियों एवं खनन माफियाओं के गठजोड़ से राष्ट्रीय नदी को लूटा जा रहा है, पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है और रोहतास जिला की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, बिहार सरकार के राजस्व का बड़ा हिस्सा रोहतास जिले के बालू खनन से जाता है, लेकिन बदले में यहां के लोगों को सरकारी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज की जगह, जर्जर सड़क, जर्जर पुल, पुलिया तथा रोड पर पसरा बालू से सड़क दुर्घटना में मौत नसीब हो रहा है। नेतृत्वकर्ताओं ने तत्कालीन कराकाट प्रखंड के पत्रकार अशोक कुमार के अपहरण एवं हत्या के मामले की जांच कर दोषियों की कड़ी से कड़ी सजा दिया देने की मांग किए। सोन डिला बचाओ मोर्चा के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में नासरीगंज वार्ड 14 के पार्षद सुभाष चौधरी, रोहित चौधरी, राम अवधेश चौधरी, राहुल यादव, सोनू गुप्ता, राम अयोध्या चौधरी, राधिका देवी, रामकली देवी, साइयदशेर जहां, शम्भू चौधरी, तेतरी देवी, सुषमा देवी, दौलतिया देवी, विश्वनाथ चौधरी, जितेश गुप्ता, धनजी यादव, भोला चौधरी शामिल हुए।




# महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग लगाकर मल्हीपुर से मोटरसाइकिल से शराब लेकर आ रहे दो शराब तस्करों को 15 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शराब तस्करों मल्हिपुर से शराब लेकर कैमूर की तरफ जा रहे थे। इसके बाद वाहन चेकिंग लगाकर 15 लीटर देसी महुआ शराब एवं हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम धर्मेंद्र राम, राकेश कुमार दोनों ग्राम मल्हीपुर गांव के निवासी हैं।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक के समीप से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिना नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर जिस पर अवैध बालू लदा था पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# फाइनल मुकाबले में खदौली ने बाजी मारी, एक गोल की बढ़त

## फुटबॉल मैच के फाइनल मुकाबले का जिला पार्षद ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सबार गांव स्थित खेल मैदान में 26 फरवरी से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का अंतिम मुकाबला मंगलवार को रोहतास के चेनारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खदौली बनाम केनार कलां के बीच हुई। फाइनल मुकाबले की शुरुआत जिला पार्षद भभुआ विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल द्वारा बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। खेल शुरू हुआ। दोनों टीमों ने खेल की शुरुआत में बढ़त बनाने के लिए जमकर पसीने बहाए। इस दौरान रामपुर प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों के खेल प्रेमियों सहित रोहतास जिले से आए दर्शकों ने फाइनल मुकाबले का खूब आनंद उठाया। दर्शकों की तालियों से उत्साहित खिलाड़ी विजय के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने लगते। इस तरह दोनों पारियों में दोनों टीमों ने एक - एक गोल दाग कर बराबरी पर रहीं। खेल का निर्णय ट्राई ब्रेकर में हुआ जहां पर खदौली ने अपने प्रतद्वंद्वी टीम केनार कला के गोल पोस्ट में चार गोल दाग दिये। जवाब में उतरी केनार कला की टीम ने विरोधी खेमे के गोल पोस्ट में तीन गोल दागे, मगर एक गोल से पिछड़ गई। सम्मान समारोह के दौरान जिला पार्षद विकास ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही चेनारी के जिला परिषद सदस्य चंदन सिंह व सबार के पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने उपविजेता टीम को संयुक्त रूप से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सबार थानाध्यक्ष विकास कुमार व चेनारी जिला पार्षद चंदन सिंह मौजूद रहे। वहीं खेल के आयोजन में सुरेंद्र सिंह, चंदन यादव मनोज, मदन सिंह, लक्ष्मण चौधरी, ललन सिंह, जेपी यादव, अंबिका पासवान, अरविंद चौधरी, समीरुद्दीन अंसारी, मुकेश राम, हरिबंश राम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# फिश प्लेट की चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** उप निरीक्षक आर के राय के साथ स्टाफ द्वारा गश्त, चेकिंग व आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के दौरान निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार के नेतृत्व में कुदरा खुरमाबाद के मध्य अप लाइन के दक्षिण तरफ बगल में रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग का 2 जुगल फिश प्लेट को चोरी कर ले जाते हुए एक व्यक्ति प्रदीप कुमार उम्र 26 वर्ष पिता हिरामन चंद्रवंशी निवासी खुरमाबाद वार्ड 03 थाना चेनारी जिला रोहतास (बिहार) को पकड़ा गया। पूछने पर उसने बताया कि उक्त रेल संपत्ति को कुदरा स्टेशन के पास रखे ढेर से मौका पाकर चुराया हूं। मौके पर ही बरामद रेल संपत्ति व उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर सासाराम पोस्ट लाया गया जहां पोस्ट पर मुकदमा अंतर्गत धारा-3 आर पी (यूपी) एक्ट दर्ज कर जांच का भार सहायक उप निरीक्षक भी. एस. मौर्य को सौंपा गया। बरामद रेल संपत्ति का अनुमानित मूल्य-2400/- रुपए आंका गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को रेल न्यायालय गया के समक्ष पेश किया जाएगा।




**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–67 ऑफ 2023–24/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई – निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं0–42–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–23–24, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल इंजीनियर (II)/डीडीयू के अधीन डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन पर 01 सेट (02 एस्केलेटर) का प्रावधान।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹ 7423815.01, (iii) धरोहर राशि : ₹ 148500.00,**
● **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 27.03.2024 को 12.00 बजे तक, ● वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : **www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल,**
**पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल**
पीआर/02444/डीडीयू/ईंजी./टी/23–24/36


# मंदिर में बैठने पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहदीगंज वार्ड नंबर 15 निवासी दीपक कुमार पासवान ने उसी मोहल्ले के पांच लोगों पर शिव मंदिर में बैठने के कारण जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने का आरोप एससी एसटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लगाया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि सोमवार को अपने मोहल्ले के शिव मंदिर के पास बैठे थे तभी अनिल कुमार यादव, उमाशंकर यादव, बृजनंदन यादव, उमेश यादव तथा अनिमेष चंद्रवंशी आए और मुझे जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मंदिर से भाग जाने को कहा। मेरे द्वारा विरोध करने पर वे सभी मुझे लात मुक्का से मारने लगे। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# विहिप की बैठक में डॉ दिनेश शर्मा जिलाध्यक्ष मनोनीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व हिंदू परिषद, दक्षिण बिहार की तीन दिवसीय प्रान्त कार्यसमिति की बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा मनोनित किए गए। बजरंग दल जिला संयोजक व मीडिया प्रमुख दीपक दास के अनुसार विहिप की प्रान्त कार्यसमिति की बैठक में दक्षिण बिहार प्रांत मंत्री परशुराम कुमार ने जिले का दायित्व दिए। जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष विभाग मंत्री (रोहतास विभाग) विकास कुमार, विभाग सेवा प्रमुख पंकज कुमार उर्फ गोपी कुमार डिहरी निवासी को बनाया गया। जिला सह मंत्री अनिल यादव नासरीगंज निवासी को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल चौबे, जिला परियोजना प्रमुख धर्म प्रसार रोहतास कुणाल कुमार, जिला मिलन केंद्र प्रमुख दिलीप कुमार, जिला गौरक्षा प्रमुख रोहतास रणधीर कुमार, जिला सह संयोजक चंदन कुमार व अंकित गुप्ता को बनाया गया। नई टीम को विहिप के अंशूल कश्यप, अर्जुन प्रसाद केशरी, भोला चौहान, धर्मवीर सिंह, दीपक दास, अमन चौधरी, पप्पू कुमार, दीपक गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विकास पहलवान, नीरज कुमार, दीपक मेहता आदि ने बधाई दी। बजरंग दल के वरिष्ठ पदाधिकारी को भाजपा विधानसभा सह संयोजक अमित पटेल के द्वारा सर्वप्रथम सभी को तिलक लगाकर अंग वस्त्र पुष्प की माला एवं भगवत गीता देकर सम्मानित किया और सभी को लड्डू खिलाकर बधाई दिया गया। नए पद पर चयन होने के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी।




**कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**

बिहार सरकार

**सैरातो की बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना संख्या– 02/2023–24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रफीगंज की सशक्त स्थायी समिति में पारित प्रस्ताव के आलोक में नगर पंचायत, रफीगंज क्षेत्रान्तर्गत परिचालिक वाहन हेतु सैरातो की बन्दोबस्ती तथा खूले डाक द्वारा वर्ष 2024–25 के लिए दिनांक– 25.03.2024 को 11:00 बजे पुर्वाहन में नगर पंचायत, रफीगंज के सभा कक्ष में सशक्त स्थायी समिति के समक्ष निष्पादन किया जाएगा :–

| क्र०सं० | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की सूरक्षित राशि | डाक बोलने से पूर्व जमा की जाने वाली प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | बस स्टैन्ड की बन्दोवस्ती | 10,70,000/- | 2,14,000/- |
| 02. | रफीगंज चरकावां बजार बन्दोवस्ती | 2,65,000/- | 53,000/- |
| 03. | चौक बाजार की बन्दोवस्ती | 3,18,500/- | 63,700/- |

1. निबन्धंन हेतु 5000/- (पाँच हजार) रूपया नगद शुल्क जमा कर स्वहस्तलिखित आवेदन के साथ परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, GST निबंधन (अद्यतन), वर्ष– 2023–24 का आय कर का रिर्टन, जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक द्वारा आचरण प्रमाण–पत्र (6 माह) के अन्दर का निर्गत हो, अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आवासीय प्रमाण–पत्र छः माह के अन्दर निर्गत हो एवं नगर पंचायत, रफीगंज के किसी भी प्रकार का बकाया नहीं होने का अनापति प्रमाण पत्र सभी स्व० अभिप्रमाणित कर अधोहस्ताक्षरी को दिनांक– 21.03.2024 तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
2. डाकवक्ता दिनांक– 31.03.2024 के पूर्व स्वयं के व्यय से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–605, दिनांक– 16.08.2018 के अनुसार उच्चतम डाक राशि @6% मुद्रांक शुल्क का स्टाम्प और निबंधन अधिनियम, 1908 के अनुच्छेद–A(3)(B) के अनुसार @2% की दर से निबंधन शुल्क की राशि को अलग से जमा कर एतद् संबंधी एकरारनामा कर लेगें। तभी उन्हे कर वसूली का सक्षम प्राधिकारी बनाया जा सकेगा।
3. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक– 25.03.2024 को डाक सम्पन्न नही हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम/शर्तो के अधीन अगले दिन दिनांक– 28.03.2024 या दिनांक– 30.03.2024 को उपर्युक्त समय पर कराया जाएगा।

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, रफीगंज**

**PR. No. 018847 (B&C) 2023-24**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा संख्या : TRD-ST2-AMC-SCADA-CPU-23-24,, क्र.सं. 01 कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Comprehensive Annual Maintenance contract (AMC) for SCADA system for Garhwa Road - Singrauli section (incl. KRLR-SKTN) of Chopan RCC in Dhanbad division for four (04) years. कार्य समापन की अवधि– (48) अड़तालीस माह।, **क्र.सं. 02 कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 81,57,236/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य, **क्र.सं. 03 बीड सिक्युरिटी :** रु. 1,63,200/–, **क्र.सं. 04 ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि : 27.03.2024 को 11:00 बजे।, ई–निविदा खुलने की तिथि : 27.03.2024 को 11:30 बजे। **क्र.सं. 05 वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएँगें।

**मं.रे.प्र./क.वि., पू.म.रेल, धनबाद**
पीआर/02448/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23–24/32


# विहंगम योग का त्रिदिवसीय सन्त समागम का शुभारंभ आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सद्गुरु आचार्य श्री धर्मचंद्रदेव जी महाराज की 105वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर 5100 कुण्डीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ एवं संत समागम महर्षि सदाफल देव आश्रम, कटार वडीहा, डिहरी ऑन-सोन, रोहतास में 6 से 8 मार्च तक मनाया जायेगा जिसका शुभारम्भ 7.00 प्रातः 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण के साथ होगा। प्रथम परंपरा सद्गुरु आचार्य श्री धर्मचंद्र देव जी महाराज का परम पुनीत प्रादुर्भाव फागुन कृष्ण त्रयोदशी महाशिवरात्रि सन 1919 ईस्वी दिन शुक्रवार को हुआ था। आगे चलकर आपको सन 1954 ईस्वी माघ शुक्ल पंचमी को ब्रह्मविद्या विहंगम योग के प्रथम परंपरा सद्गुरु का पद अनंत श्री सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज द्वारा अपने शरीर का परित्याग करने के पूर्व प्रदान किया गया। प्रथम परंपरा सद्गुरु आचार्य श्री धर्मचंद्र देव जी महाराज वैदिक वांग्मय, दर्शन, संत-साहित्य के प्रकांड विद्वान थे। आपकी सशक्त लेखनी द्वारा जिन अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथों की रचना की गई है, वे सभी आपका यशोगान करते प्रतीत होते हैं? स्वर्वेद-भाष्य प्रथम एवं द्वितीय खंड आपकी रचनाओं में प्रमुख है। प्रथम परंपरा सद्गुरु ने विहंगम योग के सिद्धांत एवं साधना को स्पष्ट धरातल प्रदान किया। विहंगम योग अपनी सशक्त साधना-पद्धति के लिए जाना जाता है। यह एक ऐसी पद्धति है जो मात्र 10 मिनट के नियमित अभ्यास के द्वारा आपकी पूर्ण आत्मिक शक्ति को जागृत कर देती है। त्रिदिवसीय समारोह में 6 एवं 7 मार्च को सायंकालीन सत्र संध्या 5 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें प्राणायाम, ध्यान के साथ-साथ संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज की दिव्य वाणी जय स्वर्वेद कथा सुनने का अवसर सभी भक्त शिष्य श्रद्धालु एवं अध्यात्म पिपासुओं को प्राप्त होगा।
8 मार्च को प्रातः 7:00 बजे आसन प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र, 10 बजे से विश्व शांति वैदिक महायज्ञ एवं सायंकालीन सत्र में संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वे कथा एवं रात्रि 8:00 बजे से सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज की अमृतवाणी का रसपान करने का सुअवसर सभी भक्त, शिष्य एवं श्रद्धालुओं प्राप्त होगा। कटार आश्रम पर देश के विभिन्न राज्यों से सद्गुरुदेव के भक्त-शिष्य साधक एवं श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो चुका है। कार्यक्रम स्थल पर ही सभी के लिए उचित निःशुल्क आवास की व्यवस्था की गई है। इस पावन अवसर पर तीनों दिन निःशुल्क भण्डारा की भी व्यवस्था सभी भक्त शिष्य श्रद्धालुओं के लिए की गई है। कार्यक्रम स्थल का सम्पूर्ण निरीक्षण एवं कार्यक्रम की व्यवस्था की समीक्षा के निमित्त कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक कटार आश्रम के प्रांगण में हुआ जिसमें मुख्य रूप से बिहार विहंगम योग सन्त समाज के प्रधान परामर्शक ददन सिंह संरक्षक डी एन सिंह रामचन्द्र तिवारी रोहतास जिला विहंगम योग सन्त समाज के सचिव नवल किशोर सिंह, समन्वयक संतोष कुमार गुप्ता, भृगुनाथ सिंह, अमरंजय दूबे, आदित्य सिंह, कामेश्वर सिंह पीयूष जी के साथ ही अनेक सेवाभावी शिष्य-शिष्या उपस्थित रहे।




**आवश्यकता**

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में भोला प्राथमिक-सह-मध्य संस्कृत विद्यालय, रहिकपुर, मधुबनी में 01 सहायक शिक्षक की आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक कोटि-UR(F )योग्यता-मध्यमा / मैट्रिक का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
**(2) उम्र सीमा:** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों को 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगी।
(3) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
(4) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भता देय नहीं होगा।
(5) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।
(6) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों की सेवा शर्त नियमावली-2015 को अनुरूप होगी।

**सचिव**
**भोला प्राथमिक-सह-मध्य संस्कृत विद्यालय,**
**रहिकपुर, मधुबनी**



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**

**( लापता मिथुन बैठा, उम्र 16 वर्ष करीब )**



केतार थाना दैनिकी सं0–13/24, दिनांक–17.02.2024 में लापता मिथुन बैठा, उम्र 16 वर्ष करीब, पिता–सतन बैठा, माता–संगीता बैठा ग्राम–नावाडीह, पो0–केतार, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, जो दिनांक–15.02.2024 को घर से लापता है। उक्त लापता लड़का का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– रंग–गेहुआ, उंचाई–05 फिट 03 इंच, बायें बॉह पर जला हुआ निशान, पहनावा–पिला रंग का फुल सर्ट, काला रंग का फुल पैन्ट, जुता–ग्रे रंग का।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 321566 Police(23-24)D


C M Y K

# नवादा में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत हुई हैं, जिसमें एक लखीसराय निवासी युवक की मौत हो गयी है। युवक अपने बाइक से लखीसराय जा रहा था, तभी जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के मेघीपुर के समीप ओवरटेक के कारण बाइक दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में एक बाइक तो आगे निकल गई, परन्तु दूसरा बाइक सवार की घटनास्थल पर हीं मौत हो गयी। मृतक की पहचान लखीसराय शहर के वार्ड नंबर 13 पुरानी बाजार संतरा मोहल्ला निवासी श्याम मंडल के 32 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में किया गया है, सादे रंग की अपाची बाइक के ठोकर से टकराते हुए दूर खेत में घसीटते हुए जा गिरा। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर





ही हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पंहुचकर मामले की जांच कर उसे पकरीबरावां अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

दुसरी घटना नारदीगंज थाने की है। पटना रांची सड़क मार्ग पर केना मोड़ के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना बीते सोमवार को देर शाम में घटी। मृतक की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के पन्डपा निवासी स्व. शिवचरण सिंह का 61 वर्षीय पुत्र सुरेश प्रसाद सिंह के रूप में की गई है। घटना की खबर मिलते पर स्वजन में शोक की लहर दौड़ पड़ी। घटना की सूचना होते ही आसपास के लोग दौड़े, दुर्घनाग्रस्त व्यक्ति को जख्मी हालत में देखकर हतप्रभ रह गए और उपस्थित लोगों ने तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया, घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के उपरांत शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया। इधर,घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। बताया जा रहा है कि मृतक पन्डपा निवासी सुरेश प्रसाद सिंह पटना रांची सड़क मार्ग में केना सराय मोड़ पर होटल में कार्य करता था, वह सोमवार को देर शाम में खैनी लाने के लिए सड़क पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसे हो गया। मृतक को चार पुत्रों थे। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण हो रहा था। मृतक के आश्रितों ने आपदा प्रबंधन से सहयोग राशि देने की मांग जिला प्रशासन से की है।

# कामाख्या एक्सप्रेस का ठहराव तिलैया जंक्शन पर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सांसद चन्दन सिंह ने गाड़ी संख्या- 15619 /15620 गया - कामाख्या-गया (सप्ताहिक) एक्सप्रेस का तिलैया जंक्शन स्टेशन पर ठहराव का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। गया-कमाख्या एक्सप्रेस गाड़ी संख्या- 15619 का आगमन/प्रस्थान तिलैया स्टेशन पर दोपहर 13.48/ 13.50 बजे एवं गाड़ी संख्या - 15620 का प्रातः 04.06/04.08 बजे ठहराव के साथ आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन के ठहराव शुरू होने से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले जनमानस को किऊल होते हुए कमाख्या आने-जाने में काफी सहुलियत होगी।



इस अवसर पर सांसद चन्दन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस ट्रेन के ठहराव दिये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अश्विनी वैष्णव रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर दानापुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), एेनुपम कुमार चंदन एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी सहित यात्री जनमानस भी मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को ले थाना प्रभारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के मार्गदर्शन में पुरूषोत्तम मिश्र, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में 09 मार्च 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में आज को जिले के थाना अध्यक्षों/थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत किये गये तामिला प्रतिवेदन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिस थाना से कम नोटिसों का तामिला प्राप्त हुआ है उस थाना



के थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत देते हुए शत प्रतिशत तामिला कराने का निर्देश दिया गया। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उपस्थित थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक नोटिसों का तामिला करवायें एवं पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए पंचायत एवं ग्राम स्तर पर पहल किया जाए क्योंकि निर्गत नोटिसों के तामिला के आधार पर ही लोक अदालत की सफलता निर्भर करती है। इसलिए निर्गत नोटिसों के शत-प्रतिशत तामिला पर बल दें। बैठक के क्रम में संबंधित थानों में तामिला हेतु भेजे गए नोटिसों के अधिक से अधिक तामिला करवाने एवं तामिला प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन सुलह समझौते के आधार पर किया जा सके साथ ही नवादा न्यायमंडल में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय वादों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए नवादा न्यायमंडल के वरीय एवं सम्मानित अधिवक्ताओं एवं जिला अधिवक्ता, संघ नवादा के अध्यक्ष एवं महासचिव संतशरण शर्मा, गौरी शंकर प्रसाद सिन्हे, प्रमोद कुमार वर्मा, संजय कुमार प्रियदर्शी, मो साजिद अयुब खान, तब्बसूम मेहर, अंजनी कुमार आदि गणमान्य अधिवक्तागण शामिल हुए।

# आईरा पत्रकार संगठन ने मनाई 10वीं वर्षगांठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले में आईरा इंटरनेशनल पत्रकार संगठन की 10वीं वर्षगांठ पुरे धूमधाम से मनाई गई। उक्त मौके पर रजौली अनुमंडल स्थित मां बसंती भवन में मंगलवार को भारत का सबसे बड़ा मीडिया संगठन आईरा एसोसिएशन का दसवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी का आगाज दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आईरा से जुड़े पत्रकारों ने केक काट कर खुशियां मनाई। इस दौरान संगठन के मजबूती और उसके विस्तार पर चर्चा की गई। प्रखंड व अनुमंडल के पत्रकारों का लिस्ट जारी करने की मांग की गई। इसके अलावे कोष का गठन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सनोज कुमार संगम ने बताया कि पत्रकारों को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। जिस पत्रकार को अपने अधिकारों की ही जानकारी नही होगी, वह पत्रकार फील्ड में जाकर कोई काम नही कर पायेगा। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने आईरा की स्थापना और उद्देश्यों के विषय में बताया और कहा कि मात्र दस वर्ष में आईरा ने जो मुकाम हासिल किया है। वो दूसरे संगठन 20 साल में भी नहीं हासिल कर पाते हैं। नवादा नगर अध्यक्ष प्रभात दयाल ने बताया कि आईरा एकलौता ऐसा संगठन है, तो निःस्वार्थ भाव से बगैर किसी लाभ की अपेक्षा के पत्रकारों के हित के लिये कार्य करता है। संगठन भारत देश का एकमात्र ऐसा संगठन है जो देश के 24 राज्यों में पत्रकारों के लिए कार्य कर रहा है। संगठन में काम न करने वालों की कोई जगह नही है, संगठन में अनुशासन हीनता किसी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी।

# जमीन विवाद में मारपीट, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** एक व्यक्ति की जमीन विवाद में मारपीट हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना नगरनौसा थाना क्षेत्र के बड़ीहा गांव का है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहाशरीफ सदर अस्पताल भेज अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। घटना के संबंध में मृतक का भतीजा मिथुन कुमार ने बताया कि बीते 3-4 महीने से परिवार में ही एक कट्ठा जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा है, उसी विवाद में आज परिवार के दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और मारपीट की बात सुनकर स्व. बाडू पासवान के 62 वर्षीय पुत्र छेदी पासवान बचाने गए तो एक पक्ष के लोगों ने हाथापाई कर धक्का दें दिया। जिससे अधेड़ की गिरकर मौत घटनास्थल पर ही हो गई। नगरनौसा थानाध्यक्ष शैलेश झा ने बताया कि मारपीट के दौरान किसी ने धक्का दें दिया। जिससे वह पीसीसी सड़क पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है, मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## करंट लगने से युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर गांव में मंगलवार को करंट के संपर्क में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान माधोपुर गांव निवासी स्व. बहादुर केवट के (25) वर्षीय बेटे सुनील केवट के रूप में की गई है। घटना के संदर्भ में मृतक के परिजन ने बताया कि युवक मंगलवार की सुबह फसल पटवन को लेकर खेत गया हुआ था। जहां पूर्व से गिरे विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब खाना देने के लिए घर के सदस्य खेत पहुंचे, जहां देखा कि बिजली तार के संपर्क में युवक आया हुआ है। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को बुलाया, बिजली तार के संपर्क से युवक को हटाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की माने तो रविवार की रात आई आंधी के कारण खलिहान में विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिर गया था। जिसके संपर्क में आने से युवक की मौत हो गई।

# प. बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ममता बनर्जी के संरक्षण में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा महिलाओं पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को अभाविप बिहार श्री इकाई द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री निधी कुमारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ छल कपट पूर्वक यौन शौषण एवं उनकी अस्मिता का हनन जिहादी समूह द्वारा किया जा रहा है। अधिकांश पीड़ित महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की हैं। संदेशखाली की महिला विरोधी वीभत्सता के विरोध में खड़ा होना यह हमारा दायित्व है। इस मौके पर जिला




संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि उत्तर चौबीस परगना जिले के संदशेखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण उनकी उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। अभाविप मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना से आहत है। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सज्जन कुमार ने कहा कि संदेशखाली की घटना देश के लिए बेहद शर्मनाक है और यह कृत्य पश्चिम बंगाल में महिलाओं के प्रति टीएमसी के दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यम कुमार, साहिल मेहता, सुमन देव, ऋषिकेश धरमर्पाल कुमार, यश चौहान, संजीव कुमार, प्रिया कुमारी, आरती कुमारी, कोमल कुमारी समेत सैंकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पत्रकार के आकस्मिक निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पत्रकार गोपाल कुमार का आकस्मिक निधन मंगलवार की सुबह हो गई। उनके निधन की खबर सुनते ही जिला से लेकर अनुमंडल एवं प्रखंड के पत्रकारों के साथ-साथ राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार गोपाल कुमार के निधन की खबर सुनते ही नालन्दा जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमल किशोर प्रसाद एवं अनुमंडल पत्रकार के साथ प्रखंड के पत्रकारों ने मृतक पत्रकार गोपाल कुमार के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर सत्वानां दिया। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमल किशोर प्रसाद ने कहा की गोपाल कुमार हम लोगों के हर दिल अजीज थे। वह निर्भिक एवं युवा पत्रकार थे उनके निधन से जिला पत्रकार संघ को अपूर्णीय क्षति पहुंची



है। जिसकी भरपाई भविष्य मे पुरी नहीं की जा सकती है। मृतक गोपल कुमार अपने पीछे पत्नी एवं एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ इस दुनिया से चले गए है। दुःख व्यक्त करने वालों मे जिला पत्रकार संघ के सरक्षंक चंद्रमणि पांण्डेय, कोषाध्यक्ष मो. जिआउद्दिन, राकेश कुमार, मुरलीधर केशरी, उपेन्द्र कुमार, रवि ज्योति, अनुज कुमार, संतोष कुमार पार्थ, अजीत केशरी, रामबाबू सरर्फा, भाजपा नेता विरेन्द्र गोप, उजाला कुमार सोनी, उमेश पासवान, विनय प्रसाद, शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, सहित कई लोग शामिल है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी को पुन: पीएम देखने की चाहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में केन्द्र सरकार से लाभ लेनेवाले लाभार्थी से मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तरफ से नमस्ते किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पसई, ननौरा, परमा, खुशहाल बिगहा, सहजपुरा समेत अन्य गांव गये, और लाभार्थी के दरवाजा पर स्टिकर लगाया, उसके बाद उन्होंने लाभार्थियों के नंबर केन्द्र सरकार के पोर्टल पर मिस्ड कॉल भी करवाया। सभी अभ्यर्थी मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की बात कही।

## ईंट भट्ठे से भारी मात्रा में जंगली लकड़ी जब्त, मुंशी समेत तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के मुरहेना पंचायत के पहवा गांव स्थित ईंट भट्ठा के परिसर से बीती रात्रि वन कर्मियों ने भारी मात्रा में जंगली लकड़ी को जब्त किया। वहीं ईंट भट्ठा के मुंशी एवं दो अन्य काम करने वाले लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। रेंजर मनोज कुमार ने कहा कि बीती रात्रि गुप्त सूचना मिली कि पहवा निवासी रामोतार यादव के पुत्र विनय यादव के ईंट-भट्ठा पर हरे भरे जंगल से लकड़ी काटकर उपयोग किया जा रहा है।सूचना के आलोक में वनकर्मियों की एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान ईंट-भट्ठा के परिसर में पड़े रहे लगभग एक ट्रैक्टर जंगली लकड़ी को जब्त किया गया। वहीं ईंट-भट्ठा के मुंशी परनाडावर थाना क्षेत्र के सुखनर गांव निवासी शुकर प्रसाद के पुत्र राजकुमार प्रसाद एवं कुम्हरुआ गांव निवासी मुंद्रिका प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार एवं विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है। रेंजर ने कहा कि जब्त जंगली लकड़ी को वन कार्यालय परिसर में रखा गया है। वहीं गिरफ्तार लोगों एवं ईंट-भट्ठा मालिक के विरुद्ध वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार लोगों को मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई के मौके पर वनपाल, वनरक्षी एवं टेकर भी मौजूद रहे।

# कौआकोल बीडीओ के खिलाफ आरोप पत्र गठित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चांद के विरुद्ध नवादा डीएम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार सहित मनमाने ढंग से विभागीय कार्य करने का आरोप सत्य प्रमाणित होने के बाद डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई हेतु ग्रामीण विकास विभाग,बिहार सरकार पटना के सचिव को पत्राचार किया है। साथ ही उनके विरुद्ध आरोप पत्र 'प्रपत्र क' का भी गठन किया गया है। इस कार्रवाई के बाद प्रखण्ड कार्यालय में हड़कंप मच गया है। ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार पटना के सचिव को अपने पत्रांक-160/वि0, दिनांक-01-03-2024 के माध्यम से किए गए पत्राचार में नवादा डीएम ने लिखा है कि कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चांद के विरुद्ध प्राप्त परिवाद पत्र के आलोक में मामले की जांच कराई गई। जांच पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए दो अलग-अलग जांच प्रतिवेदन में परिवाद पत्र में बीडीओ के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को सही पाया गया। जिसके बाद बीडीओ के विरुद्ध प्रपत्र क का गठन कर कार्रवाई हेतु विभाग को लिखा गया है। बता दें कि कौआकोल प्रखण्ड के प्रमुख रीना राय एवं उप प्रमुख अनन्त कुमार ने बीडीओ पर आवास योजना,कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए विभाग से जांच की मांग की थी। उक्त आलोक में बीडीओ के विरुद्ध डीएम स्तर से कार्रवाई की गई। प्रमुख रीना राय एवं उनके प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि बीडीओ पर कार्रवाई नहीं होने पर उनके द्वारा उच्च न्यायालय का भी शरण लिया जाएगा।

# छह शराब विक्रेता और 27 शराबी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ में मंगलवार को नोडल छापेमारी अभियान के तहत 6 अवैध शराब विक्रेताओं और 27 पीने वालों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान 131 लीटर आईडी, 3 एफएल और 7000 किलोग्राम किण्वित जावा को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। छापेमारी नगरनौसा, चिकसौरा, बिहारशरीफ, सिलाव और दीपनगर में विभिन्न स्थानों पर की गई। एक स्कूटी भी जब्त की गई है। उत्पाद अधीक्षक उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि यह छापेमारी



अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाया गया एक अभियान का हिस्सा है। हमलोगों को अवैध शराब के खतरों के बारे में जागरूक करना चाहते हैं और इस अपराध को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करना चाहते हैं।

# आवासीय प्रेरणा विद्या मंदिर रुपौ का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** आवासीय प्रेरणा विद्या मंदिर रुपौ के वार्षिकोत्सव का उद्घाटन फीता काटकर मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल कुमार, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के पूर्व प्राचार्य सुखदेव प्रसाद सिंह, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रधानाध्यापक अनूप यादव आदि अतिथि के रुप में उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के अवसर पर आए हुए अभिभावक एवं बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि अभिभावक बच्चों को पहचाने और उन्हें अच्छा बनाने में माता-पिता और परिवार जो प्रथम शिक्षक और घर प्रथम पाठशाला होता है उसकी बड़ी भूमिका होती है। इसलिए माता-पिता को अपने घर का वातावरण ठीक रखना चाहिए। रूपौ जैसे ग्रामीण इलाके में विद्यालय की स्थापना करने के लिए आवासीय प्रेरणा विद्या मंदिर के निदेशक मुकुंद कुमार को उन्होंने बधाई दी और उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालन में जो भी सहायता की आवश्यकता होगी मैं भरपूर सहयोग करते रहूंगा। निदेशक मुकुंद ने अपने स्वागत भाषण में मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष सहनिदेशक अनुज सिंह को शिक्षा जगत में नवादा की धरती पर शानदार कार्य करने के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी। स्वागत करते हुए मुकुंद कुमार ने कहा कि डॉक्टर अनुज कुमार सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इलाके के प्रसिद्ध गायक जितेंद्र- धर्मेंद्र ने भी अपने गीत गानों से सभी का भरपूर आनंद वर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार सहित सभी शिक्षक और हजारों अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।

# गलत साइड से आ रहे हाइवा ने ट्रक में मारी टक्कर, चालक भर्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया स्थित एनएच-20 पर गलत साइड से आ रहे एक हाइवा ने सामने से आ रही एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से हाइवा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच सड़क पर से वाहनों को किनारे करने में जुट गई ताकि आवागमन बाधित न हो सके। बताया जाता है कि सोमवार की देर रात्रि लगभग दो बजे हरदिया सेक्टर ए के पास छोड़े गए कट से जांच चौकी के तरफ आ रही हाइवा संख्या जेएच10बीएल6724 गलत साइड से प्रवेश कर बांके मोड़ स्थित धर्मकांटा पर वजन कराने जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ नवादा की ओर

**फोरलेन पर यू टर्न नहीं रहने से सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी**

से एक ट्रक संख्या जेएच12जी9048 आ रही थी। इसी दौरान रात्रि में लाइट में स्पष्ट दिखाई नहीं देने से हाइवा और ट्रक में टक्कर हो गई। घटना के दौरान एक जोरदार आवाज भी हुई, जिससे सड़क किनारे स्थित घरों के लोग भी भयभीत हो गए।

फोरलेन में यू टर्न नहीं रहने से सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी : बीते कुछ दिनों पूर्व प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह बड़े ही बेहतर तरीके से मनाया गया। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बिना



हेलमेट के घूम रहे दोपहिया वाहन चालकों से जुर्माना की राशि भी वसूली गई एवं कड़ी हिदायत भी दिया गया। वहीं कई निजी कारों से भी सीट बेल्ट आदि का जुर्माना कर लोगों को सुरक्षित चलने की सलाह दी गई। वहीं बीते वर्ष 27 जून 2023 को तत्कालीन डीटीओ अनुराग कौशल के नेतृत्व में एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, एसडीपीओ पंकज कुमार, एनएचएआइ के पदाधिकारियों एवं अनुमण्डल अंतर्गत सभी थानाध्यक्ष एवं सीओ के साथ मीटिंग कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र एवं मोड़ को चिन्हित कर दूर करने के उपाय आदि को लेकर प्रतिवेदन भी सुपुर्द करने को निर्देश दिए गए थे।अखबारों में खबरों के प्रकाशन के बाद फोरलेन के आसपास रहे घनी आबादी वाले ग्रामीणों को आशा थी कि अब कुछ निष्कर्ष निकलेगा किन्तु स्थिति पूर्ववत ही बनी रही। ऐसा लगता है मानों फिर जब सड़क सुरक्षा सप्ताह आदि अभियान आता है तो जिले से लेकर स्थानीय पदाधिकारी सक्रिय होतें है। फिर बाद में शिथिलता के कारण समस्याएं बनी रहती है। जबकि एनएच-20 व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक है। फोरलेन सड़कों में सुरक्षा के मानकों को दूर रखकर ग्रामीणों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है।पदाधिकारी से लेकर आमलोग शॉर्टकट हेतु गलत साइड से करते हैं आवागमन

अनुमण्डल कार्यालय भी एनएच-20 के किनारे अवस्थित है। जहां प्रत्येक दिन एसडीओ, एसडीपीओ, डीसीएलआर, सब रजिस्ट्रार, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अलावे अन्य कर्मी एवं ग्रामीण भी प्रतिदिन रजौली से अनुमण्डल कार्यालय जाते हैं किंतु लौटते वक्त लगभग सभी लोग अनुमण्डल कार्यालय से गलत साइड में चलकर बांके मोड़ तक पहुंचते हैं। उसके बाद डाकबंगला चौराहा होते हुए अपने-अपने सरकारी आवास एवं निजी आवास जाते हैं।

# आयुष्मान कार्ड नहीं बनने से ग्रामीण हो रहे परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के सभी 15 ग्राम पंचायतों में राशनकार्ड धारियों एवं उनके सदस्यगणों का आयुष्मान कार्ड सुचारू रूप से बन रहा है। किंतु नगर पंचायत वासियों के योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहा है। इससे नगर पंचायतवासी काफी परेशान हैं। हद तो तब हो गई जब बिना जानकारी के कुछ वार्ड पार्षद के प्रतिनिधिओं एवं जनवितरण विक्रेताओं द्वारा मंगलवार को स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप में यह मैसेज वायरल किया गया कि नगर पंचायत वासियों का आयुष्मान कार्ड प्रखण्ड के आरटीपीएस काउंटर पर बन रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े लोगों ने मैसेज देखकर प्रखण्ड के आरटीपीएस काउंटर पर पहुंचकर कतार लगाना शुरू कर दिए। किन्तु जब आयुष्मान कार्ड बनाने वाली वेबसाइट को खोला गया तो पूर्व की भांति ही सारा विवरण एवं आधार ओटीपी एवं मोबाइल ओटीपी के सबमिट होने के बाद वेबसाइट पर न तो कहीं टकुआटांड़ दिख रहा है और न ही कहीं नगर पंचायत रजौली दिख रहा है। नगर पंचायत के पुरानी बस स्टैंड निवासी मुरारी प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा राशनकार्ड धारियों के लिए 2 मार्च से 12 मार्च तक आयुष्मान कार्ड बनवाने की तारीख तो निकाली गई है। किंतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए वे जब पीएचसी कार्यालय, प्रखण्ड के आरटीपीएस काउंटर एवं कॉमन सर्विस सेंटर आदि जगह गए तो भी उनका आयुष्मान कार्ड अबतक नहीं बन पाया है। कारण पूछे जाने पर सभी ऑपरेटर कहते हैं कि रूलर वाले ऑप्शन में टकुआटांड़ पंचायत का नाम नहीं है। वहीं जब अर्बन ऑप्शन को चुना जाता है, तो रजौली नगर पंचायत का नाम नहीं मिलता है। जबकि हिसुआ, नवादा एवं वारसलीगंज का नाम आता है। ऐसी स्थिति में कई कॉमन सेंटर संचालक एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से नगर पंचायत वासी किसी दूसरे गांव के नाम पर आयुष्मान कार्ड बनवा रहे हैं, जो कि सम्भवतः गलत है। क्योंकि बाद में ऐसे लाभार्थियों को लाभ लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस बात पर नगर पंचायत में लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि कार्यालय से जिलाधिकारी नवादा को इस समस्या से अवगत कराया गया है। जल्द ही वेबसाइट में सुधार होने की संभावना है।

# गांधी मैदान के मेंटेनेंस के लिए कमेटी गठन को जिलाधिकारी ने सरकार को लिखा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** स्थानीय गांधी मैदान के विकास एवं अनुरक्षण के लिए ज़िला पदाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एसएम ने गांधी मैदान विकास समिति का प्रस्ताव प्रधान सचिव खेल विभाग को भेजा है। पटना गांधी मैदान के तर्ज पर गया गांधी मैदान के रखरखाव (मेंटेनेंस) हेतु कमेटी गठन के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। तत्काल समय में किसी प्रकार का भी मेंटेनेंस नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों के द्वारा गांधी मैदान में सुबह एवं शाम में भ्रमण (मॉर्निंग एव इवनिंग वाक) किया जाता है, उन्हें काफी दिक्कत होती है। साथ ही विभिन्न प्रकार के कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं संस्कृति के विकास आदि कार्यों के लिए भी गांधी मैदान का उपयोग किया जाता है। ऐसी स्थिति में आम जन मानस को सुविधा मुहैया कराने एवं इसके समुचित रखरखाव की व्यवस्था तथा अवसंरचनात्मक विकास की आवश्यकता महसूस की गई। संरचनाओं को बेहतर बनाने एवं डेली मेंटेनेंस की आवश्यकता है। इसी क्रम में समिति के इस प्रस्ताव के अंतर्गत शासी निकाय एवं कार्यपालक समिति के गठन का प्रस्ताव आदर्श उपविधि के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया गया है। शासी निकाय के अध्यक्ष प्रमंडलीय आयुक्त, मगध प्रमंडल होंगे जबकि कार्यपालक समिति के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी गया होंगे। गांधी मैदान के सतत अनुरक्षण के लिए कार्यपालक समिति को 5 लाख तक की राशि एक बार में खर्च करने के लिए प्राधिकृत करने का प्रस्ताव है। 5 लाख से ऊपर के खर्च की स्थिति में भवन निर्माण विभाग से कार्य करवाने का प्रस्ताव दिया गया है। आदर्श उपविधि एवं समिति के गठन का प्रस्ताव खेल विभाग को उपलब्ध कराया गया है तथा जिला पदाधिकारी गया डॉ0 त्यागराजन एसएम द्वारा इसके त्वरित क्रियान्वयन के लिए व्यक्तिगत रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द उक्त प्रस्ताव अनुमोदन हो जाये।

## श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, गुरुआ के नेतृत्व में धावा दल के माध्यम से गुरुआ बाज़ार के विभिन्न होटल, दुकान, प्रतिष्ठानों में कार्यरत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु अभियान चलाया गया। गुरुआ बाजार स्थित नंदिनी स्वीट्स होटल में कार्यरत दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया तथा श्रवण फास्ट फूड एवं चौमीन दुकान, बसस्टैंड, गुरुआ से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गुरुआ के नेतृत्व में संयुक्त धावा दल का संचालन किया गया जिसमें श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बोध गया, गया सदर, मानपुर, मोहनपुर, खिज़रसराई, टेकारी एवं प्रयास संस्थान के सी एस डब्ल्यू अजीत कुमार एवं गुरुआ थाना के पुलिस पदाधिकारी ने भाग लिया। नंदिनी स्वीट के मालिक सत्येन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं श्रवण फास्ट फूड के मालिक श्रवण कुमार के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम 1986 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत गुरुआ थाने में एफ़आइआर दर्ज भी कराई गई है साथ ही सभी नियोजकों को बाल श्रमिक से कार्य नहीं कराने हेतु निर्देश दिया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गुरुआ द्वारा सभी दोषी नियोजकों के विरुद्ध जुर्माना के रूप में 20,000 रुपये जमा करने का नोटिस भी निर्गत किया जाएगा।

### बिहार व झारखंड के बीच खेला गया महिला फुटबॉल मैच

# झारखंड ने बिहार को 3-1 गोल से किया पराजित

### सांसद सुशील कुमार सिंह एवं विधायक विनय कुमार यादव हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच/गुरारू।** गुरारू प्रखंड एवं कोंच थाना क्षेत्र के डबुर स्थित खेल मैदान में बिहार व झारखंड राज्य के सीवान बनाम रांची के बीच एकदिवसीय महिला फुटबॉल मैच मंगलवार को खेला गया जिसमें झारखंड की टीम ने 3-1 गोल से विजय हासिल किया। एकदिवसीय महिला फुटबॉल मैच का आयोजन न्यू स्टार फुटबॉल क्लब डबुर के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद सुशील कुमार सिंह एवं विधायक विनय कुमार यादव शामिल हुए और महिला फुटबॉल खिलाड़ियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया और किक मारकर मैच का उद्घाटन किया। मैच में मध्यांतर तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। वहीं, तत्पश्चात खेल में मध्यांतर के बाद काफी रोमांच आ गया और झारखंड के टीम रांची फुटबॉल क्लब ने एमटी फुटबॉल क्लब सिवान को 3- 1 से पराजित कर दिया। विजेता टीम को बड़ा शील्ड व उप विजेता टीम को छोटा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। स्थानीय विधायक विनय कुमार यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल बेहद जरूरी है। खेल में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को डीएसपी रैंक तक के नौकरी दी जाती है। नारी हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं और मुकाम हासिल कर रही है। वहीं, मुख्य अतिथि सांसद सुशील कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा स्वास्थ्य के लिए खेलना बहुत जरूरी है इससे लोग स्वस्थ रहते हैं और उनका सर्वांगीण विकास होता है। खेल से भाईचारा बढ़ता है।

# गया में सेना का एयरक्राफ्ट गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिले के बोधगया प्रखंड के बगदाहा गांव के बधार में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान अचानक गिर गया जिससे अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। एक बड़ी घटना होने से टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गया के पहाड़पुर गांव के समीप स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) से ट्रेनिंग के दौरान माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान ने उड़ान भरी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण वह बगदाहा गांव के गेहूं के खेत में जा गिरा। घटना के समय विमान में एक महिला और एक पुरुष पायलट सवार थे। ग्रामीणों ने दोनों को विमान से बाहर निकाला। इसके बाद पायलट के द्वारा इसकी सूचना ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी को दी गई जिसके बाद अकादमी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और विमान को वापस ले गए। घटना को लेकर आसपास के महिला-पुरुष, बच्चे, बूढ़े खेत में पहुंच गए और तरह-तरह की चर्चा होने लगी।

## सेवानिवृत्त चौकीदार का निधन

**कोंच।** आंती थाना के सेवानिवृत्त चौकीदार कामेश्वर यादव का निधन मंगलवार को फतेहपुर गांव में हो गया। ग्राम फतेहपुर निवासी मृतक कामेश्वर यादव (65) कोंच एवं आंती थाना में चौकीदार के पद पर रहकर सेवा दे चुके थे और वे सात वर्ष पूर्व आंती थाना से सेवानिवृत्त हुए थे। वर्तमान में उनके पुत्र वीरेंद्र यादव आंती थाना में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने कहा कि मेरे पिता बीते दिनों से बीमार चल रहे थे। मौके पर कोराप पंचायत के पूर्व मुखिया योगेंद्र दास, राजद नेता रमेश यादव, मुन्नी यादव, संजय यादव, ध्रुवेष यादव, विक्रम यादव समेत कई लोगों ने दुःख व्यक्त किया।

# मध्य विद्यालय में इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों में चलाए जा रहे हैं। इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह प्राचार्य डा सतीश सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर आज कतार मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभाग अध्यक्ष डा धनंजय धीरज ने कहा कि इंटर्नशिप प्रशिक्षु जीवन का महापर्व है। शैक्षिक जीवन के विभिन्न पहलुओं से अवगत होते हैं और बेहतर शिक्षण प्रदान करने की कला व कौशल सीखते हैं। इंटर्नशिप शिक्षक के व्यक्तित्व विकास में मिल का पत्थर साबित होता है। डॉ धीरज ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि विद्यालय में चले इस प्रशिक्षण के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को एक सफल शिक्षक में तब्दील करने में सफल होंगे। माह भर चले इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षाशास्त्र की और से बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से जिसमें खेल कूद वाद विवाद प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को कई बार पुरस्कृत भी किया गया और मौके पर पाठ सहायक सामग्री का वितरण भी किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक अमरेंद्र कुमार कतार मध्य विद्यालय की ममता कुमारी, वीरेंद्र कुमार, सरोज कुमारी और सलीम खान मौजूद थे।

# जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए जनता का धन्यवाद : उदय नारायण चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पूर्व विधानसभा स्पीकर उदय नारायण चौधरी ने जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में भी बिहार के कोने-कोने से चलकर पटना के गांधी मैदान में पहुंचकर रैली को ऐतिहासिक बनाया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए परिवारवाद पर उन्होंने कहा कि अगर मोदी का पूरा देश अगर परिवार है तुम मणिपुर में जिस तरह की घटनाएं घटी हैं और जंतर मंतर जिस तरह से महीनों तक देश की बेटियां पहलवानों ने धरना दिया क्या वह मोदी जी के परिवार में नहीं थे। आगे उन्होंने कहा आज भी जो किसान धरना पर बैठे हैं अगर वह मोदी जी के परिवार हैं तो उनकी बातें सुनी जानी चाहिए। उदय नारायण चौधरी ने कहा सीबीआई और ईडी के सहारे विपक्ष को डराने की हो रही है कोशिश जनता सब देख रही है। राजद और कांग्रेस के विधायक को डरा धमका कर तोड़ा जा रहा है। इस मौके पर राजद नेता प्रमोद वर्मा, वसीम अकरम, राजद प्रखंड प्रमुख जितेंद्र यादव, बार पंचायत मुखिया राजेश यादव, कचौड़ी पंचायत मुखिया रामाशीष यादव, महासचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, कृष्ण मुरारी यादव राज्य परिषद सदस्य इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के अलावा दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सिविल सर्जन ने आंदोलनकारियों को दिया दिलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर चलाये जा रहे अनिश्चितकालीन सत्याग्रह स्थल पर जिले के सिविल सर्जन ने दी खुद दस्तक। आंदोलनकारियों से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित उनके मांगों की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने सत्याग्रहियों को आश्वस्त किया कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र सरबहदा में दो चिकित्सकों की तैनाती जल्द ही कर दी जाएगी तथा सरकार को सरबहदा में तीस बेड के अस्पताल के लिए लिखा जाएगा एवं अस्पताल के जमीन को बाउंड्री कराया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए सीताराम यादव ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा तथा सरबहदा को प्रखंड बनाने की घोषणा जब तक नहीं हो जाती है, तब तक सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। सरबहदा दर्जनों गांवों का एकमात्र बाजार है जहां पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं पानी टंकी के नाम पर करोड़ों की खर्च की गई जो बेकार साबित हुआ अब तक पानी टंकी का निर्माण नहीं हो सका है। विहटा, छोटी औंगांरी धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जाय, भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन दी जाय, परवाना मिले भूमिहीनों को परवान की जमीन पर कब्जा दिलाया जाय। मौके पर जानकी पासवान, रामबली यादव, विन्देश्वरराम, यद्दुनंदन चौधरी, अनिल यादव, बाल्मीकि प्रसाद, वसंत चौधरी, रामाशीष चौधरी आदि दर्जनों सत्याग्रही उपस्थित थे।


**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,**
**NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR**
**Corrigendum**

Request for Proposal are invited on behalf of **SHRI BANSHIDHAR NAGAR, NAGAR PANCHAYAT (NPSBN),** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital &O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary La ndfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 &SBM 2.0 guidelines, for Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 950.65 & 6064.07 | 9.50 | 25000.00 | 16 Month Construction & 20 YrsO&M |

All terms and conditions will remain unchanged
**PR321289 Urban Developent (2023-24)**
http://jharkhandtenders.gov.in
**Memo No 196, Dated 04/03/2024**
**Copy To:JE/CM/EE, Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar.**
**Copy To: DPRO/DIO(NIC), Garhwa for Publication the above mentioned RFP.**
**Copy To:Director Sir, SUDA, UDHD, Ranchi.**
**Administrator,**
**NP. S.B. Nagar.**
PR 321506 Urban Development(23-24)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**
**Very SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/22/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 12.03.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 13.03.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 13.03.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of S.P Office Campus (B Block Collectriate Building), Daltonganj, Palamu.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Tarhasi, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 2. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Panki, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 3. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Pandu, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 4. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Mohammadganj, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 5. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Untari Road , Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 6. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Satbarwa, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 7. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Aashehar, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 8. | Construction of Single Classroom with Verandah Attach with Boys and Girls Toilet in Dhabkalan Utkramit Madhya Vidhayal at Village Dhabkalan under Block hariharganj Palamu. | 1751700.00 | 35500.00 | 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक हैः–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**
PR 321503 District(23-24)D


# खेल मैदान के पास चबूतरा निर्माण का मुखिया प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू।** प्रखंड के डबुर गांव में खेल के मैदान के पास चबूतरा निर्माण का मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने मंगलवार को उद्घाटन किया। बिहार सरकार के मद से षष्ठम वित्त आयोग द्वारा ग्राम डबुर में खेल मैदान के पास चबूतरा का निर्माण मुखिया मालती देवी के सौजन्य से हुआ जिसका प्राक्कलन राशि दो लाख रुपए है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव के अलावा राजद नेता एस शहजादा शाही, पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ पांडे, धनंजय मांझी, राजेश कुमार रंजन, संतोष कुमार यादव, विजय पासवान, शमशेर आलम, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

# बिजली एवं बालू चोरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** मंगलवार को विद्युत कनीय अभियंता संजय चौधरी ने अनंतपुर गांव में छापेमारी किया और अवैध रूप से बिजली जला रहे इश्वरी यादव पिता कुलदीप यादव पर 19,971 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए मुकदमा दर्ज कराया। इस संबंध में कनीय अभियंता विद्युत ने बताया कि उक्त व्यक्ति के घर एक हजार चौरानवे रूपए बकाया रहने के कारण लाइन काट दिया गया था, परन्तु उक्त व्यक्ति द्वारा टोका लगाकर घर में बिजली जला रहा था। वहीं दारोगा सौरभ कुमार राव ने गश्ती के दौरान बरोरह पंचायत के रौदामठ गांव के समीप अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस को देखते हीं ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर भाग गया।

# सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक दयानंद पांडेय भाजपा में शामिल

### अपने क्षेत्रों में पीएम मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** फतेहपुर निवासी सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय भाजपा में शामिल हो गए। शहर के सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू ने पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि फतेहपुर निवासी कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय भाजपा में शामिल हुए हैं। भारती जनता पार्टी में बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हो रहे है। इनके आने से पार्टी की और मजबूती मिलेगी। पार्टी की ओर से स्वागत और अभिनन्दन किया गया है। 75 वर्षीय सेवानिवृत कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय ने बताया कि मोदी सरकार के योजनाओं से कृषि क्षेत्र में काफी प्रगति हुई। इसके अलावा विकास कार्यों व जनहित से जुड़े कई योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि योजनाओं सहित अन्य विकास से जुड़े वो इन योजनाओं को बोधगया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर में लोगों को अवगत करायेंगे। मालूम हो कि उनके पिता स्वर्गीय रामनुग्रह पांडेय ने भी अनुसूचित कल्याण के लिए गया जिले में काम किया था।

# सर्वजन दवा सेवन अभियान का विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किया निरीक्षण

### फतेहपुर तथा सदर प्रखंड में ग्रामीणों से मुलाकात कर दवा सेवन की जानकारी ली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में चलाये गये सर्वजन दवा सेवन अभियान की स्थिति की जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरीय अधिकारियों ने ली। मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेशनल प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कमलाकर लष्करे ने जिला में सर्वजन दवा सेवन अभियान की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले के दो प्रखंडों का भ्रमण कर स्वास्थ्य कर्मियों से मुलाकात की तथा दवा सेवन कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ अरुण कुमार, स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीसीआई से अमरेश कुमार, सीफार के एसपीएम रणविजय कुमार, पीरामल से अभिनव कुमार, सीफार स्टेट कॉर्डिनेटर शिकोह अलबदर, डीसी जुलेखा फातिमा, चंदन मिश्रा, अमित कुमार सहित कई वरीय अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। डॉ कमलाकर लष्करे ने फतेहपुर के नारायणपुर गांव में ग्रामीणों से मुलाकात कर दवा सेवन करने के बारे में जानकारी ली। कई ग्रामीणों ने बताया कि दवा का सेवन किया गया है। वहीं आशा ने जानकारी दी कि लोगों द्वारा दवा का सेवन किया गया। वहीं कई लोगों ने दवा खाने से इंकार भी किया है। उन्हें समझा बुझा कर दवा का सेवन कराया गया है। दवा सेवन के लिए लोगों के घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जा रहा है।

संपादकीय

# भाजपा की मनोवैज्ञानिक बढ़त

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व ही अपने 195 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने ऐसा ही दांव चला था और उसके अधिकांश प्रत्याशी जीते भी थे। भाजपा की इस पहली सूची में 16 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के उम्मीदवार नाम शामिल हैं। सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम है। वो वाराणसी से ही चुनाव लड़ेंगे। जारी सूची में मोदी मंत्रिमंडल के 34 सदस्यों को फिर से चुनाव में उतारा गया है। इनमें 28 महिलाएं हैं तथा 47 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनकी आयु 50 साल से कम है। साथ ही इस सूची में 27 एससी, 18 एसटी, 57 ओबीसी प्रत्याशियों के नाम भी हैं। जिन तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारा जा रहा है, उनमें मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भी हैं। उनके अलावा असम से सर्वानंद सोनोवाल तथा त्रिपुरा से विप्लब देव हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अपनी सीट कोटा तथा अमित शाह गांधीनगर से प्रत्याशी होंगे। लिस्ट में एक चौंकाने वाला नाम मुस्लिम उम्मीदवार डॉ. अब्दुल सलाम का है, जिन्हें केरल की मुस्लिम बहुल मलप्पुरम सीट से उतारा गया है। जहां तक मप्र की बात है तो ज्यादातर उम्मीदवार वहीं हैं, जिन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। उस चुनाव में भाजपा ने मप्र की 29 में से 28 सीटें जीती थीं। मप्र में सर्वाधिक जिज्ञासा शिवराजसिंह चौहान के राजनीतिक भविष्य और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के किस सीट से चुनाव लड़ने की थी। भाजपा की सूची ने इस उत्सुकता का शमन कर दिया है। दोनों को उनकी पसंदीदा सीटों से टिकट दे दिया गया है। शिवराज को उनकी पुरानी लोकसभा सीट विदिशा और ज्योतिरादित्य को गुना शिवपुरी सीट से उतारा गया है। हालांकि पिछले चुनाव में सिंधिया को उनके ही खास व्यक्ति के.पी. यादव ने भाजपा के चुनाव चिन्ह पर सवा लाख से ज्यादा वोटों से हराकर चौंका दिया था। बाद में सिंधिया भाजपा में आ गए और पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेज दिया। लेकिन सिंधिया के मन में कसक बाकी थी। वो सीधे निर्वाचित जनप्रतिनिधि बनना चाहते थे। हालांकि इस बार भी मुकाबला उनके लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि इस इलाके में यादव काफी हैं। वैसे ज्योतिरादित्य अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। मप्र से भाजपा ने जहां 6 वर्तमान सांसदों का टिकट काटा है, वहीं विधानसभा चुनाव हारे दो सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इसके पीछे जातीय समीकरण ज्यादा लगते हैं। ये हैं मंडला से फग्गनसिंह कुलस्ते तथा सतना से गणेश सिंह। 5 सीटों छिंदवाड़ा, इंदौर, उज्जैन, बालाघाट और धार के लिए अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। छिंदवाड़ा के बारे में कहा जा रहा है कि अंतिम समय में खेला हो सकता है। इस सूची में सर्वाधिक चौंकाने वाली बात दिल्ली की पांच लोकसभा सीटों पर नामों का ऐलान है। पार्टी ने पांच में तीन को काटकर नए प्रत्याशी घोषित किए हैं। पार्टी ने मीनाक्षी लेखी, डॉ. हर्षवर्धन और प्रवेश वर्मा को घर बैठा दिया है। उनकी जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बाँसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया है, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री और चांदनी चौक के सांसद डॉ. हर्षवर्धन की जगह व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को मैदान में उतारा गया है। एक बात साफ है कि भाजपा अपने मिशन 4 सौ पार के हिसाब से आगे बढ़ रही है। दूसरी तरफ विपक्षी इंडिया गठबंधन में अभी आपसी विवाद ही नहीं सुलझ पा रहे हैं। उधर राहुल गांधी की यात्रा अभी भी जारी है। लगता है कि चुनाव प्रबंधन उनके लिए गौण है।

# 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के निहितार्थ

रघु ठाकुर

**जम्मू कश्मीर में धारा 370 को हटाये जाने के खिलाफजो याचिका भारत के उच्चतम न्यायालय में प्रस्तुत हुई थी उसका फैसला पिछले दिनों आ गया और उच्चतम न्यायालय की पाँच सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्व सम्मत निर्णय देते हुए धारा-370 के हटाये जाने के निर्णय को सही ठहराया और कहा कि धारा 370 भारतीय संविधान के अनुसार उचित नहीं है। जम्मू कश्मीर का विलय भारत में उसी प्रकार पूर्ण है जिस प्रकार अन्य राज्यों का।**




जैसा कि हमारे देश में कुछ समय से न्यायालयों के निर्णयों को निजी दृष्टिकोण के आधार पर सही या गलत ठहराने की परंपरा चल पड़ी है, उसका निर्वहन कुछ लोगों ने इस मामले में भी किया, और कुछ 370 धारा के समर्थक व्यवसायी जमातों ने इस फैसले के बारे में लिखने-लिखाने का सिलसिला शुरू किया तथा फैसले को ही गलत और संविधान के विपरीत सिद्ध करने का प्रयास शुरू किया।

अब यह एक स्थापित तथ्य है कि जम्मू कश्मीर की समस्या को उसकी वास्तविकता से कई गुना अधिक बड़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करने का खेल कुछ वैश्विक शक्तियों और चंद भारतीय स्वार्थ समूहों के द्वारा पिछले कई दशकों से चलता रहा है। यहाँ तक की जम्मू-कश्मीर को प्रथक कराने के उद्देश्य से स्थापित संस्था, जिसका मुख्यालय अमेरिका में है के द्वारा भी कुछ समय पहले तक लगभग प्रतिवर्ष देश के कुछ विदेशी धन से संचालित स्वयं सेवी संगठनों, उनके वकीलों और प्रचारकों के माध्यम से यह सिलसिला चलाया जाता रहा है। अमेरिका स्थित संस्थायें भारत के ऐसे बिकाऊ बुद्धिजीवियों, पत्रकारों को जिनमें कई तो बड़े-बड़े नाम वाले हैं, को प्रतिवर्ष किसी सेमिनार या व्याख्यान के नाम अमेरिका बुलाते थे उनके आने-जाने का खर्च, व्याख्यान का पैसा जो कि अच्छा खासा होता था, देते थे और कई प्रकार के आंकड़े सही या गलत जो कश्मीर में अलगाव की भावना को बढ़ाने के लिये तर्क और आधार होते थे उपलब्ध कराते थे। फिर उक्त बुद्धिजीवी अमेरिका से लेकर अपने देश के प्रचार तंत्र में लेख, साक्षात्कार आदि छपवाते थे और वे कुत्सित दिमाग के आंकड़े प्रचारित कराते थे जिनसे यह सिद्ध हो सके कि भारत में कश्मीर के साथ बहुत अन्याय हो रहा है।

उन्हें दोयम दर्ज का माना जाता है, सेना वहां व्यापक पैमाने पर बलात्कार व नरसंहार कर रही है आदि-आदि। परंतु पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने विदेशी धन के आने से संबंधित फेमा/फेरा कानून में सुधार कर उन एन.जी.ओ. के ऊपर कुछ प्रतिबंध लगाने के जो उपाय किये हैं उससे ऐसे दुष्प्रचार काफी हद तक कम हुए हैं। और जो एक आम धारणा कश्मीर में व कश्मीर के बारे में दुनिया में भारत के खिलाफ बनाई जाती थी वह कम हुई है।

धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में फिलहाल विधानसभा कार्यरत नहीं है और राष्ट्रपति शासन जो कि राज्यपाल के द्वारा संचालित है वह चल रहा है। विधानसभा की संख्या को आबादी के हिसाब से पुर्नगठित करना और उनकी सीमाओं को संशोधित कर संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव भारत सरकार के पास है जिसके आधार पर नया परिसीमन, नई संख्या और विधानसभा का नया ढांचा बनना है।

धारा 370 के मामले में भारत के उच्चतम न्यायालय की 5 सदस्यीय पीठ ने चूँकि सर्वसम्मत निर्णय दिया है और सभी का निष्कर्ष यही है कि 370 का हटाया जाना संविधानिक है तथा जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय उसी प्रकार पूर्ण है जिस प्रकार अन्य राज्यों का। चूंकि ये फैसला सर्वसम्मत है अतः आलोचकों के लिये इस निर्णय में मत भिन्नता को आधार बनाकर फैसले की निंदा करना या इसे कठघरे में खड़ा करना संभव नही हुआ और इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश अभिनन्दन के पात्र है कि उन्होंने न केवल सर्वसम्मत फैसला देकर भारतीय राष्ट्र की एकता को मजबूती प्रदान की है बल्कि प्रायोजित निंदको के हाथ से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के छिद्रान्वेषण और उसे आम जन में शंकित और अविश्वसनीय बनाने का अवसर भी छीन लिया है। वर्ना ये प्रायोजित विदेशी धन पोषित बुद्धिजीवी बहुमत के फैसले को छोड़कर विविध टिप्पणी वाले एक दो न्यायाधीशों के फैसले को देश व दुनिया में प्रचारित करते कि यह इन जजों का फैसला ही ठीक है और बहुमत से फैसला देने वाले न्यायाधीशों ने गलत फैसला दिया है।

अतः न्यायपालिका के सर्वसम्मत फैसले के खिलाफ शंकित वातावरण बनाने के लिये अब पुराने न्यायाधीशों का सहारा लिया जाए तथा देश के एक पूर्व न्यायाधीश और वरिष्ठ विधिवेश्रा श्री नरीमन के व्याख्यान का प्रचार-प्रसार मीडिया के माध्यम से शुरू हुआ है। इसमें श्री नरीमन कहते हैं कि, सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय गलत है। उन्होंने धारा 370 को न केवल संविधान संगत बताया बल्कि वह धारा 370 ही कश्मीर को साथ जोड़कर रखने का माध्यम है, इस आशय का निष्कर्ष अपने व्याख्यान में दिया। उन्होंने अपने भाषण में आयोध्या में राम मंदिर के निर्माण संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को भी गलत ठहराया है व उसकी आलोचना की है। श्री नरीमन साहब न्यायाधीश रहे हैं और बडे विधिवक्ता माने जाते हैं। परन्तु सर्वोच्च न्यायालय के सर्वसम्मत निर्णय पर उनकी टिप्पणी उनकी निजी राय तो हो सकती है परन्तु यह अनुचित, असंवैधानिक और गैर जरूरी लगती है। वह एक कोई सामान्य व्यक्ति नहीं है बल्कि संविधान व कानून के जानकार विशेषज्ञ माने जाते हैं तो उन्हें यह भी सोचना चाहिए था क्या सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को अपनी राय के आधार पर विवादास्पद बनाना, व शंकित बनाना उचित है? निसंदेह न्यायपालिका के फैसले मानने की बाध्यता तो होती है परन्तु उन पर कोई चर्चा या टिप्पणी करने पर कोई संवैधानिक रोक नहीं है। परन्तु एक नैतिक और राष्ट्रीय दायित्व भी होता है।

मैं भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश श्री वाई.व्ही. चन्द्रचूड़ को पुनः बधाई दूंगा कि उन्होंने बगैर श्री नरीमन का नाम लिये एक संतुलित टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ''सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय लागू कराना संवैधानिक बाध्यता होती है, हालांकि उनके बारे में कोई व्यक्ति अपनी निजी राय भिन्न रख सकता है''। उन्होंने कहा कि ''इस पक्ष पर विचार करके ही सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने सर्वसम्मत निर्णय लिया है ताकि आम मानस में कोई संदेह पैदा न किया जा सके''। न्यायालय के फैसले और नागरिक अधिकार के बीच की सीमा रेखा और संतुलन को उन्होंने बहुत अच्छे व संतुलित शब्दों में व्याख्या की है। और जिससे प्रायोजित आलोचकों का फैसले को विवादास्पद बनाने का मौका लगभग छिन गया है।

श्री नरीमन ने अपने भाषण में कश्मीर के साथ-साथ, राम मंदिर के और पुराने मामले को उठाकर जाने-अनजाने, सही या गलत अपनी मानसिक पक्षधरता स्पष्ट कर दी है। जिस प्रकार कश्मीर के मामले को लेकर भारत में पिछले 6-7 दशक में भारी तनाव और हिंसक घटनायें हुई हैं। उससे भी ज्यादा तनाव और हिंसक घटनायें राम मंदिर, बाबरी मस्जिद के सवाल को लेकर हुई है परन्तु कुछ राजनैतिक परिवर्तनों ने कुछ देश के बहुमत के द्वारा अभिव्यक्त मतदान के द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं ने और न्याय पालिका के फैसलों ने इन तनावों को लगभग समाप्त नही तो कम तो किया ही है। तथा अल्पसंख्यक आबादी का एक अच्छा खासा हिस्सा इन फैसलों से या तो सहमत होने लगा है या फिर असहमति होते हुए भी देश और समाज में शांति रहे, दंगा, फसाद, और हिंसा न हो यह सोचकर एक राष्ट्रीय समझ के साथ शांति के साथ आगे चलने का मन बना चुका है परन्तु जो लोग देश में अशांति चाहते हैं उन्होंने फिर से उसे कुरेदने का और कुरेदकर भर गये घाव को पुनः जीवित करने का षड़यंत्र शुरू किया है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में, यह भी कहा गया है कि ''सितम्बर 2024 के पूर्व जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराना होंगे, ताकि जनता के मत से निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार का गठन हो सके''। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के दूसरे हिस्से में न केवल लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित विधायिका बनाने की समय सीमा तय की गई है बल्कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को एक आश्वस्ति भी प्रदान की गई है कि शीघ्र लोकतंत्र बहाल होगा तथा जनमत से निर्वाचित सरकार स्थापित होगी।

जम्मू कश्मीर के ऐसे अव्यवहारिक और न समझ मित्र जम्मू-कश्मीर या देश का भला नहीं चाहते बल्कि वे उन्हें अपने आर्थिक व विदेशी नियंत्रकों के लाभ के लिये बलि का बकरा बनाना चाहते हैं। यह लोग पहले भी किताबें लिखते रहे मीडिया में लेख लिखते रहे, और यह तक कहते रहे हैं कि धारा 370 के पूर्व भी सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जम्मू कश्मीर के बारे में दिये गये फैसले संविधान सम्मत नहीं है। यहां तक कि यह भी कहते रहे हैं कि भारत का सर्वोच्च न्यायालय जम्मू कश्मीर को दी गई स्वायत्ता पर अतिक्रमण कर रहा है।

शायद उन लोगों की मंशा तो यही रही है कि सर्वोच्च न्यायालय की सीमायें जम्मू कश्मीर के बाहर रहे और जम्मू कश्मीर की न्यायपालिका सुप्रीम कोर्ट के समान व अलग रहे। ये पढ़े-लिखे और बिके बौद्धिक क्या बतायेंगे कि दुनिया में क्या कोई देश ऐसा है जहां दो समकक्ष शीर्ष अदालतें हो और ऐसा होना क्या राष्ट्रीय एकता को प्रभावित व खंडित करने वाला नहीं होगा?

मैं अंत में जम्मू कश्मीर की जनता का अभिनंदन करना चाहता हूँ कि सारे उकसावे, गलतफहमियां को पैदा करने के प्रयास, विदेशी हस्तक्षेप के प्रयास के बावजूद भी वहां के आम जन ने भारत को अपना वतन माना है और भारत के साथ खड़े हुए हैं।

अध्यात्म

## शत्रु को मित्र कैसे बनाएं?

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुसम पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात अपनी आत्मरक्षा के लिए क्या उपाय करना चाहिए? इसे लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें।

रात को सांप अपनी बांबी में से बाहर निकला और राजा के महल की तरफ चल दिया। वह जैसे आगे बढ़ता गया, अपने लिए की गई स्वागत व्यवस्था को देख देखकर आनन्दित होता गया। कोमल बिछौने पर लेटता हुआ मनभावनी सुगन्ध का रसास्वादन करता हुआ, जगह-जगह पर मीठा दूध पीता हुआ आगे बढ़ता था। इस तरह क्रोध के स्थान पर सन्तोष और प्रसन्नता के भाव उसमें बढ़ने लगे। जैसे-जैसे वह आगे चलता गया, वैसे ही वैसे उसका क्रोध कम होता गया। राजमहल में जब वह प्रवेश करने लगा तो देखा कि प्रहरी और द्वारपाल सशस्त्र खड़े हैं, परन्तु उसे जरा भी हानि पहुंचाने की चेष्टा नहीं करते। यह असाधारण सी लगने वाले दृश्य देखकर सांप के मन में स्नेह उमड़ आया। सद्व्यवहार, नम्रता, मधुरता के जादू ने उसे मंत्रमुग्ध कर लिया था। कहां वह राजा को काटने चला था, परन्तु अब उसके लिए अपना कार्य असंभव हो गया। हानि पहुंचाने के लिए आने वाले शत्रु के साथ जिसका ऐसा मधुर व्यवहार है, उस धर्मात्मा राजा को काटूं तो किस प्रकार काटूं? यह प्रश्न के चलते वह दुविधा में पढ़ गया। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं। लो इसे अपने पास रखो। इतना कहकर और मणि राजा के सामने रखकर सांप चला गया। अतः व्यक्ति व्यवहार कुशल है तो वो सब कुछ पा सकता है जो पाने की वो हार्दिक इच्छा रखता है।

# नगीना लोकसभा सीट पर दलित वोट बैंक का यथार्थ

**लोकसभा चुनाव की बिछती बिसात के बीच समाजवादी पार्टी अपने गठबंधन का दायरा बढ़ाने में कामयाब हो चुकी है। इंडिया गठबंधन को लेकर सभी की नज़रें इस बात पर टिकी थी कि क्या सपा इस गठबंधन का हिस्सा होगी या उससे दूर हो जाएगी। लेकिन अखिलेश ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होकर साफ संकेत दे दिए कि सपा अब गठबंधन के दम पर यूपी में चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव 2024 में बीएसपी का अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ना और इंडिया गठबंधन के साथ जाने से इनकार करना, कहीं न कहीं बसपा की टेंशन बढ़ा सकता है। वह भी ऐसे समय में जब बीएसपी का जनाधार धीरे-धीरे खिसकता जा रहा है।**

डॉ. ललित कुमार

देश की कोई भी पार्टी बीजेपी की बढ़ती ताकत के सामने अकेले मुकाबला करने के लिए तैयार नही हैं, ऐसे में बीएसपी के लिए यह एकदम असंभव है। बसपा का दरकता वोट बैंक यानी भविष्य में पार्टी की साख पर बड़े सवाल खड़े होने स्वाभाविक है कि आखिर बीएसपी का वोट बैंक जा किस ओर रहा है? साथ ही पिछले डेढ़ दशक से पार्टी लगातार अपनी राजनीतिक जमीन खोती जा रही है। इसके कारण क्या है? तलाश करना बेहद जरूरी है।

बसपा के सभी सीटिंग सांसद धीरे-धीरे पाला बदलकर सपा, कांग्रेस में शामिल होते जा रहे हैं, जिसकी पहली वजह है बसपा का इंडिया गठबंधन में शामिल न होना। सभी सांसदों का मन था कि बसपा इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने, ताकि यूपी का राजनीतिक समीकरण बदले । दूसरी वजह, मुस्लिम अब बीएसपी के साथ नहीं है, क्योंकि मुस्लिम मतदाताओं को लगता है कि बसपा का जनाधार अब पहले जैसा नहीं रहा। इसलिए मुस्लिम मतदाता अब सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ शिफ्ट हो सकता है। तीसरी, पुराने कैडर को टिकट देकर सीटिंग सांसदों को टिकट काटना, जिस वजह से सांसदों में पाला बदलने का सिलसिला शुरू हुआ। चौथी, वेस्ट यूपी में सपा और भीम आर्मी की बढती नजदीकियां। नगीना में चन्द्रशेखर आज़ाद ने रोड शो करके अपनी ताकत का एहसास करा दिया, जिससे बसपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आज़ाद समाज पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगातार अपना जनाधार बढ़ाने में लगी हुई है, साथ ही पूरे प्रदेश का दौरा करके दलितों को एकजुट कर रही है। पांचवीं, बीजेपी की बी टीम का होना यानी बीएसपी अब बीजेपी के लिए काम कर रही है। छठी वजह, मायावती का अपने ही नेताओं के साथ प्रॉपर संवाद न होना, यानी बसपा में दोतरफा संवाद की बड़ी कमी देखी जा सकती है। इससे साफ़ जाहिर होता है कि दलित, शोषित एवं पिछड़े वर्ग की राजनीति अब एसी कमरों में बैठकर नहीं की जा सकती है। बल्कि समाज के बीच जाकर उनके मुद्दों को उठाना दलित राजनीति का एक बड़ा उद्देश्य रहा हैं। देश का बहुजन एवं अल्पसंख्यक समाज पिछले डेढ़ दशकों में सबसे ज्यादा बैकफुट पर आ चुका है। उनके लिए रोजगार, न्याय और अधिकार पाना अब बड़ा मुश्किल होता जा रहा हैं। अगर दलित समाज के साथ कोई अन्याय हो रहा है और दोषियों पर कार्यवाही नही होती है, तो सरकार ऐसे मामलों पर लीपापोती करके उन्हें पेंडिंग में डाल देती हैं। यानी देश में ऐसे बहुत से मामले है, जिनसे हर कोई परिचित है। दलितों की आवाज कही जाने वाली बसपा का अचानक से ढलान पर चले जाना इस बात की ओर संकेत करता हैं कि बसपा अब दलितों के मुद्दों से दूर होकर कुछ लोगों के इशारों पर काम कर रही है। इसलिए देश का दलित वोटर अब अपने लिए एक विकल्प की तलाश में है कि आखिर उनकी आवाज को कौन सुने और कौन उनके हक में खड़ा होकर सत्ता से सवाल करें।

बसपा संस्थापक कांशीराम का दलित एवं शोषित वर्ग के प्रति जिस तरह का लगाव रहा,



उन्होंने सामाजिक मुद्दों को आंदोलन की शक्ल देकर सत्ता को बहुजन समाज की ताकत का एहसास कराया है। क्योंकि उन्होंने सोए हुए समाज को जगाने का काम जिस तरीके से शुरू किया, वह बहुजन समाज के लिए अपने आप में एक बड़ा बदलाव है। वर्तमान में फिर से बहुजन समाज को एक ऐसे नेता की जरूरत हुई है, जो हर वक्त उनके लिए सुरक्षा कवच बनकर खड़ा हो सके। हाल फिलहाल में अब आजाद समाज पार्टी एक बड़े विकल्प के तौर पर देखी जा रही हैं। असपा एवं भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद इसकी शुरुआत बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा सीट से करने जा रहे हैं, यह सीट दलित समाज को एक बड़ा सन्देश दे सकती है।

नगीना लोकसभा सीट यूपी की 17 लोकसभा आरक्षित सीटों में एक प्रसिद्ध सीट मानी जाती है। इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें है, जिनमें से तीन सपा (नजीबाबाद, नूरपुर और नगीना) और दो भाजपा (धामपुर, नहटौर) के पास है। वर्ष 2008 में परिसीमन के चलते नगीना लोकसभा सीट बिजनौर से अलग होकर बनाई गई। यहां मुस्लिम आबादी 50 फीसदी से ज्यादा है। जिनमें दलित आबादी 21 फीसदी हैं। वर्ष 2019 में यहां से बीएसपी के गिरीश चंद्र ने बीजेपी के यशवंत सिंह को हराया था। 2019 में यहां दस लाख से ज्यादा वोट पड़े, जिनमें से गिरीश चंद्र को पांच लाख से ज्यादा और यशवंत को चार लाख से ज्यादा वोट मिले। नगीना में करीब पंद्रह लाख से ज्यादा वोटर है। यहां हर चुनाव में अलग-अलग पार्टी के उम्मीदवार जीतते रहे हैं, जिनमें वर्ष 2009 में सपा, 2014 में बीजेपी और 2019 में बीएसपी शामिल है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गंठबंधन के साथ चंद्रशेखर आजाद नगीना सीट से अपनी किस्मत अजमाने जा रहे हैं। इसी बीच बीजेपी ने नहटौर विधायक ओम कुमार को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। अब कयास यह भी लगाये जा रहे है कि मायावती अपने भतीजे आकाश आनंद को इस सीट से चुनाव लड़ा सकती है, यानी कुल मिलाकर इस सीट पर कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी ने बिजनौर और नगीना दोनों सीट पर जीत दर्ज की थी। अब यहां एनडीए गठबंधन राष्ट्रीय लोकदल को बिजनौर सीट दे सकती है। इसलिए बीजेपी, आजाद समाज पार्टी को मात देने के लिए एडी चोटी का जोर लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी।

बनारस में प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी को रविदास जयंती के मौके पर संत रविदास की 25 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करके रविदास समाज के अनुयायियों को साफ संकेत देने की कोशिश कि भाजपा सरकार दलितों के साथ हमेशा खड़ी है। लेकिन इसके तुरंत पांच दिन बाद (28 फरवरी) यूपी के रामपुर जिले में सरकारी जमीन पर अंबेडकर बोर्ड लगाने को लेकर दो गुटों के बीच हुई झड़प में दसवीं के छात्र सुमेश को पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई। इस मामले पर सरकार की होती किरकिरी के चलते दलित राजनीति फिर से गरमा गई है। आजाद समाज पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए निकले लेकिन सरकार ने उनको संभल में ही रोक दिया। आखिरकार बाद में वह पीड़ित परिवार से मिले ज़रूर, लेकिन सरकार को इसमें भी राजनीति की बू नज़र आ रही हैं।आज देश की दलित राजनीति ऐसे मुहाने पर खड़ी है, जहां उनके एक सहारे की ज़रूरत है। यानी जो भी उनके हक-अधिकार के लिए लडेगा, यह समाज उसी का साथ देगा। नगीना लोकसभा सीट पर चंद्रशेखर आजाद पिछले एक साल से क्षेत्र की जनता के साथ संपर्क बनाये हुए है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस, यूपी में इंडिया गठबंधन के तहत मात्र 17 सीटों पर जबकि सपा खुद 63 सीटों के साथ आजाद समाज पार्टी को लेकर चुनाव लड़ने के लिए राजी हुई है। इस लोकसभा सीट के अगर अतीत में जाकर देखें तो यहां से जिसने भी ईमानदारी के साथ अपनी दावेदारी की है, वह सफल ज़रूर हुआ है। नगीना क्षेत्र की जनता के साथ जो भी नेता समय पर उनके सुख दुःख में खड़ा होता है। इस क्षेत्र की जनता उसको दिल से अपनाकर लोकसभा भेजती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में दबदबा बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। नये व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र की राजनीति से दूर रहें। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा।

**मिथुन**
शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। प्रभावशाली लोगों के सम्पर्क में आयेंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं।

**कर्क**
आज आप आराम के मूड में रहेंगे। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी। जिनका वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। तकनीकी सम्बन्धी परेशानियों का निवारण होगा।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चञ्चलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला**
आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आये खर्चों में कमी आयेगी। आपका मन शान्त रहेगा। धन सम्बन्धित समस्या सुलझ सकती है।

**वृश्चिक**
मानसिक रूप से अशान्त महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

**धनु**
रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी सम्भाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है।

**मकर**
आज आप सभी कार्य सम्भल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुये काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर विभिन्न जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें।

**मीन**
टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है।

# मतदाताओं को किया गया जागरूक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** मगंलवार को जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन नई दिल्ली एवं विशेष सहयोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में अररिया प्रखंडस्तरीय महादलित दलित जनसुनवाई जनसंवाद एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय मुसहरी टोला वार्ड न.10 पंचायत-कुसीयारगाँव प्रखंड अररिया मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अररिया थाना के एसआई आराधना कुमारी ने की एव कार्यक्रम का संचालन जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम मे प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रीति कुमारी, एवं अन्य शिक्षक सोनी कुमारी, बिनोद कु. ऋषिदेव, मागन ऋषिदेव, अरुण ऋषिदेव, मो. अंजर रिजवान, दीपक कुमार पासवान, संतोष कुमार, विकास मित्र नवल किशोर ऋषिदेव कुसीयारगाव, अशोक ऋषिदेव उपस्थित थे। महादलित दलित लोगों से सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं संबंध में जानकारी दी एवं लोगों से अपील किया कि जिन का जिला पदाधिकारी को आवेदन पहुंचा दिया जाएगा। उपस्थित लोगों को जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने अपना-अपना आगामी लोकसभा चुनाव के मत डालने हेतु अपील के साथ-साथ शपथ भी दिलाई गई साथ ही बाल विवाह मुक्त अररिया जिला को बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नंदनी कुमारी, सोनी कुमारी, जुली कुमारी बच्चों ने अहम भूमिका निभाई।

# विभिन्न वाहनों से 4080 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बलिया थानान्तर्गत सदानंदपुर गांव बहियार चौर से शराब तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई में एक हाइवा ट्रक ट्रैक्टर एवं एक स्कार्पियों गाड़ी से कुल 4080 बोतल जिसमें 1352.16 लीटर अवैध विदेशी शराब को पुलिस टीम के द्वारा किया गया जब्त वहीं एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान बलिया थाना के सदानन्दपुर निवासी स्व बालेश्वर सिंह का पुत्र रंजीत प्रसाद सिंह बताया जाता है। इधर एसपी मनीष ने बताया कि दिनांक 05 मार्च को समय सुबह लगभग 03:00 बजे बलिया थाना को गुप्त सूचना मिली की सदानंदपुर गांव स्थित चौरा पार बहियार तुलसी टोल जाने वाले रास्ते पर एक हाइवा ट्रक में गिट्टी के अन्दर छिपाकर लाया गया अवैध विदेशी शराब को अनलोड किया जा रहा है। प्राप्त सूचनानुसार थानाध्यक्ष बलिया पुनि रामकुमार सिंह पुअनि राजीव रंजन कुमार पुअनि धंन्नजय पाण्डेय के द्वारा सूचना अनुसार सदानंदपुर गांव स्थित चौरा पार बहियार तुलसी टोल जाने वाले रास्ते के स्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक हाइवा एक ट्रैक्टर एवं एक स्कार्पियो के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम रंजीत प्रसाद सिंह सदानन्दपुर बताया। विधिवत पकड़ाए व्यक्ति एवं गाड़ी की तलाशी लेने पर तीनों गाड़ी से कुल 4080 बोतल जिसमें 1352.16 लीटर अवैध विदेशी शराब ट्रैक्टर हायवा स्कोर्पियो को बरामद किया गया। उत्पाद अधिनियम के तहत विधिसम्मत आवश्यक अग्रिम कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को एसपी के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# शिव पार्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली गई कलश शोभा यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के करियन गांव उतरवारी टोला के शिव पार्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। चार दिवसीय श्री श्री 108 शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर 101 कलश वर्तियो द्वारा गाजे बाजे के साथ शिवलिंग और माता पार्वती की प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा निकाल पूरे गांव का भ्रमण किया गया। शोभा यात्रा के बाद यज्ञ मंडप में सभी कलश को स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। महायज्ञ में पहुंचे आचार्य स्वामी श्री बिहारी शरणाचार्य ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा के बाद जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, औषधिधिवास, मिष्ठानधिवास के बाद शिव पार्वती के प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा। कलश पूजा और भगवान शिव पार्वती के दर्शन को लेकर गांव सहित आस पास के हजारों शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ मंडप के साथ शिव पार्वती मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। पूजा को सफल बनाने में मुख्य यजमान दायमुनी देवी, पंडित मनोरंजन झा, शिवम चौधरी, गोपाल कृष्ण ठाकुर, कन्हैया पाठक एवं राम अनुज पाठक देवी, संतोष पाठक, अरविंद ठाकुर, राम शंकर यादव, सेवानिवृत्ति डीआईजी जितेंद्र मिश्र, अशोक पाठक, चलित्र यादव, रत्नेश यादव, रामकुमार मिश्र, परमानंद झा, राजेंद्र यादव, लक्ष्मण पंडित, कृत मनोहर मिश्र, राम अज्ञा मिश्रा, राम लला मिश्र, सिवन झा, राजा कुमार, श्याम सुंदर मिश्रा, सरोज कुमार यादव, देव कुमार मिश्रा, सरोज कुमार मिश्रा, ललित कुमार मिश्रा, मिथिलेश कुमार मिश्रा, कारी पाठक, भागवत पासवान, उमेश पासवान, सुरेश पासवान, सूरज यादव, सुरेश यादव, राम अशीष मिश्रा, राम सुखित मिश्रा, शिव शंकर मिश्र, राकेश मिश्रा, राम कुमार साव, किशोर पासवान, चंद्रशेखर यादव, सीता राम यादव, बिरेंद्र यादव, अशोक ठाकुर, मुसहरू कमती, संजीत मिश्रा, कमलेश मिश्रा, बिनोद मिश्रा, बुलबुल पासवान, राम नारायण यादव, राम लक्षण पंडित, बिंदु पासवान, मोहित यादव, इंद्रकांत मिश्र, रति ठाकुर, रौशन ठाकुर, गोलू मिश्रा, अवध मिश्रा, सरजीत यादव, अमरजीत यादव, नीतीश मिश्रा, बिपुल झा, अभिनाश झा, पुलकित झा, भास्कर झा सहित सैकड़ों ग्रामीण थे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को ले लोजपा रामविलास ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** लोक सभा चुनाव 2024 की बिगुल बजने के पूर्व ही राजनीतिक पार्टियां अपनी अपनी संगठन की बैठक कर तैयारी शुरू कर दिया है।

चुनाव तैयारी क्रम में लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान की अध्यक्षता में श्री कृष्णा चेतना सभागार आरा में जिला के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। राजेश्वर पासवान ने पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवम प्रखंड अध्यक्षों से आग्रह किया कि आप लोगो ने पंचायत अध्यक्ष के द्वारा बनाए गए बूथ अध्यक्षों से हर बूथ पर 10 यूथ बनाइए और उसी में से एक बूथ लेबल एजेंट बनाइए। सभी पार्टी कार्यकर्ता चट्टानी एकता के साथ रहकर राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चिराग पासवान जी के हाथों को मजबूत करने के लिए तैयार रहिए। शशिकांत त्रिपाठी जिलाध्यक्ष संसदीय बोर्ड ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी अपनी संगठन को मजबूती में तत्पर है और राष्ट्रीय अध्यक्ष का जो भी निर्णय होगा मान्य है।

कमलेश सिंह जिला संगठन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमलोग लोजपा रामविलास के असली सिपाही है सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का आदेश हो। लोजपा रामविलास का वोट प्रतिशत बढ़ा है। बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को लेकर चलने वाले चिराग पासवान के साथ बिहार वासी है। सभी समाज के लोग चिराग के साथ है। पिंटू तिवारी युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ने कहा कि बिहार के युवा चिराग जी के साथ है। विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ बैठक कर अपनी बातो को गंभीरता से रखते हुए कहा कि आगे आने समय चिराग पासवान का है। संतोष पासवान महासचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने कहा कि बिहार की जनता सभी नेताओ को देख लिया है अब चिराग पासवान जी पर जी विश्वास है। कोई भी पार्टी हो चिराग पासवान जी को दर किनार कर न देश में सरकार बना सकती है न ही प्रदेश में। पार्टी ने नए पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। विकाश कुमार सिंह को पार्टी के तरफ से वीर कुंवर सिंह विश्व विद्यालय अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया तथा अच्छे कार्य करने वाले पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष ने फुल माला से सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधन करने वालो में विशाल चौधरी प्रधान महा सचिव,सोनू सिंह, लालती देवी, संजय पासवान, सागर सिंह, अधिवक्ता धीरज कुमार, संजय प्रसाद, दीपनारायण सिंह, राजेश साहू, रामजी पासवान, बबिता चौधरी, विजय सिंह, अधिवक्ता हरेराम, अध्यक्ष तारक नाथ सिंह, अधिवक्ता नारायण दत्त पांडे, अधिवक्ता रामदुलार प्रसाद, दशरथ पासवान, अधिवक्ता सुधांशु कुमार पांडेय, अधिवक्ता राहुल कुमार सिंह आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मांझी (सारण)।** प्रखण्ड के लेजुआर पंचायत के साधपुर छत्तर गांव स्थित हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 186 पर महिला पर्यवेक्षिका हिना परवीन की अध्यक्षता व सीडीपीओ पूजा रानी की देखरेख में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ महिलाओं को शिक्षा व मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वहीं लोक कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने बेटियों निश्चित रूप से पढ़ाने व शत-प्रतिशत मतदान करने करने व कराने का संकल्प लिया। वहीं इससे सम्बंधित नारे भी लगाए गए। पर्यवेक्षिका हिना परवीन व सेविका ज्योति कुमारी ने बताया कि बेटियों में शिक्षा व मतदाताओं में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेषकर महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न आगनवाड़ी केंद्र की सेविकाओं में रेखा देवी, संजू देवी, शायदा खातून, शीला देवी, कलावती देवी, सुनीता देवी, सुमिता देवी, अहिल्या कुमारी व सेविकाओं में रीता सिंह, रमावती देवी, इंदु देवी, रिंकू देवी, माधुरी देवी, सुनीता देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव में अर्द्धसैनिक बलों के आवासन को लेकर बीडीओ व थानाध्यक्ष ने एकमा हाईस्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**एकमा (सारण)।** आगामी लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इसी क्रम में सोमवार को एकमा बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर व थानाध्यक्ष उदय कुमार ने नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्कूल के भवन व परिसर का निरीक्षण कर चुनाव के लिए अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के बाद जिला प्रशासन को वर्तमान स्थलीय स्थित से अवगत कराया। बताया गया है कि स्कूल परिसर की स्थिति व सुविधाओं से जिला प्रशासन की संतुष्ट होने के बाद यहां अर्द्धसैनिक वालों के आवासन हेतु केंद्र बना दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण भगवान यादव सहित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# जल जमाव से आवागमन में परेशानी

**शाहपुर (भोजपुर)।** शाहपुर प्रखंड के करजा पंचायत के चारघाट में सड्क पर जल जमाव के कारण आवागमन मे दिक्कत होने से लोग परेशान हैं। करजा- बरजा सड्क पीडब्ल्यूडी की है। इस सड़क पर चारघाट गांव के पास जल जमाव होने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के जिला परिषद सदस्य पं गंगाधर पांडे ने चारघाट के पास पीडब्लूडी के सड़क पर जल जमाव के कारण आवागमन बाधित होने के संबंध में आवेदन अनुमंडलाधिकारी जगदीशपुर को दिया है। जिला पार्षद गंगाधर पांडेय ने 21 जनवरी को अपने आवेदन में जनहित में शाहपुर के अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं स्थानीय थाना पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति करते हुए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भू-मापी कर जल निकासी का स्थाई समाधान करने, नाला निर्माण करने तथा आवागमन सुचारू रूप से शुरू करने के संबंध में लिखा है। इस संबंध में कोई सार्थक कार्रवाई नहीं होने पर जिला पार्षद पंडित गंगाधर पांडेय ने बीडीओ को पत्र द्वारा सूचित करते हुए इसकी प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी भोजपुर को दिया है।

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम : एनटीईपी से संबंधित कार्यों को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**छपरा (सारण)।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यकम (एनटीईपी) के अंतर्गत मासिक बैठक का आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र (डीटीसी) में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से टीबी मुक्त पंचायत की शत-प्रतिशत सफ़लता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं एनटीईपी कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन कर संबंधित अधिकारी और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वर्ल्ड विजन इंडिया के द्वारा बताया कि टीपीटी कार्यक्रम सुचारू रूप से आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से किया जाए। इस अवसर पर डीपीएस मुकेश कुमार, एसटीएलएस कुमार अमित, एसटीएस संतोष कुमार गुप्ता और मुकेश कुमार, सहायक रत्न संजय, डीईओ अनंत कुमार, लैब टेक्नीशियन अखिलेश मिश्रा, संजय कुमार गिरि और संजेश कुमार सिंह, सिफार के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक धर्मेंद्र रस्तोगी, वर्ल्ड विजन इंडिया के डीसी रणधीर कुमार, जिला पर्यवेक्षक पंकज कुमार सिंह, रीच इंडिया के डीसी अभिषेक कुमार, ट्राई इंडिया के कलस्टर हेड विकास कुमार सिंह और डीसी मनीष श्रीवास्तव, ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान के सचिव सुरेंद्र कुमार के अलावा यक्ष्मा विभाग से जुड़े जिले के सभी यक्ष्मा कर्मी यथा एसटीएस, एसटीएलएस, एलटी, बीसीजी प्रावैधिक, डिस्पेशर, यक्ष्मा सहायक सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आगामी वर्ष 2025 तक पूरे देश से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी का उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसी के मद्देनजर जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में यक्ष्मा विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। क्योंकि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग अपने-अपने स्तर से टीबी मरीजों की लगातार पर्यवेक्षण और निगरानी कर रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह यक्ष्मा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बाल कृष्ण मिश्र के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजनों में ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पंचायत और शहरी क्षेत्रों के वार्ड में बलगम संग्रह कर जिला यक्ष्मा केंद्र भेजना सुनिश्चित किया जाना है। ताकि अधिक से अधिक लोगों का जांच कराया जा सके। यक्ष्मा विभाग के जिला योजना समन्वयक हिमांशु शेखर ने बताया कि जिले में कार्यरत बलगम वाहकों को यक्ष्मा पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर बलगम जांच में तेज़ी लाने के लिए ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान के सचिव सुरेंद्र कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। ताकि टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल किया जा सके। हालांकि इसके लिए उक्त संस्था के द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एक-एक कर्मियों को प्रतिनियुक्ति कर दिया गया है। क्योंकि स्वास्थ्य संस्थानों के ओपीडी में आने वाले टीबी के संदिग्ध मरीजों को अनिवार्य रूप से बलगम जांच कराना सुनिश्चित करना होगा।

## एक नजर

### बाइक से गिरने से ममता स्वास्थ्यकर्मी की मौत

**शाहपुर (भोजपुर)।** थाना क्षेत्र के शाहपुर बनाही रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल गेट के समीप सोमवार की देर शाम सात बजे के लगभग बनाही स्टेशन ट्रेन पकडने जा रही अपने बेटे की बाइक से ममता स्वास्थ्य कर्मी महिला सहजौली गांव निवासी कौशल्या देवी अधेड महिला उम 55 वर्ष की मौत बाइक के सामने एकाएक कुत्ता के बचाने के दौरान हो गई। मौत के बाद परिजन अस्पताल ले गये जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। मृत महिला सुरेश राम की पत्नी बताई जाती है जो प्रतिदिन की भांति डियूटी करने सहजौली गांव से सदर अस्पताल आरा जा रही थी तभी घटना घटित हो गई। जो ममता पद पर कार्यरत थी। परिजन सुरेश राम ने बताया कि सोमवार की देर शाम डियूटी के लिए ही बाईक से बनाही स्टेशन ट्रेन पकडने को जा रही थी। तभी घटना हो गई परिजन आरा सदर अस्पताल ले गये जहां डाक्टरो ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पंचायत के सरपंच हरेराम निराला ने परिजनों के घर जाकर इस दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया तथा परिजनों के समुचित मुआवजा की राशि दिलाने की मांग सुबे के सीएम नीतीश कुमार से की है।

### चाकू मारकर हत्या करनेवाला भतीजा खून से सने चाकू के साथ गिरफ्तार

**आरा (भोजपुर)।** खून के रिश्ते को शर्मसार करने वाला हत्यारा भतीजा को खून से सना चाकू के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना 2 मार्च को नगर थाना क्षेत्र के महादेवा रोड निवासी मंजय कुमार को पत्नी एवं बेटी के सामने उनके भतीजा विशाल कुमार पिता अरुण सिंह ने संपत्ति विवाद में चाकू से घायल कर दिया था जिनका इलाज के क्रम में अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के बाद आरोपित भतीजे को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंजय कुमार वर्षों से मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। उनका भतीजा 20 वर्षों से नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग में किराए के मकान में रह रहा था। इसी बीच वह अपने चाचा से हिस्से की मांगकर कमरा में ताला भी बंद कर रखा था।

### पुलिस ने बरामद की भारी मात्रा में शराब

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली। मंगलवार को दिन लगभग 10 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कोइलवर थानाक्षेत्र के कोइलवर छपरा रोड पर भारत पेट्रोल पंप के समीप शराब की बड़ी खेप उतरनेवाला वाला है। एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के दिशानिर्देश पर कोइलवर थानाध्यक्ष एवं थाना पुलिस बल द्वारा सूचना की सत्यता की जांच करने के उपरांत एक यूपी नंबर की ट्रक की जांच की गई तो भारी मात्रा में कार्टून में रखा शराब बरामद करने में सफलता मिली। पुलिस ने ट्रक सहितकुल 5520 कार्टून में रखे 1300 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर ली।

### लोकसभा चुनाव में बलों के आवासन को लेकर अधिकारियों ने सुविधाओं का लिया जायजा

**एकमा (सारण)।** आगामी लोकसभा चुनाव को स्वच्छ , निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को एकमा बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर व थानाध्यक्ष उदय कुमार ने नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्कूल के भवन व परिसर का निरीक्षण कर चुनाव के लिए अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के बाद जिला प्रशासन को वर्तमान स्थलीय स्थित से अवगत कराया। बताया गया है कि स्कूल परिसर की स्थिति व सुविधाओं से जिला प्रशासन की संतुष्ट होने के बाद यहां अर्द्धसैनिक वालों के आवासन हेतु केंद्र बना दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण भगवान यादव सहित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### मारपीट की घटनाओं में पांच महिलाओं समेत 10 घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में पांच महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गए। घायलों में एकमा भट्टटोली गांव की प्रिया, निर्मला देवी, लाकठ छपरा गांव के संजीव कुमार, अरूण सिंह, बेलदारी गांव की पुतुल कुमारी, मीना देवी, उमरावती देवी, सरस्वती देवी, संजीत राय समेत 10 लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. आयुषमान कुमार के द्वारा किया गया। बताया जाता है कि घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### सरकार के आदेश के बावजूद पीडीएस दुकानों पर नहीं बन रहे आयुष्मान कार्ड

**पालीगंज।** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गरीबों के भलाई हेतु तरह तरह के योजनाएं चलाई जा रही है। वही दूसरी तरफ योजना से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लच्चर व्यवस्था के कारण लाभार्थी को मिलने वाली सुविधाओं को धरातल पर सही से अमलीजामा नही पहुंचाया जा रहा है। उन गरीबो की परेशानी तब अधिक बढ़ जाती है जब लाभ लेने के दर दर भटकना पड़ता है। ताजा वाक्या प्रधान मंत्री स्वास्थ्य बीमा कार्ड की है। यह महत्वकांछी योजना को प्रधान मंत्री ने लागू किया था। पैसों के अभाव में इलाज से वंचित परिवारों के लिए प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना लागू किया था। जिसके तहत देश में गरीबी रेखा में रहने वालों लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज में होने वाले 5 लाख रुपए तक का खर्च सरकार वहन करती है। इस योजना को गरीबों ने खूब सराहा था। बहुत लोगों ने इस योजना के लाभ लेते हुए असाध्य रोगों का इलाज कर अपनी जान बचाया है। सरकार ने सभी राशनकार्ड धारियों को आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य कार्ड सहजता से बनाने के उद्देश्य से सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों पर 2 मार्च से 12 मार्च तक शिविर लगाकर कार्ड बनाने का आदेश दीया था । लेकिन हालात यह है कि तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी 75 प्रतिशत पीडीएस दुकानों पर अधिकृत कर्मी कार्ड बनाने नही पहुंच रहे है। जिससे गरीबो के बीच निराशा छाया हुआ है। वही राशन कार्डधारियों ने बताया कि एक एक राशन कार्ड में परिवार सदस्यों की संख्या 2 से लेकर 10 तक है। सरकारी आदेश के बाद ऐसा लग था कि पीडीएस दुकानों पर कम खर्च में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य कार्ड का निर्माण हो जाएगी। लेकिन हालात ये है कि पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के करीब 75 प्रतिशत पीडीएस दुकानों पर अधिकृत कर्मी के नही पहुंचने से नही बन रहे हैं आयुष्मान कार्ड । लाभार्थी को अन्यत्र जगहों पर निजी संस्थानों में जाना पड़ रहा है जहां मनमाने तरीके से ऑन लाइन करने तथा कार्ड निकासी के नाम पर प्रति व्यक्ति सौ रुपए की दर से राशि की मांग किया जा रहा है। समझा जा सकता है कि जिन गरीबों के एक ही घर के कई सदस्य है उनके ऊपर क्या बीत रहा होगा? वही कार्ड बनाने वाले कर्मी का कहना है कि सरकार की ओर से प्रति कार्ड बनाने हेतु 5 रुपये प्रति कार्ड की दर निर्धारित है जो काफी कम है।

CMYK

# पदाधिकारी ईवीएम संचालन प्रक्रिया व तकनीकी पहलुओं को जानें : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** स्वच्छ निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में लोक सभा निर्वाचन - 2024 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर जिला के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, एवं थानाध्यक्षों के साथ समाहरणालय स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में बैठक - सह - प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक के प्रारंभ में ही जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन कार्यों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सभी पदाधिकारी ईवीएम संचालन प्रक्रिया और उसके तकनीक पहलुओं को अच्छे से जानकारी प्राप्त कर लें। मतदान की तिथि से 10 दिन पहले जिला स्तर पर बनाये गये वेयर हाउस से ईवीएम विधान सभावार डिस्पैच सेन्टर पर भेजा जायेगा जहां 7 दिनों के अन्दर कमिशनिंग का कार्य पूर्ण करायी जाएगी। यह कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ करायी जाएगी जिसमें चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। ईवीएम कमिशनिंग के सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जायेगी और आयोग से प्राप्त प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करायी जाएगी। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान की तिथि से चार दिन पहले वाहन पकड़ना प्रारंभ करेंगे। गाड़ी का चयन मतदान केन्द्र के भवन के आधार पर किया जायेगा। जहां एक ही भवन में दो से अधिक मतदान केन्द्र होंगे वहां के लिए बड़ी वाहन की जरूरत पड़ेगी। जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से पंजीकृत वाहन के स्वामियों को भी निर्वाचन कार्य में गाड़ी देने के लिए नोटिस किया जायेगा। मतदान कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों को आयोग द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डिस्पैच सेन्टर पर सभी मूलभूत सुविधा देख लें और प्रत्येक कार्य का माइक्रोप्लान बना लें। सभी थानाध्यक्षों को क्षेत्र में लगातार चौकसी बरतने का निदेश देते हुए कहा गया कि छापेमारी अभियान को गति दी जाय। और सिजर की मात्रा बढ़ायी जाय। पिछले एक साल में जहां कही भी घटनाएं घटी है उसे चिन्हित करते हुए संवेदनशीलता निर्धारित की जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर की फाइनल सूची बन गयी है। उनका भी प्रशिक्षण कराया जाएगा। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे अपने स्तर पर भी बीडीओ, सीओ, और थानाध्यक्षों की बैठक करें। उक्त बैठक में जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त समीर सौरभ एवं संयुक्त आयुक्त राज्यकर उपस्थित थे।

# 6 से 8 मार्च तक महाशिवरात्रि स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन राधामोहन सिंह ने महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाल, रक्सौल, बगहा, नरकटियागंज तथा बार्डर इलाका के लोगों के लिए 6 से 8 मार्च तकमहाशिवरात्रि स्पेशल ट्रेन चलवाने का फैसला किया है। अरेराज में महाशिवरात्रि के अवसर पर काफी भीड़ होती है, इसको देखते हुए भारत और नेपाल के काफी शिव भक्त आते हैं। रोड ट्रांसपोर्ट की कमी के कारण लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई होती थी। इसी को ध्यान में रखकर सांसद के प्रयास से तीन दिनों के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय रेल मंत्रालय ने लिया है। पहली ट्रेन रक्सौल से दिन में 9 बजे चलेगी और भेलवा सिकटा, मरजदवा, नरकटियागंज, गोखुला, साठी होते हुए बापूधाम मोतीहारी 13.05 बजे पहुंचेगी। फिर बापूधाम मोतीहारी से 15.05 बजे खुलेगी और 20.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। इसमें 20 कोच होंगे। एक ट्रेन 10.00 बजे मोतीहारी से चलेगी और 14.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी इसमें 14 कोच होंगे। तीसरी ट्रेन बगहा से 10.00 बजे चलेगी और 12.50 बजे सेमरा पहुंचेगी। फिर 14.45 बजे सेमरा से खुलेगी और 18.35 बजे बगहा पहुंचेगी। इसमें 23 कोच होंगें। तीनों गाडियां मात्र 6 से 8 तारीख तक हीं चलेंगी।

# महादेव का निराकार से साकार रूप में प्रकटीकरण का पर्व महाशिवरात्रि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** परम पवित्र एवं सर्वश्रेष्ठ महाशिवरात्रि व्रत का मान 8 मार्च शुक्रवार को होगा। व्रत का पारण दूसरे दिन अर्थात शनिवार को प्रात:काल किया जाएगा। देवाधिदेव महादेव का निराकार से साकार के रूप में प्रकटीकरण का यह महान पर्व जगह-जगह अपनी श्रद्धा एवं परम्परा के अनुसार शिवभक्तों के लिए यह वर्षभर का सबसे पुनीत पर्व होता है। इसदिन जगह-जगह मंदिरों से निकली शिव बारात श्रद्धा एवं आकर्षण का केंद्र बनती है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि यद्यपि प्रत्येक मास की कृष्ण चतुर्दशी शिवरात्रि होती है और शिवभक्त प्रत्येक कृष्ण चतुर्दशी व्रत करते हैं, किन्तु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी के अर्धरात्रि में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ था, इस कारण यह महाशिवरात्रि मानी जाती है। जिस तिथि का जो स्वामी हो उसका उस तिथि में पूजन करना अतिशय उत्तम होता है। चूंकि चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं अथवा शिव की तिथि चतुर्दशी है,अतः उनकी रात्रि में व्रत और पूजन किया जाने से इस व्रत का नाम शिवरात्रि होना सार्थक हो जाता है। इस दिन उनका पूजन एवं व्रत करना अत्यन्त कल्याणकारी होता है। स्कन्दपुराण के अनुसार इस दिन रात्रि के समय भूत, प्रेत, पिशाच, शक्तियां और स्वयं शिवजी भ्रमण करते हैं। अतः उस समय इनका पूजन करने से मनुष्य के ज्ञाताज्ञात समस्त पापों का शमन होता है तथा मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। इस दिन मंदिर अथवा अपने घरों में जल एवं पंचामृत से स्नान कराने के पश्चात चंदन, भस्म, अक्षत, पुष्प, बिल्वपत्र, दूर्वा, शमी, तुलसी मंजरी, मदार पुष्प, धतूरे का पुष्प एवं फल, कमल पुष्प, भांग, अबीर-गुलाल, इत्र धूप, दीप एवं नैवेद्य आदि से सपरिवार शिव का पूजन कर आरती व पुष्पांजलि करने का विधान है।

# पकड़ीदयाल ने चिरैया को चार विकेट से हराकर फाइनल मुकाबला जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के खेल मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हुआ। जो चिरैया एवं पकड़ीदयाल प्रखंड के बीच खेला गया। मैच आरंभ होने से पूर्व उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. कमरूल होदा एवं पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वही टॉस हारकर चिरैया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 195 रन बनाई। जिसके जवाब में खेलने उतरी पकड़ीदयाल की टीम ने 20 वें ओवर में 6 विकेट गंवा कर अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस तरह फाइनल मुकाबले के विजेता पकड़ीदयाल को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। वही उपविजेता चिरैया टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपया नगद दिया गया। पकड़ीदयाल टीम के कप्तान मो. अरमान खान को मैन ऑफ द सीरीज एवं मैन ऑफ द मैच के रूप में 2100 रुपए एवं ट्रॉफी से नवाजा गया। कॉमेंटेटर की भूमिका में सनोज कुमार एवं आकाश कुमार थे। जिन्होंने हिंदी व भोजपुरी में कमेंट्री की। मैच की अंपायरिंग गुड्डू कुमार व राजा कुमार ने किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष हरेंद्र यादव, टूर्नामेंट के सचिव अमित कुमार, उपाध्यक्ष चंद्रकांत ठाकुर, उमेश दादा, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

# मोतिहारी में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' विषय पर जागरुकता सह फोटो प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मोतिहारी।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पटना द्वारा मोतिहारी में 9 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता कार्यक्रम के साथ आज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के पांचवे दिन दर्शकों द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भाग लेने के साथ शुरू हुआ इसके बाद विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में आसपास के लोगों ने हिस्सा लिया और प्रदर्शनी स्थल पर लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री जावेद अंसारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'भारतीय ज्ञान- परंपरा पर श्रीमद्भगवदगीता का प्रभाव' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान-परंपरा पर श्रीमद्भगवद्गीता का प्रभाव' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में किया गया। बिहार, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश आदि के साथ ही मंगोलिया आदि देशों के 100 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता हुई। प्रधानाचार्य डॉ. दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो ओम नाथ बिमली ने उद्घाटन वक्तव्य दिया, जबकि जेएनयू ,नई दिल्ली के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्राध्यापक प्रो सी उपेन्द्र राव ने बीज वक्तव्य दिया। वहीं मिथिला विश्वविद्यालय के संस्कृत-प्राध्यापक डॉ. आर एन चौरसिया ने मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्तव्य दिया, जबकि इस्कॉन, शुभंकरपुर, दरभंगा के प्रबंधक लक्ष्मण कृपा दास ने विशिष्ट वक्तव्य दिया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डॉ. सुनीता कुमारी के संचालन में आयोजित इस सत्र में अतिथि स्वागत एवं विषय प्रवर्तन संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी- संयोजक डॉ. विकास सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के बर्सर डॉ. अवधेश प्रसाद यादव ने किया। उद्घाटन वक्तव्य में प्रो ओमनाथ बिमली ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सर्वोत्कृष्ट है जो मूलतः एक श्रुति परंपरा है, जिसका मूल वेद है। उन्होंने कहा कि गीताज्ञान समग्र है, जिसका भारतीय ज्ञान-परंपरा के सभी आयामों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आरएन चौरसिया ने कहा कि हजारों वर्षों के बाद भी गीता में वर्णित व्यावहारिक ज्ञान की प्रासंगिकता दिनानुदिन बढ़ती ही जा रही है। गीता के 18 अध्यायों में वर्णित 700 श्लोकों का ज्ञान हमें बेहतरीन जीवन-प्रबंधन सिखाती है। संकट काल में भी गीताज्ञान हमारा श्रेष्ठ मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि गीताज्ञान से ही मानव का वास्तविक कल्याण, मानवता की रक्षा होगी तथा भारत विश्वगुरु भी बन सकेगा। सेमिनार का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, वहीं हरि कीर्तन इस्कॉन के सदस्यों द्वारा किया गया।

# सीईटी बीएड-2024 की प्रवेश परीक्षा को लेकर राज्य नोडल पदाधिकारी सहित कोर कमेटी गठित

**दरभंगा।** सीईटी-बीएड-2024 के लिए राज्य नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रो. अशोक कुमार मेहता, वरिष्ठ प्राध्यापक, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर मैथिली विभाग को मनोनीत किया है। साथ ही कुलपति ने राज्य नोडल पदाधिकारी के सहयोग के लिए समन्वयक के रूप में डॉ. अरविंद कुमार मिलन, विभागाध्यक्ष, बी.एड. (नियमित) को अधिकृत किया है। बता दें कि राजभवन ने पांचवीं बार ललित नारायण विश्वविद्यालय को नोडल विश्वविद्यालय के रूप में नामित किया है विश्वविद्यालय के अंतर्गत परीक्षा एवं नामांकन के सफल आयोजन के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। सीईटी-बीएड-2024 के कार्यों के सफल संचालन के लिए सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस सलाहकार समिति की अध्यक्ष के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी और सदस्य के रूप में डॉ. दिलीप कुमार, वित्त परामर्शी, डॉ. एम हसन, संकायाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र; प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्राध्यापक, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग; डॉ. अजय कुमार पंडित, कुलसचिव; डॉ. ज्या हैदर, निदेशक, आइक्यूएसी; रंजन कुमार सिंहा, वित्त पदाधिकारी, डॉ. दिवाकर झा, सह प्राध्यापक, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग; डॉ. सोनी सिंह, विधि पदाधिकारी और संयोजक के रूप में सीईटी-बी.एड.-2024 के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता को शामिल किया गया है।

# पालीगंज नगर पंचायत ने पास किया वार्षिक 68 करोड़ 90 लाख का बजट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पालीगंज।** नगर पंचायत के आहूत विशेष बैठक मुख्य पार्षद विरेन्द्र बैठा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे सभी वार्ड पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी, अन्य कार्यालय पदाधिकारी, कर्मी, बजट को तैयार मुनिसिपल फिनांस एक्सपर्ट अमित बसाक के द्वारा मुख्य पार्षद के अनुमति से सदन के पटल पर रखा गया। वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 में कुल अनुमानित आय 68 करोड़ 90 लाख रुपये एवं कुल 65 करोड़ 78 लाख अनुमानित व्यय का उपबंध पारित किया गया। कुल अनुमानित अवशेष राशि 3 करोड़ 12 लाख रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री के नगर निकाय से सम्बंधित महत्वाकांक्षी योजनाओ को भी इस बजट में ध्यान रखा गया है। विभिन्न योजनाओं पर कुल अनुमानित खर्च 46 करोड़ 25 लाख रुपये का व्यय किया जाने का अनुमान है। जिसमे मुख्य रूप से नगर पालिका के नए भूमि क्रय हेतु 2 करोड़, मार्केट काम्प्लेक्स 80 लाख, सामुदायिक भवन 1 करोड़, वृद्धों हेतु आश्रय स्थल 1 करोड़ 50 लाख, शवदाहगृह 50 लाख, शहरी गरीबो के लिए बहुमंजिला आवासन 2 करोड़, वेंडर जोन 1 करोड़, रोड एवं नाला निर्माण हेतु 16 करोड़, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीवन हरियाली योजना हेतु टप. 6 करोड़, पब्लिक लाइट हेतु 3 करोड़, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु 5 करोड़, डस्ट बिन क्रय 1 करोड़, शौचालय 1 करोड़ 30 लाख रूपये खर्च करने का उपबंध किया गया है। सब के लिए आवास योजना पर 5 करोड़, नूलम योजना 10 लाख, नगर सौंदर्यीकरण कार्यकम पर 35 लाख रुपये की अनुमानित राशि खर्च करने का उपबंध बजट में किया गया है। शहर के मकानों से होलिंग टैक्स से 10 लाख की राशि वसूल करने का लक्ष्य रखा गया है ।

# विद्यालय के बच्चों ने किया वाल्मीकि नगर का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने बाल्मीकि नगर का भ्रमण कर ऐतिहासिक स्थलों को देखा। मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत बाल्मीकि नगर का भ्रमण कर लौटे छात्र छात्राओं ने रामयण में सुनी गई ऐतिहासिक स्थलों को जीवंत देखा। बच्चों ने बाल्मीकि आश्रम , लवकुश से संबंधित जगहों को देख कर काफी खुशी जाहिर की। भ्रमन में छात्र छात्राओं के साथ गए प्रधान शिक्षक दीपनारायण यादव ने बताया कि ऐतिहासिक स्थलों के परिभ्रमण से बच्चों में बौद्धिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास होता है।

# विभागीय उदासीनता से सड़क निर्माण कार्य में हो रहा विलंब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छौड़ादानो (पूर्वी चम्पारण)।** सीमा सड़क परियोजना के तहत नेपाल सीमा के समांतर भारत सरकार द्वारा बनाई जा रही सीमा सड़क की गति भूअर्जन विभाग के उदासीनता की भेंट चढ़ रही है। जिसके कारण 2020 तक सरकार द्वारा सड़क निर्माण को बनने के लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सका। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का टेंडर 2011 में हुआ था काम की अधिकता को लेकर सड़क बनाने वाली जे के एम इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी द्वारा 2024 तक काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है कंपनी को भेलाही से गुआबारी तक सड़क निर्माण करना है कंपनी के स्थानीय प्रबंधक भास्कर सिंह ने बताया कि भूअर्जन विभाग के उदासीनता के कारण सड़क निर्माण की गति धीमी पड़ गई है। रक्सौल डिवीजन में भू अर्जन का काम तेजी से हो रहा है जिसके कारण उसे डिवीजन क्षेत्र में सड़क निर्माण का काम तेजी से शुरू है वहीं ढाका डिवीजन में भूअर्जन की धीमी गति के कारण साल भर से काम रुका है वहीं पर अगरवा से रेगनियां तक मिट्टी भराई कार्य पूरा किया जा चुका है।

# श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठात्मक महारुद्र यज्ञ को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** नगर बाजार से सटे अख्तियारपुर गांव में हो रहे श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठात्मक महारुद्र यज्ञ को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में आसपास के गांवों के रंग बिरंगे परिधानों में सजे हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा अख्तियारपुर स्थित यज्ञशाला से निकलकर चंढोंस मठिया पुनपुन घाट पहुंची। वहां आचार्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामनारायण दस (खड़ेश्वरी बाबा) ने वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना के बाद कलश में जलाहरण (जलभरी) कराया। इसके बाद विभिन देवी-देवताओं के जयकारे के साथ कलश शोभायात्रा यज्ञस्थल के लिए रवाना हुई। यह शोभायात्रा जिस रास्ते से गुजरी वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। करीब 9 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए शोभायात्रा पुनः यज्ञशाला पहुंच विधिवत सम्पन्न हुआ। आयोजक मंडल के सदस्य विजय सिंह ने बताया कि श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठात्मक महारुद्र यज्ञ 5 मार्च से शुरू होकर दस मार्च तक संचालित होगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 333_2023-24, दिनांक 04.03.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार के लिए) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **एनआईटी सं. 333_2023-24, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल के तहत सेवड़ाफुली-गोघाट में मायापुर-आरामबाग के बीच किमी. 53/11-12 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 26 के स्थान में एलएचएस का निर्माण । **अनुमानित मूल्य :** रु.4,74,12,361.26, **बयाना राशि:** रु. 3,87,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 22.03.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-526/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीएसटीई-एसएफए-जनाई-डीईपी-आरई1, दिनांकः 04.03.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. एसडीएसटीई-एसएफए-जनाई-डीईपी-आरई1 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के जनाई रोड स्टेशन पर मेसर्स एसएफए लॉजिस्टिक्स पार्क प्रा. लि. के प्रस्तावित जीसीटी से संबंधित कनेक्टिविटी एवं अन्य कार्यों के सिलसिले में एस एंड टी लागत। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 2,05,28,984.65, **बयाना राशिः** रु. 2,52,700/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **बोली प्रणालीः** एकल पैकेट। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 12.03.2024, **प्रस्ताव की वैधता :** 120 दिन। **समापन अवधिः** 6 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** 04.03.2024, 16.08 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 26.03.2024, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। HWH-527/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएलईजी/ओटी/ई-निविदा सूचना/384/2023-24, दिनांक 27.02.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (साधारण)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1067-2023-24, कार्य का विवरणः** सियालदह मंडल के कृष्णनगर सिटी-लालगोला शाखा में वर्तमान एलएचएस नं. 137, 138, 160, 147 ई और रानाघाट-गेदे शाखा में एलएचएस नं. 71ई, 81ई, 80ई के प्रत्येक साइड पर 40 मी. लंबाई के आरसीसीयू-ट्रफ पर नए रूफ कवर के निर्माण के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 33,76,453/- **बयाना राशिः** रु. 67,500/-, **समापन अवधिः** 18 माह । **क्रम सं. 2, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1069-2023-24, कार्य का विवरणः** 35 अदद सीओटीवीएम और 16 अदद एसएमसी टर्मिनलों का एटीवीएम के साथ प्रतिस्थापन हेतु परियोजना। **निविदा मूल्यः** रु.3,22,557/-, **बयाना राशिः** रु. 6,500/-, **समापन अवधिः** 12 माह । **क्रम सं. 3, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1073-2023-24, कार्य का विवरणः** न्यू कोयलाघाट बिल्डिंग में: ईडीपी सेंटर, न्यू कोयलाघाट बिल्डिंग में तीन (03) वर्ष के लिए सेंट्रल एयर-कंडीशनिंग सिस्टम 2X40 टीआर एयर-कंडीशनिंग प्लांट का वार्षिक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्यः** रु. 8,17,280/- **बयाना राशिः** रु. 16,400/-, **समापन अवधिः** 36 माह । **निविदा कागजात का मूल्यः** क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु रु.0.00, **निविदा प्रकाशन की तिथि :** दिनांक 27.02.2024, **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 02.04.2024 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 02.04.2024 को 14.00 बजे के बाद। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 19.03.2024, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-403/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सूचना**

श्री राज कुमार संतोषी, टेक्नी.-III, श्री विकास कुमार, टेक्नी.-III, पुत्र राधेश्याम पाण्डेय, श्री डब्लू कुमार, टेक्नी.-III, पुत्र श्री जितेन्द्र यादव एवं देवदीप, टेक्नी.-III, पुत्र श्री हरिशंकर सिंह टीएमसी संगठन प्रमुई कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर आप चारों कर्मचारी क्रमशः 16.08.2022, 16.06.2020, 16.07.2022 एवं 07.07.2022 से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण आप के स्थायी पते पर SF-5 के अंतर्गत जाँच हेतु पंजीकृत डाक से भेजे गये थे, परन्तु आप लोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुये। आप चारों कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 10 दिन के अंदर अपने कार्य पर उपस्थित हों, अन्यथा आप के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यावाही करते हुये आपकी सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी।

**क्र. सं. : 1, कर्मचारी का नाम सर्वश्री :** राज कुमार संतोषी, **पद :** टेक्नी.-III/टीएमसी संगठन गोरखपुर, **अनुपस्थिति तिथि :** दिनांक 16.08.2022 से अनुपस्थित, **स्थायी पता :** ग्राम-भीखमचख, पोस्ट-बैपुर, थाना-बछवाड़ा, जिला-बेगुसराय, पिन-851101 (बिहार)। **क्र. सं. : 2, कर्मचारी का नाम सर्वश्री :** विकास कुमार, **पद :** टेक्नी.-III/टीएमसी संगठन गोरखपुर, **अनुपस्थिति तिथि :** दिनांक 16.06.2020 से अनुपस्थित, **स्थायी पता :** ग्राम-सबनीमा, पोस्ट-सबनीमा, थाना-अठमलगोला, जिला-पटना, पिन-803212 (बिहार)। **क्र. सं. : 3, कर्मचारी का नाम सर्वश्री :** डब्लू कुमार, **पद :** टेक्नी.-III/टीएमसी संगठन गोरखपुर, **अनुपस्थिति तिथि :** दिनांक 16.07.2022 से अनुपस्थित, **स्थायी पता :** ग्राम-विजय नगर, पोस्ट-विजय नगर, थाना-बांका, जिला-बांका, पिन-813102 (बिहार)। **क्र. सं. : 4, कर्मचारी का नाम सर्वश्री :** देवदीप, **पद :** टेक्नी.-III/टीएमसी संगठन गोरखपुर, **अनुपस्थिति तिथि :** दिनांक 07.07.2022 से अनुपस्थित, **स्थायी पता :** ग्राम-गोपालपुर, पोस्ट-गोपालपुर, थाना-नयागाँव, जिला-सारण, पिन-841217 (बिहार)।

**अधि. अभि./टीएमसी, अनुशासनिक अधिकारी**
**मुजाधि/अनु.-26 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 325_2023-24, 326_2023-24 और 327_2023-24, दिनांक 05.03.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **डीईएन/3/ हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 325_2023-24, कार्य का विवरण :** दाँईहाट-एईएन/कटवा के क्षेत्राधिकार में दाँईहाट में नए एफओबी (6 मीटर चौड़ाई) का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,79,75,004.23, **बयाना राशिः** रु.2,39,900/- **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 326_2023-24, कार्य का विवरण :** एईएन/कटवा के क्षेत्राधिकार में अग्रद्वीप में नए एफओबी (6 मीटर चौड़ाई) का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,64,38,463.67, **बयाना राशिः** रु.2,32,200/-**क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. 327_2023-24, कार्य का विवरण :** बिष्णुप्रिया हाल्ट- एईएन/कटवा के क्षेत्राधिकार में बिष्णुप्रिया हाल्ट में नए एफओबी (6 मीटर चौड़ाई) का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,74,82,540.68, **बयाना राशिः** रु.2,37,400/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 27.03.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा HWH-528/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# देव प्रखंड प्रमुख मनमती देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव।** देव प्रखंड प्रमुख मनमती देवी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन में पराजित हो कर प्रखंड प्रमुख को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। विदित हो कि प्रमुख के खिलाफ उप-प्रमुख कौशल्या देवी सहित एक तिहाई से अधिक सदस्यों के द्वारा हस्ताक्षरित अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए मंगलवार को यह बैठक बुलाई गयी थी। इस बैठक की अध्यक्षता उप-प्रमुख कैशल्या देवी के द्वारा की गई। सभी सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई जिसमें कुल 19 सदस्यों में से 18 उपस्थित पाए गए और एक सदस्य अनुपस्थित पाए गए। पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार सिंह बैठक में नहीं पहुंचे। अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के लिए प्रखंड कार्यालय सभाकक्ष में बीडीओ कुंदन कुमार तथा जिलाधिकारी पहले सदन में पहुंच गए थे। सबसे पहले प्रमुख मनमती देवी के खिलाफ लगाए गए आरोप को पढ़ कर सुनाया गया। तत्पश्चात प्रमुख द्वारा रखे गए पक्ष से असंतुष्ट सदस्यों ने मत विभाजन की मांग की। ऐसी स्थिति में पूरी प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए मतदान कराया गया। मतदान के बाद मतों की गिनती बैठक के अध्यक्ष के समक्ष बीडीओ द्वारा की गयी। मतदान में अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 11 मत तथा विरोध में केवल 7 मत मिले। इस आधार पर अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया और इस प्रकार प्रखंड प्रमुख की कुर्सी छिन गयी। प्रमुख मनमती देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद विपक्षी गुट का नेतृत्व कर रही कंाति देवी के समर्थकों में उत्साह देखा गया। मत विभाजन मत पेटी में वोट देकर किया गया। सबसे पहला मत अमन कुमार ने दिया। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों में कंाति देवी, प्रमिला देवी, बृजेश यादव, राहुल कुमार, उमा सिंह, कौशल्या देवी, मनीष सिंह, मानती देवी, अमन कुमार आदि शामिल थे। इस बीच प्रखंड परिसर सहित बाहरी भाग में प्रशासन की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही। विपक्षियों में काफी उत्साह देखा गया। शांति व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से एसआइ राजनंदन प्रसाद के साथ काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान बीडीओ कुंदन कुमार ने बताया कि प्रखंड प्रमुख मानमती देवी के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु बैठक आहूत की गयी थी जिसमें नियमानुसार सारी प्रक्रिया का संपादन किया गया।

# पहले आओ पहले पाओ सिस्टम के तहत किया जा रहा मूंग बीज का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पहले आओ और पहले पाओ की तरह गरमा मूंग बीज का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को भी उसी के क्रम में बीच का वितरण प्रारंभ है, जिसको लेकर किसानों की काफी भीड़ देखी जा रही है। ज्ञात हो कि दाउदनगर प्रखंड में कुल 98.12 क्विंटल बीज प्राप्त हुआ है उसके आलोक में अभी तक कुल 28.12 क्विंटल बीच का उठाव हो गया है। प्रखंड कृषि कार्यालय से प्राप्त सूचना के आलोक में बताया गया कि 10 मार्च तक 100 प्रतिशत के बीच का उठाओ करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा दिया गया है। इस मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकुमार राम, कृषि विभाग के अकाउंटेंट श्रीकांत कुमार सिंह, कृषि समन्वयक राकेश रंजन कुमार, किसान सलाहकार अमरेंद्र पांडे, शशि भूषण कुमार, राजू कुमार, प्रकाश कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाजपा द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में ओबरा विधानसभा क्षेत्र के शमशेर नगर मंडल के महावर बूथ संख्या 101 और 102 में भाजपा जिला प्रवक्ता सह अभियान के काराकाट लोकसभा क्षेत्र संयोजक अश्विनी कुमार तिवारी के नेतृत्व में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। श्री तिवारी ने बताया कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के दो लाख 15 हजार 358 लाभुक हैं। सभी लाभुकों से मिलने के लिए 6013 कार्यकर्ताओं को लगाया गया है।

# 36 घंटे बाद अपहृत बच्ची लौटी घर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** पटना के दानापुर ऑटो स्टैंड से रविवार की शाम बच्ची का अपहरण कर लिया गया था। बच्ची 36 घंटे के बाद मंगलवार की सुबह सात बजे सही-सलामत अपने घर पहुंची। किडनैपर बच्ची को सगुना मोड़ के पास मनेर जाने वाले ऑटो में बैठाकर फरार हो गया। पुलिसिया पूछताछ में बच्ची ने बताया कि आरोपित उसे दानापुर ऑटो स्टैंड से पैदल लाल कोठी शनिचरा मंदिर के रास्ते हाथीखाना मोड़ ले गया। वह लगातार कह रहा था कि तुम्हारे दादाजी आ रहे हैं, पीछे हैं। फिर हाथीखाना मोड़ से ऑटो से अपने एक दोस्त के यहां ले गया। बच्ची लगातार घर जाने के लिए रो रही थी। आरोपित सुबह घर ले जाने की बात कहकर बच्ची को शांत करवाया। सोमवार को आरोपी बच्ची को ट्रेन से अनीसाबाद से आरा ले गया। वहीं मीडिया में खबर और पुलिसिया दबिश के कारण आरोपी बच्ची को ट्रेन से ही वापस दानापुर लाया। इसके बाद सगुना मोड़ के पास मनेर जाने वाले ऑटो में 20 रुपए देकर बैठा दिया और फरार हो गया। बच्ची जैसे ही घर पहुंची परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्ची के घर पहुंचने के बाद इसकी सूचना दानापुर पुलिस को देते हुए परिजन बच्ची को थाने लेकर पहुंचे। पुलिस बच्ची से पूछताछ करते हुए आरोपित की जानकारी लेने में जुट गई है। इस मामले में दानापुर एएसपी दीक्षा ने बताया कि रविवार की शाम ऑटो स्टैंड से 11 वर्षीय एक बच्ची का अपहरण का मामला सामने आया था। मामला दर्ज कर अनुसंधान की जा रही थी। आज बच्ची अपने घर सकुशल लौट आई है। बच्ची का काउंसलिंग कर बयान दर्ज किया जा रहा है। घटना में शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। रविवार को बच्ची अपने दादा के साथ फुलवारीशरीफ मामा के इंगेजमेंट कार्यक्रम में गई थी। कार्यक्रम के बाद ऑटो से लौट रही थी। दानापुर रेलवे स्टेशन से दानापुर ऑटो स्टैंड आने के लिए दोनों ने ऑटो पकड़ा। ऑटो में एक और शख्स बैठा था। ऑटो वाले ने सगुना मोड़ के पास तीनों को यह कहकर उतार दिया कि वह ऑटो स्टैंड नहीं जाएगा। मोड़ के पास दूसरे ऑटो से तीनों दानापुर ऑटो स्टैंड पहुंचे। इस दौरान जैसे ही बच्ची के दादा ऑटो ड्राइवर को पैसा देने लगा, तो आरोपित बच्ची को लेकर निकल गया।

# ऑफिसर फ्लैट के सामने से कार चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बेली रोड स्थित ऑफिसर्स फ्लैट के सामने से कार चोरी हो गई। पीड़ित प्रियदर्शी कुणाल के अनुसार वो कल देर रात कही से आए और घर के बाहर रोड पर कार पार्क कर दी। आज जब घर से दिन में निकले तो कार गायब मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ में कुछ पता नहीं चला। कार रात को चोरी हुई या आज दिन में इसका पता नहीं चल सका है। कोतवाली थाने को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है, ताकि चोर की पहचान हो सके। बेली रोड ऑफिसर्स फ्लैट नंबर 16ए/60 के रहने वाले प्रियदर्शी कुणाल की कार घर के सामने से चोरी हो गई। प्रियदर्शी कुणाल ने कोतवाली थाने में इसके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कुणाल ने बताया है कि कल देर रात एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौटकर देर रात अपने फ्लैट पर पहुंचे। फ्लैट के सामने रोड पर गाड़ी पार्क कर दी और फ्लैट में सोने चले गए। रात में देर से सोने के कारण आज 10 बजे उठे और जब बाहर आए तो देखा कार नहीं है। आसपास के लोगों को भी कुछ पता नहीं था। इसके बाद कोतवाली थाने को इसकी सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि ऑफिसर्स फ्लैट के सामने से कार चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कार को नहीं देखा। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी की जांच कर रही है। आरोपित की पहचान कर जल्द इस मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

# देवकुण्ड महोत्सव के नाम पर लीपापोती एवं खिलवाड़ बंद हो : अकेला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** देवकुण्ड महोत्सव के नाम पर लीपापोती एवं खिलवाड़ करने की साजिश का विरोध करते हुए लोजपा(रामबिलास) के प्रदेश सचिव सह वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने जिला पदाधिकारी, स्थानीय सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद एवं पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप की मांग की है। श्री अकेला ने कहा कि भगवान दूधेश्वरनाथ की महिमा के अनुरूप ऐतिहासिक धरोहर देवकुण्ड मे तीन दिवसीय महोत्सव जनसहयोग से कराने का मंथन चल ही रहा था कि इसी बीच युवा एवं कला संस्कृति विभाग ने प्रथम महोत्सव में ही पांच लाख रुपए का आवंटन कर दिया जो स्वागत योग्य कदम है, उस राशि से प्रखंड प्रशासन द्वारा एक ही दिन का आयोजन कर उसे लीपापोती करने का प्रयास कर रहा है जो कि उचित नहीं है। प्रखंड प्रशासन को इसके लिए पहल करते हुए देवकुण्ड में गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों एवं सभी प्रकार के जनप्रतिनिधियों को बुलाकर एक विस्तृत चर्चा करना चाहिए था, जो नहीं हुआ। अतः जिला पदाधिकारी एवं सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि इसमें हस्तक्षेप कर देवकुण्ड की महिमा के अनुरूप आयोजन हो।

# दो बाइकों की टक्कर में दंपति जखमी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थरथरी पथ पर लालसे विगहा मोर के समीप दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों जख्मी को 112 नंबर की पुलिस वाहन के सहयोग से आनन-फानन में हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। जख्मी की पहचान हिलसा शहर के बिहार रोड के निवासी राहुल कुमार एवं राहुल कुमार की पत्नी गुड्डी कुमारी के रूप में किया गया है।

# महाशिवरात्रि को लेकर महावीर मंदिर में विशेष इंतजाम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 8 मार्च को महाशिवरात्रि मनाई जा रहा है। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में रुद्राभिषेक के लिए 45 भक्तों ने रसीद कटवाया है। महावीर मंदिर में मौजूद तीनों शिवलिंग पर 45 भक्त महाशिवरात्रि पर रूद्राभिषेक करेंगे। यह रुद्राभिषेक सुबह 5 बजे से लेकर रात 10 बजे तक होगा। शिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक करने के लिए भक्त पहले से ही बुकिंग करते हैं। महावीर मंदिर न्यास सचिव किशोर कुणाल ने बताया कि महावीर मंदिर में तीन शिवलिंग है। नीचे प्राचीन शिवलिंग पर सुबह 5 से रात 10 बजे तक कुल 17 रुद्राभिषेक, ऊपर शीशा बंद शिवलिंग पर सुबह 5 से रात 10 बजे तक कुल 17 रुद्राभिषेक और बीच में हनुमानजी के बगल में स्थित शिवलिंग पर सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक कुल 11 रुद्राभिषेक होंगे। यानी कि अब मिलाकर कुल 45 रुद्राभिषेक होंगे। किशोर कुणाल ने कहा कि भक्त रुद्राभिषेक कराने के लिए पर्चा कटाते हैं। पर्चा कटाने के बाद भक्तों को बाहर से कोई भी सामान लाने की जरूरत नहीं है। भक्तों को सुबह से लेकर देर रात तक रुद्राभिषेक ब्राह्मणों के द्वारा कराया जाएगा। महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तों कि भीड़ पहुंचेगी। इसको ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में ही प्रसाद और फूल खरीदने के लिए काउंटर लगाया गया है। पूर्वी छोड़ के तरफ से भी लोगों के प्रवेश के लिए गेट खोल दिया गया है।

# अलग-अलग मामलों में सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** रहुई पुलिस ने अलग-अलग मामलें में मंगलवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि थाना पुलिस ने शिवनंदन नगर से पुलिस प्रशासन पर हमला करने और सरकारी संपत्ति क्षतिग्रस्त करने के मामले में तीन लोग धरम पासवान, शम्भु पासवान, तरनी पासवान को वहीं 2011 से फरार चल रहे एक वारंटी अमिरक बिंद को बेलदारीपर गांव से गिरफ्तार किया है। शराब केनशे में धुत्त तीन नशेड़ी राजा कुमार, संतोष कुमार और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि अलग-अलग मामलें में विभिन्न गांवों से कुल सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



## मारपीट मामले में छह गिरफ्तार

**हिलसा (नालंदा)।** मंगलवार को हिलसा थाना क्षेत्र के पुणा गांव में मारपीट के मामले में 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बीते रविवार को पुराना विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गया था, जिसमे दोनों पक्ष की ओर से एक दूसरे के विरुद्ध 6 लोगों पर हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया था। पुलिस कार्रवाई करते हुए रजलु प्रसाद, रविंद्र कुमार एवं गोलू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर गहन मंथन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरांगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को प्रखड पंचायत समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने किया। बैठक की कार्यवाही गत बैठक की संपुष्टि के साथ शुरू किया गया, जिसे सदन के सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित किया। पूर्व प्रमुख विजय कुमार ने पंचायत समिति की योजनाओं का प्राक्कलन सदस्यों को दिए जाने पर सवाल किया, वहीं धनंजय कुमार ने चौराही इंटर स्कूल में नये भवन की मांग की है। प्राथमिक को मिडिल में उत्क्रमित करने सहित गिरधारी मठिया, गांधी नगर प्राथमिक स्कूल में भवन बनाने की मांग, सोनहथु व मलहारा पंचायत को आवास योजना की सूची की मांग की गई। समिति सदस्यों ने पक्का योजना को खोले जाने की मांग की 5 वी षष्टम वित्त आयोग योजना से कार्य के लिए योजना का प्रस्ताव लिया गया। बैठक में सीडीपीओ, आपूर्ति पदाधिकारी प्रशांत कुमार अनुपस्थित रहे। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारी को स्पष्टीकरण करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का रहना अनिवार्य है। पीएनबी बैंक प्रबन्धक भूषण कुमार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के सम्बंधित लोगों से आवेदन देने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक लोगो को लाभ मिल सके। बीईओ अशोक कुमार, उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी, स्वास्थ्य प्रबन्धक ब्रजकिशोर कुमार, डॉ एके रथ, डॉ कुश कुमार, जेई प्रकाश चन्द्र कुमार, जीविका के बीपीएम अलोकचन्द्र कुमार, बीसीओ संजय कुमार चौधरी, बीएओ जनेश्वर चौधरी, बुनियाद केंद्र प्रबन्धक नवीन कुमार, धनन्जय कुमार, प्रगति कुमार, दयाल साव, डॉ ब्रह्मदेव प्रसाद, रामवतार राम, मनोज राजबंशी, मुखिया गोपाल सिंह, अजित कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा, सतेन्द्र पासवन, राकेश कुमार, संतोष सौंडिक सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# आग से बचाव के लिए चलाया जागरुकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अग्निशमन विभाग दाउदनगर द्वारा दाउदनगर के कई स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर आग से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दाउदनगर के सरदार वल्लभभाई पटेल आईटीआई और ए वन आइडियल मिशन स्कूल में मॉक ड्रील कराया गया एवं पंपलेट का भी वितरण किया गया। मौके पर अग्निक चालक प्रकाश कुमार, अग्निक जितेंद्र राजवंशी, कृष्णा कुमार, नवनियुक्त अग्निक आनंद कुमार, नितीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. रंजीत ने बालिका उच्च विद्यालय को दिलायी विशिष्ट पहचान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** ऐतिहासिक नगर टिकारी के रिकाबगंज मोहल्ला स्थित प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पद पर प्लस टू महावीर उच्च विद्यालय गया मे मूल्यांकन निर्देशक के रुप में कार्य कर रहे सुरेश यादव ने अपना योगदान संभाला। प्राचार्य कक्ष में नए प्रधानाध्यापक का भव्य स्वागत हुआ। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ रंजीत कुमार सिंह ने माला पहना पुष्प गुच्छ प्रदान कर प्रधानाध्यापक का स्वागत किया वहीं विद्यालय की बच्चियों ने अभिनंदन गीत प्रस्तुत कर नए प्रधानाध्यापक का स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक अली ईमाम ने कहा कि नए प्रधानाध्यापक से हम शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ छात्राओं एवं अविभावकों को बहुत उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय को विशिष्ट पहचान दिलाते हुए विकास को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ रणजीत कुमार सिंह जो लंबी लकीर खींची उम्मीद है कि नए प्रधानाध्यापक उससे भी लंबी लकीर खींचने मे कामयाब होंगे। विकास को लेकर उन्होंने इस विद्यालय के हृदय पटल पर अमिट छाप छोड़ी है। वहीं नए प्रधानाध्यापक सुरेश यादव ने कहा कि विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास को लेकर मेरा भी प्रयास जारी रहेगा। आप सभी से उतनी ही सहयोग की अपेक्षा करता हूं। उन्होनें विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, कर्मियों एवं छात्राओं को विद्यालय में यथा समय उपस्थित रहकर अनुशासित तरीके से प्रावधानों का पालन करते हुए पठन पाठन के संचालन में सहयोग करने की बात कही। वहीं उन्होनें कहा कि फिलहाल मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने तक प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ रणजीत कुमार सिंह विद्यालय के कार्यों का सम्पादन करेगें। नए प्रधानाध्यापक सुरेश यादव ने इस दौरान निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह के संग घूम-घूम कर विद्यालय के सभी कक्षों, ई पुस्तकालय, सभागार, कंप्यूटर कक्ष, संसाधन केन्द्र का भी अवलोकन किया। इस मौके पर मनोज कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, पूनम कुमारी, बेबी कुमारी, मो अली ईमाम अंसारी, मो कमरूल, सुरेंद्र यादव सहित कई शिक्षक, शिक्षिका, कर्मी एवं काफी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

# नेहरू युवा केंद्र ने किया खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** नगर के मखपा मोहल्ला स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय मे नेहरू युवा केन्द्र की ओर से मंगलवार खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो सलीम एवं युवा सामाजिक कार्यकर्त्ता शुशील कुमार मिश्रा 'साहिल' , सौरभ शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करने के उपरान्त विधिवत रिबन काट कर किया गया। कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल एवं 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में अजीत कुमार, 200 मीटर दौड़ में रौशन कुमार व 400 मीटर दौड़ में रूपेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में कप्तान अंजनी कुमारी की टीम ने सोनाली कुमारी की टीम को मात देकर, फुटबॉल में रौशन कुमार की टीम ने नीतीश कुमार की टीम को मात देकर व वॉलीबॉल में कार्तिक कुमार की टीम ने गोलू कुमार को मात देकर जीत हासिल की। विजेताओं को नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक सौरभ शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य मो सलीम, समाजिक कार्यकर्ता सुशील मिश्रा साहिल व सोनू कुमार द्वारा मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं सौरभ शर्मा द्वारा विद्यालय के प्राचार्य मो. सलीम व सुशील मिश्रा साहिल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सौरभ ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल कूद युवाओं में अलग जोश लाता है व कई मायने में फायदेमंद है। प्रतियोगिता के दौरान रॉकी कुमार, शिवम कुमार, अमित कुमार, मोनू कुमार सहित काफी संख्या में विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं को लाभुकों को आच्छादित करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, केसीसी, पीएमकेएसवाई एवं कर्ज माफी की समीक्षा की।

बैठक में मुख्य रूप से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना समेत अन्य योजनाओं की बारी-बारी समिक्षा की। इस दौरान उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को सभी योग्य लाभुकों का ई-केवाईसी करवाते हुए एसक्रो या डेडिकेटेड एकाउंट खुलवाते हुए लाभुकों का अंशदान जमा करवाने हेतु प्रखंड पशुपालन पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभुकों को आच्छादित करने के निर्देश दिया। उपायुक्त श्री रंजन ने सभी विभागों के व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध एवं किए गए कार्य के आलोक में प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि यदि अनुमोदन हेतु कोई योजना लंबित है तो संचिका के माध्यम से शीघ्र अनुमोदन प्राप्त करते हुए योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।



## आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** आराधना पटनायक, (जे एस पॉलिसी, भारत सरकार) के द्वारा आज आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर, खूंटी का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में दवा की उपलब्धता का निरीक्षण किया। इस क्रम में टेलीमेडिसिन सेवाओं को बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही पेपरलेस कार्य करने की बात कही। खूंटी जिले के सपारोम एवं कालामाटी स्थित आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया और दवा की उपलब्धता आदि से संबंधित जांच की गई। साथ ही उन्होंने टेली मेडिसिन सेवा पेपरलेस कार्य करने एवं सारा रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने, मरीजों का ओनलाइन इंट्री करने एवं सभी लोगों का आभा कार्ड बनाने व योगा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्कलोड को कम करने के लिए तकनीक का उपयोग अति आवश्यक है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सरकार से मिलने वाले बारह सेवाओं का प्रचार प्रसार कराने एवं लोगों को सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की बात कही गई। साथ में अभियान निदेशक डॉक्टर आलोक त्रिवेदी, डॉक्टर कमलेश कुमार, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज, अजय शर्मा, मनीर अहमद, काननबाला तिर्की, चिकित्सा पदाधिकारी, खूंटी, डाक्टर आलोक बिहारी, सोफिया सीमा बाडा, नाडिया हासिम, अनीता बनर्जी, विकास सिंह, नुतन तिग्गा, जपाइगो के डॉक्टर सुशांत, अभय कुमार भगत एवं एंजेला शामिल थे।




## आरपी एक्ट 1951 एवं सीआरपीसी संबंधित उपयोगी धाराओं की दी गई जानकारी

### सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक में समाहरण के सभागार में प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप की निगरानी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, तोरपा सह एनएलएमटी कुमुद कुमार झा द्वारा सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उक्त अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही आरपी एक्ट 1951 एवं सीआरपीसी एक्ट के तहत चुनाव से संबंधित उपयोगी धाराओं की विस्तृत जानकारी दी गई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 72 सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



## सखी मंडल की दीदियों ने मेहंदी एवं रंगोली बनाकर चलाया जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** जिले के विभिन्न पंचायतों में महिला समूह की दीदीओं द्वारा स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला समूह की दीदियों द्वारा रंगोली, मेहंदी का बेहतर प्रदर्शन कर आस पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। सभी को निर्वाचन के अवसर पर अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही प्रखंड स्तर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं बीएलओ सुपरवाइजर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी निर्वाचन सबंधित गतिविधियों के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता सुनिश्चित कराने संबंधी निर्देश दिए गए।




# खूंटी में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मेलन का समापन

## किसानों के बीच मूंग बीज, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य परिसंपत्ति का किया गया वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** कृषि, पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा कचहरी मैदान, खूंटी में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मेलन का समापन हो गया। इस दौरान जिले के किसानों को कृषि की उच्च तकनीक क्री जानकारी दी गई। मेला में जिले के विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे, जहां कृषकों सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लेने की अपील की गई। किसानों के बीच दलहन फसल मूंग का बीज, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य परिसंपतियों को वितरण किया गया। मेला में आजोजित उत्पाद प्रदर्शनी में उत्कृष्ट उत्पादन के क्रम में कृषकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार सहित अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का शुभारंभ किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के आय को दुगुनी करने हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को सशक्त करने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि किसान उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकि से कृषि कर अपनी आर्थिक स्थिति को कैसे सुदृढ़ करें, इस दिशा में जिला प्रशासन की टीम लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपने सर्वांगीण विकास के लिए संचालित योजनाओं के प्रति जागरुक होकर योजनाओं से लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय संचालित योजनाओं के तहत जिले में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सोलर इरिगेशन सिस्टम का वितरण करने की योजना है। उन्होंने कहा कि जिले में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज व मशरूम की खेती में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि जिला में 60 मैट्रिक टन क्षमता वाले कटहल प्रसंस्करण यूनिट का अधिष्ठापन का कार्य आरंभ है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में जिले में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज, आम सहित अन्य उत्पादों के प्रसंस्करण यूनिट का अधिष्ठापन कराया जाएगा।




## लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोजपा के प्रवक्ताओं की बैठक

**पटना।** आज राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय पटना में सभी प्रदेश प्रवक्ताओं एवं प्रदेश मीडिया प्रभारियों की आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर समीक्षा बैठक मुख्य प्रवक्ता चन्दन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

आज के समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस जी के बिहार प्रदेश में किये गये कार्यो तथा केन्द्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही सारी योजनाओं एवं बिहार सरकार में चलाई जा रही जनहित में सारी योजनाओं को जन जन तक जिला, प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर तक पहुंचाने एवं बताने का कार्य पर नीति, रणनीति बनाई गई। आगे मुख्य प्रवक्ता चंदन सिंह ने कहा कि लालू यादव द्वारा 3 मार्च को रैली में यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी पर परिवार एवं हिन्दु धर्म पर दिये गये अपमानजनक बयान पर बताया कि पूरा देश मोदी जी के परिवार है एवं लालू यादव का पूरा परिवार मंच पर भरा हुआ देखने को मिला। इंडिया गठबंधन मुद्दाविहीन है इसलिए निजी टिका टिप्पणी पर उतर आई है। प्रदेश प्रवक्ता ललन चन्द्रवंशी ने कहा कि तेजस्वी यादव आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किये गए जनहित कार्यों को भुनाने का काम कर रहे हैं। आज उनमें इतनी ताकत है तो एक चपरासी के पद पर नौकरी देकर दिखाए। प्रदेश प्रवक्ता चन्दन कुमार ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने एक लक्ष्य दिया है अबकी बार चार सौ पार जिसको राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी बिहार के चालीसों सीट पर जीताने का काम करेगी। प्रवक्ता शिवनाथ पासवान ने कहा कि हाजीपुर से पशुपति पारस को रिकॉर्ड मतों से हाजीपुर की जनता सदन में भेजने का काम करेगी।

## ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से 31 सहियाओं एवं छह ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियों को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** जिले के नगर भवन में सहियाओं के जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य कार्यक्रम समन्वयक, अकय मिंज, मनीर अहमद, अजय शर्मा एवं जिले का सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन डीपीसी उदयन शर्मा ने किया। मौके पर राज्य कार्यक्रम समन्वयक, अकय मिंज ने कहा कि सहियाओं के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य की सेवा सुदृढ हुई है और राष्ट्र स्तर पर पहचान बनी है। उनके हौसले को बढ़ाने के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया जाता है और बेहतर कार्य करने वाले सहियाओं एवं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुरस्कृत किया जाता है। स्टेट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर मनीर अहमद ने कहा कि सहियाओं के कार्यों को देखते हुए समय-समय पर विभिन्न सहयोगी वस्तुएं दी जाती हैं। दवा कीट, साइकिल, बैच, बंडी आदि दी जा चुकी है। अब सहिया कार्यक्रम को डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। बहुत जल्द सहियाओं को टैब उपलब्ध कराए जायेंगे ताकि अपने कामों को बेहतर तरीके से कर सकें। जिले के सिविल सर्जन ने कहा की सहियाओं के सहयोग से जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुई है और जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम में सहियाओं ने अपने बातों को रखा और क्षेत्र में हो रहे कठिनाइयों के संबंध में बताया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित गीत भी प्रस्तुत किया। वित्तीय वर्ष में बेहतर काम करने के लिए कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने भी अपने विचारों को रखा। मुख्य अतिथियों के द्वारा बेहतर कार्य करने हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से इकत्तीस सहियाओं एवं छह ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुरस्कृत किया गया। मौके पर काननबाला तिर्की, सुनीता दास, विकास कुमार, डॉ रजनी टोप्पो, डॉ नामिता टोप्पो, श्वेता सिंह एसटीटी, बीटीटी सहिया साथी एवं सहियाएं मौजूद रहे।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रशिक्षण, कार्मिक एवं निर्वाचन कोषांग के कार्यों की समीक्षा

### कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे, इसका रखें ध्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। इस दौरान विशेष रूप से प्रशिक्षण, कार्मिक एवं निर्वाचन कोषांग के कार्यों की समीक्षा की गई।

मौके पर सभी को निर्देशित किया गया कि कोषांगों के कार्यों को सफलता के साथ संचालन हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। इस दौरान सभी कोषांगों में प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोषांग के वरीय पदाधिकारी को चाहिए कि कार्य निष्पादन में त्रुटि की संभावना ना रहे। अलग-अलग कोषांगों के कार्य एवं दायित्वों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा गया कि आवश्यक सामानों एवं संसाधनों की सूची उपलब्ध कराया जाय ताकि ससमय व्यवस्था मुहैया कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि जरुरत के अनुसार कोषांगों के अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने स्वीप कोषांग को निर्देश दिए कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित ना रहे, इसे लेकर लो वोटर टर्नआउट बूथ पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाय। गठित कोषांग में प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संबंधित कोषांगों में अपने दायित्वों का उचित निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।




## एक नजर

### टेक्नो का ऑल-राउंडर स्पार्क 20सी अमेजन पर 7,999 में उपलब्ध

**पटना।** किफायती कीमतों पर सर्वोत्तम श्रेणी की सुविधाएँ प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर खरा उतरते हुए, ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने भारत में एक और ऑल-राउंडर स्मार्टफोन- टेक्नो स्पार्क 20सी की पेशकश की है, जिसकी प्रतिस्पर्धी कीमत रुपए 8,999 है। हालाँकि, एक रोमांचक लॉन्च ऑफर के साथ, यूज़र्स 5 मार्च, 2024 से विशेष रूप से अमेज़न पर रुपए 7,999 की अत्यधिक शानदार कीमत पर इस स्मार्टफोन की खरीदी कर सकते हैं। टेक्नो स्पार्क 20सी अधिक प्रीमियम रोजमर्रा के स्मार्टफोन अनुभव के लिए यूज़र्स को स्मार्टफोन में मिलने वाली सभी नवीन प्रमुख विशेषताओं की पेशकश करके 'एक स्मार्ट विकल्प' होने के अपने वादे पर खरा उतरता है। अन्य स्मार्टफोन्स में जहाँ यूज़र्स को चुनिंदा स्पेसिफिकेशन्स को प्राप्त करने के लिए समझौता करना पड़ता है, वहीं इसके विपरीत स्पार्क 20सी यूज़र्स के लिए इस संघर्ष को समाप्त करता है। एक उल्लेखनीय डिस्प्ले और शक्तिशाली कैमरे से लेकर पर्याप्त स्टोरेज तक, टेक्नो स्पार्क 20सी एक शानदार डिज़ाइन के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं को एकीकृत करता है, जो इसे यूज़र्स के लिए एक बहुमुखी साथी बनाता है। मूल्य में वृद्धि करते हुए, स्पार्क 20सी एक कॉम्प्लिमेंटरी ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन के साथ आता है, जिसका मूल्य रुपए 5,803 है। यह यूज़र्स को सीधे अपने फोन पर 24 लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पहुँच प्रदान करता है, जिससे वे अपनी सुविधानुसार रोमांचक कॉन्टेंट का आनंद ले सकते हैं। इस प्रकार, टेक्नो यूज़र्स को मनोरंजन की दुनिया में शामिल करते हुए, मेकएस्मार्टरचॉइस के लिए आमंत्रित करता है।

### महिला एमएसएमई डिजिटल बिजनेस टूल के उपयोग में छोटे शहर बड़े से आगे

**पटना।** बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड पर 200,000 एसएमई सदस्यों के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के छोटे शहरों और कस्बों की महिला व्यवसायी डिजिटल समाधान अपनाने में सबसे आगे हैं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम इंस्पायर इंक्लूजन' है, जो महिला व्यवसायियों मालिकों को 'आत्मनिर्भर' बनाती है। टाइड के प्लेटफॉर्म पर वर्तमान में 23,000 महिला सदस्य हैं, जिनमें से 10 प्रतिशत, या लगभग 2200, बिहार में हैं। टाइड के आंकड़ों के अनुसार इन 2200 महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों में से 86.5 प्रतिशत बिहार के अर्ध-शहरी शहरों और कस्बों से हैं। इनमें पश्चिम चंपारण, मुजफ्फरपुर, लौरिया, समस्तीपुर, मोतिहारी, सीतामढी, सीवान और बांका शामिल हैं। बदलते उपभोक्ता व्यवहार और बढ़ती आकांक्षाओं के साथ, टियर 2, 3, 4 और उससे आगे के शहर, जिन्हें अक्सर 'भारत' कहा जाता है, भारत में एसएमई के लिए विकास के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। टाइड इन इंडिया के सीईओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा, ''आम धारणा यह है कि मेट्रो शहरों में उद्यमी अत्यधिक तकनीक-प्रेमी होते हैं।

### डा. बी आर अम्बेडकर इंस्टीच्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एण्ड हास्पिटल में कॉन्स एंडोडोंटिक्स डे मना

**पटना।** मंगलवार को डॉ बी आर अम्बेडकर इंस्टीच्यूट ऑफ डेंटल साईसेंस एण्ड हॉस्पीटल में ''कॉन्स एंडोडोंटिक्स डे'' मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राएँ, डॉक्टर एवं मरीज की भागीदारी रही। इसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें मुख्यतः मरीजों को दांत से संबंधित बिमारियों के बारे में बताया गया। कॉलेज के ऑडिटोरियम में संस्थान के छात्र-छात्राएँ एवं डॉक्टरों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन देकर दांत से संबंधित बीमारी एवं उससे बचाव के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ अविनाश, डॉ सोनल, डॉ स्वेता झा, डॉ स्वेता प्रकाश, डॉ अमित कुमार, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ सुमित वर्मा, डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित थे।

### एचडीएफसी बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए सेल के साथ समझौता किया

**पटना।** एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत, सेल के 60,000 से अधिक ऑन-रोल और 65,000 संविदा (कॉन्ट्रेक्ट आधार पर कार्यरत) कर्मचारियों को अब एचडीएफसी बैंक के कॉर्पोरेट वेतन खाते (सीएसए) में जाने का अवसर मिला है। इस कदम से सेल के कर्मचारियों को खाते के हिस्से के रूप में दी जाने वाली सुविधाओं से काफी लाभ होगा। सेल भारत में सबसे बड़ी इस्पात बनाने वाली कंपनियों में से एक है और देश के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के महारत्नों में से एक है। यह संबंध विशेष रूप से सेल के कर्मचारियों के लिए विस्तारित लाभ भी प्रदान करता है पारिवारिक बैंकिंग सुविधा, व्यक्तिगत और हवाई दुर्घटना कवर, मेडिकल टॉप-अप, क्रेडिट कार्ड की विशेष रेंज और व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, ऑटो ऋण और दोपहिया ऋण पर आकर्षक ऑफर प्राप्त करने की सुविधा। सेल के साथ किया गया एमओयू कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के साथ एचडीएफसी बैंक का 5वां गठबंधन है। मनोज मेहता, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और जोनल हैड, ईबीएफएस, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से हम 1,20,000 मजबूत कर्मचारी-आधार की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तत्पर हैं। एमओयू पर प्रवीण निगम - ईडी एफ एंड ए, सेल और मनोज मेहता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जोनल हेड ईबीएफएस, एचडीएफसी बैंक ने हस्ताक्षर किए।

### सहायक निदेशक ने फसलों का किया भौतिक निरीक्षण

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार पटना के सहायक निदेशक डॉ. अरविंद कुमार के द्वार केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं 2023 -24 के अनुवीक्षण के तहत पलामू जिला अंतर्गत, मेदीनीनगर, नीलांबर-पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) पाटन, नावाबजार प्रखंड के खनवा, रबदा, कुंदरी में सरसो,चना और मंसूर का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही द्वटक्ष योजना के तहत नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड के सिंगल विंडो सेंटर में गरमा मूंग बीज का वितरण किया। सहायक निदेशक के साथ तकनीकी सहायक मनोज कुमार, बीटीएम सुमित वर्मा, एटीएम प्रकाश रंजन सिंह, सुनैना कुमारी,अभिमन्यु कुमार, अनिल मेहता सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### दुर्गानन्द झा ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के रूप में किया प्रभार ग्रहण

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के रूप में आज दुर्गानन्द झा (झा.शि.से.) ने प्रभार ग्रहण किया। साथ ही पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर पदभार संभाला। इसके पूर्व वे साहेबगंज में जिला शिक्षा पदाधिकारी थे एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में थे। इन्हें पलामू का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सोपा गया है। प्रभार ग्रहण के उपरांत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय के ज्ञानेश्वर पाठक, नीरज सिन्हा, शितलेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मनीयस राज, लक्ष्मण राम आदि कर्मियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रधान लिपिक महेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

CMYK

# रोहित और द्रविड़ धर्मशाला पहुंचे

## प्रैक्टिस सेशन में शामिल होना मुश्किल



**धर्मशाला में 7 साल बाद टेस्ट मैच हो रहा**

धर्मशाल में इतिहास का दूसरा ही टेस्ट मैच होगा। इससे पहले 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पहला टेस्ट मैच खेला गया। भारत ने इसे 8 विकेट से जीतकर सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया था। अब भारत और इंग्लैंड के बीच यहां 7 मार्च से सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा।

**धर्मशाला।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ धर्मशाला पहुंच गए हैं। टीम के बाकी खिलाड़ी 3 मार्च को ही [illegible] स्टेडियम पहुंच गए थे। जहां 2 दिन बाद 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ 5वां टेस्ट खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ एक स्टेट इवेंट में चीफ गेस्ट बन कर गए थे। वे दोपहर तक धर्मशाला पहुंचे। इसलिए उनका आज के प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल होना मुश्किल है।



### टीम 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गई

इंग्लैंड और टीम इंडिया के खिलाड़ी 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गए। इनके साथ कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ स्टेडियम नहीं पहुंच सके। दोनों के मंगलवार सुबह तक ग्राउंड पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दोपहर करीब 1:30 बजे तक ग्राउंड पहुंचे। दोनों टीमें 3 मार्च को प्रैक्टिस शुरू करने वाली थी, लेकिन तेज बारिश के कारण प्रैक्टिस नहीं हो सकी। फिर 4 मार्च को मौसम साफ हुआ और दोनों टीमों ने तैयारी की। अब 5 मार्च को भी दोनों टीमों का प्रैक्टिस सेशन है, लेकिन इसमें रोहित और द्रविड़ के शामिल होने की संभावनाएं कम हैं।

### खेल महाकुंभ में शामिल होने गए थे रोहित-द्रविड़

रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ धर्मशाला से करीब 150 किमी दूर बिलासपुर गए थे। यहां उन्होंने कैबिनेट मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के साथ खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। रोहित इससे पहले बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष पर रहीं शीतल, नॉकआउट में मिलेगी शीर्ष वरीयता

**दुबई, एजेंसी।** अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा।

बिना बाजुओं की तीरंदाज शीतल देवी आठवें फजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के



क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर रहीं। यह पेरिस पैरालंपिक का क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है। शीतल ने महिला कंपाउंड के ओपन वर्ग में 360 में से 348 का स्कोर किया। अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। हालांकि उन्हें और राकेश कुमार को कंपाउंड मिक्स टीम के सेमीफाइनल में तुर्की के हाथों 145-148 से हार का सामना करना पड़ा। राकेश का एक निशाना पांच पर लगा, जिससे समीकरण बिगड़ गए।

### टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इस देश के साथ सीरीज खेलेगा पाकिस्तान

**कराची।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले ही पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से दोनों टीमों के लिए ये सीरीज बहुत ही अहम है। इस सीरीज में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड टी20 वर्ल्ड कप के लिए सही टीम संयोजन तलाशने की कोशिश करेंगे। लेकिन अब सीरीज से पहले ही न्यूजीलैंड का एक डेलीगेशन सुरक्षा व्यवस्था जायजा लेने के लिए पाकिस्तान पहुंच गया है। पाकिस्तान पहुंचा न्यूजीलैंड का डेलीगेशन न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अप्रैल में होने वाली



टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायज लेने के लिए उसका एक डेलीगेशन पाकिस्तान पहुंच गया है। इस डेलीगेशन में न्यूजीलैंड क्रिकेट के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल है। यह डेलीगेशन लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद का दौरा करने के लिए पहुंचा है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैच की सीरीज अप्रैल में लाहौर और रावलपिंडी में खेली जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल मैच स्थलों और उन होटलों का दौरा करेगा जहां टीम को ठहरना है। वह टीम की सुरक्षा योजना को लेकर सरकार और सुरक्षा अधिकारियों से भी जानकारी लेगा। डेलीगेशन में न्यूजीलैंड खिलाड़ी संघ के सीईओ भी शामिल हैं।



# आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत

### सोशल मीडिया पर लिखा- सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता

नईदिल्ली, एजेंसी। डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं। हालांकि, धोनी के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी कुछ दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था।

### 22 मार्च से शुरू होगा मौजूदा सीजन

आईपीएल का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। बीसीसीआई ने लीग के पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस सीजन का ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।

**धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में हो गए थे चोटिल-** धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2023 के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। गुजरात की पारी के 19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई, जिसके बाद धोनी कराहते नजर आए। उन्होंने तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था। वह किसी तरह खड़े हो गए। कुछ देर धोनी परेशान नजर आए। उसके बाद उन्होंने विकेट कीपिंग जारी रखी। धोनी की यह फोटो गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के पहले मैच की है। जब गुजरात की पारी के आखिरी ओवर में धोनी डाइव लगाने के दौरान चोटिल हो गए थे।

# शटलर बी साई प्रणीत ने किया संन्यास का एलान

### 31 की उम्र में खत्म किया शानदार करियर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 31 वर्षीय बी साई प्रणीत ने अपने शानदार करियर को समाप्त करने का एलान सोमवार को इंस्टा के जरिए किया। भावुक पोस्ट के जरिए स्टार शटलर ने नई पारी की शुरुआत की भी जानकारी दी। भारतीय बैडमिंटन स्टार बी साई प्रणीत ने रविवार को संन्यास का एलान कर दिया। 31 वर्ष की उम्र में स्टार शटलर ने अपने करियर को समाप्त कर दिया। प्रणीत ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप के दौरान कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। 36 साल बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बने। इससे पहले 1983 में प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीता था। हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर को खत्म करने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर एक पोस्ट किया।

**फ्रेंच ओपन**

# सिंधू चार महीने बाद सुपर सीरीज टूर्नामेंट में उतरेंगी



### देश के सभी शीर्ष शटलर पेश करेंगे दावेदारी

**पेरिस, एजेंसी।** चोट के चलते कोर्ट से दूर रहने वाली सिंधू ने भारत को एशियाई टीम चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस टूर्नामेंट में तीन एकल मुकाबले खेले, जिसमें उन्हें दो में जीत मिली और एक में हार का सामना करना पड़ा है।

एशियाई टीम चैंपियनशिप के जरिए बीते माह कोर्ट पर वापसी करने वाली पीवी सिंधू चार माह बाद किसी सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरने जा रही हैं। मंगलवार से शुरू होने जा रहे फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंधू ही नहीं बल्कि देश के सभी शीर्ष शटलर अपनी दावेदारी पेश करने जा रहे हैं। सभी की निगाहें पेरिस ओलंपिक के टिकट के लिए इस टूर्नामेंट के जरिए अपनी रैंकिंग सुधारने पर होंगी। खासतौर पर विश्व नंबर 19, 24 लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत कठिन ड्रॉ के बावजूद अपना प्रभाव छोड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। पिछले तीन टूर्नामेंट में उपविजेता के साथ संतोष करने वाली विश्व नंबर एक जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर सभी की निगाहें होंगी।

### लक्ष्य-श्रीकांत को पहले दौर में कड़ी टक्कर

सात्विक-चिराग को नवंबर में बीते वर्ष चाइना ओपन मास्टर्स, मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली। यहां उनके पास खिताब जीतने का मौका होगा। उनका सामना पहले दौर में मलयेशियाई जोड़ी ओंग ये सिन और तेओ एई यी से होगा। सात्विक का कहना है कि हमने तीन टूर्नामेंट के फाइनल खेले और तीनों हारे। हमें अहम मौकों पर शांत रहना होगा। विश्व नंबर सात और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एचएस प्रणय पहले दौर में चीन का लू गुआंग जू से टकराएंगे। लक्ष्य के सामने जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती होगी, जबकि श्रीकांत के सामने ताइवान के चोउ तिएन चेन होंगे। उभरते शटलर प्रियांशु राजावात विश्व नंबर एक डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से टकराएंगे। महिला युगल में त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद के अलावा अश्वनी पोनप्पा-तनीषा क्रास्टो भी ओलंपिक टिकट के लिए जोर लगाएंगी।

**पेरिस ओलम्पिक्स 2024**

# क्वालिफायर के पहले दौर में हारीं जैस्मिन

### अभी भी छह मुक्केबाज कोटा हासिल करने की दौड़ में

**बस्टो अरसीजिओ (इटली),** एजेंसी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं। विश्व ओलंपिक क्वालिफायर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन का क्रम जारी है।

दीपक बोरिया और नरेंदर कुमार की हार के बाद रविवार की देर रात राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया भी 60 भार वर्ग में पहले दौर में हार गईं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं। सोमवार की देर रात लक्ष्य चाहर 2021 की एशियाई चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले ईरान के मेयसाम घेशलाघी से भिड़ेंगे।



**रणजी ट्रॉफी में बवाल**

# कोच ने कप्तान पर फोड़ा हार का ठीकरा, आमने-सामने थे मुंबई-तमिलनाडु

**मुंबई, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई के हाथों मिली करारी हार के बाद तमिलनाडु टीम में अफरा-तफरी का माहौल है। टीम का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है। एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ा जा रहा है। तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने हार के पीछे अजीबोगरीब तर्क देते हुए टॉस को दोषी ठहराया है। तमिलनाडु के कोच की माने तो कप्तान आर. साई किशोर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जबकि हमें गेंदबाजी करनी चाहिए थी। इस बयान के बाद अब क्रिकेट जगत में भूचाल आ गया है। टीम इंडिया के सीनियर विकेटकीपर और तमिलनाडु के खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने कोच सुलक्षण कुलकर्णी के बयान को गैरजिम्मेदाराना और बेकार बताया।

**चलिए जानते हैं आखिर क्या है पूरा मामला?** - तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी का मानना है कि टीम रणजी ट्रॉफी 2023-24 का सेमीफाइनल शुरू होते ही हार गई थी। कप्तान आर. साई किशोर के गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद पहले बल्लेबाजी करने के फैसले की कोच कुलकर्णी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वे विपक्षी टीम के पहले गेंदबाजी करने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे और कप्तान के फैसले ने उन्हें चौंका दिया।

**वेटलिफ्टिंग**

# भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ की नई पहल, देश के अंदर ही प्रशिक्षकों को तैयार करेगा विदेशी कोच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी।

अब तक भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेलों की तैयारियां के लिए विदेशी प्रशिक्षक अनुबंधित किए जाते रहे हैं, लेकिन भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ अपने प्रशिक्षकों को विदेशी कोच से तैयार कराने की परंपरा आगे बढ़ाना जा रहा है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक भारतीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए मिस्र के जाने वेटलिफ्टिंग कोच और एजुकेटर अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया है। हसन के इस सप्ताह भारत आने की उम्मीद है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी। अब इसे सिरे चढ़ाने के लिए अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया जा रहा है।

# अंबे महोत्सव में कलाकारों ने मचाया धमाल

मिथिलेश कुमार

**अंबा (औरंगाबाद)।** अम्बे महोत्सव के दूसरप दिन प्रतियोगिताओं का दौर रहा। इस दौरान सिनियर और जुनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध एवं सुलेख प्रतियोगिता, कब्बड्डी और कुश्ती समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जूनियर वर्ग की अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल नवीनगर की शताक्षी गुप्ता ने प्रथम, आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय अंबा के वकील राजवंशी और संत जेवियर उच्च विद्यालय अंबा के युवराज भंडारी ने द्वितीय तथा टैगोर विद्यापीठ के हैप्पी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग की हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में आदित्य पब्लिक स्कूल की खुशी कुमारी में प्रथम, मध्य विद्यालय चिल्हकी की तनु कुमारी ने द्वितीय तथा आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय के सुजल कुमार गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की इंग्लिश निबंध प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल नवीनगर की शताक्षी गुप्ता में प्रथम तथा आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय के सिद्धार्थ सिंह नें द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की हिंदी निबंध प्रतियोगिता में टैगोर विद्यापीठ अंबा की अर्चना कुमारी ने प्रथम, बाल विकास विद्यालय के इशांत कुमार ने द्वितीय तथा आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय के सुजल कुमार गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग हिंदी निबंध प्रतियोगिता में विवेकानंद पब्लिक स्कूल के स्वीटी कुमारी ने प्रथम तथा सिंपी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जुनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में अंकित राज ने प्रथम, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के रुखसार प्रवीण ने द्वितीय तथा आलिया प्रवीण तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सिनियर वर्ग की चित्रांकन प्रतियोगिता डीएवी औरंगाबाद की ज्योति कुमारी ने प्रथम, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के अंकित सागर ने द्वितीय तथा संत जेवियर हाई स्कूल अंबा के आयुषी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आदित्य पब्लिक स्कूल के शशांक कुमार ने प्रथम, दीपक कुमार ने द्वितीय तथा मध्य विद्यालय बड़ौदा के सीम्पी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही सिनियर वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विवेकानंद पब्लिक स्कूल के शुभम कुमार ने प्रथम प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के सागर सिंह ने द्वितीय तथा विवेकानंद पब्लिक स्कूल के रंजीत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। देवी गीत विद्या प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी की अनुभव श्री एवं संभव श्री ने प्रथम, चिल्हकी हाई स्कूल अंबा की रिमझिम कुमारी और मध्य विद्यालय तेलहारा के शिवम कुशवाहा ने दूसरा तथा हाई स्कूल कुटुंबा के मोहित कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुगम संगीत विद्या में प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी की अनुभव श्री एवं संभव श्री ने प्रथम, चिल्हकी हाई स्कूल अंबा की अंशु कुमारी ने द्वितीय तथा हाई स्कूल कुटुंबा की नंदिनी एवं एवं साथी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य विधा में प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय अंबा की स्वीटी राज ने प्रथम, मध्य विद्यालय रतीखाप की स्नेहा इशा सोनाली ने द्वितीय तथा टैगोर विद्यापीठ के कनक एवं कार्तिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



## दंगल के दांव-पेचों ने किया रोमांचित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबे महोत्सव के दूसरे दिन अलग-अलग भार वर्ग के पहलवानों ने दमखम दिखाया। पहलवानों के दांव-पेंच ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दंगल में कई पहलवानों ने जोर-आजमाइश की। पहलवान नंदन कुमार और गौरव कुमार यादव के बीच हुए मुकाबले में गौरव कुमार ने जीत हासिल किया। वहीं आदित्य कुमार और मनीष कुमार के बीच हुए मुकाबले में मनीष कुमार, रुद्र प्रताप सिंह एवं सूरज कुमार के बीच हुए मुकाबले में सूरज कुमार, ऋषि राज और नंदन कुमार के बीच हुए मुकाबले में नंदन कुमार, निगम कुमारी और शिवानी कुमारी के बीच हुए मुकाबले में शिवानी कुमारी, कुणाल कुमार एवं मनीष कुमार के बीच हुए मुकाबले में मनीष कुमार, सलोनी कुमारी एवं सौम्या रुनझुन के बीच हुए मुकाबले में सौम्या रुनझुन, शिवानी कुमारी और अनु कुमारी के बीच हुए मुकाबले में अनु कुमारी तथा ऋषि राज एवं गौरव कुमार यादव के बीच हुए मुकाबले में गौरव कुमार यादव ने बाजी मारी।

# बीआरबीसीएल कर्मियों ने ली सुरक्षा की शपथ





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीजेसी शास्त्री एवं मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान एवं संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा स्वयं एवं अपने परिवार के लिए जरूरी है क्योंकि परिवार का दायित्व स्वयं के ऊपर निर्भर है। जीवन अमूल्य है, कार्य करने से पहले उससे जुडे खतरे के बारे में जानकारी प्राप्त करे व असुरक्षित स्थितियां दूर करे, उसके पश्चात ही कार्य करे। हर एक दुर्घटनाओं का विश्लेसन किया जाए तथा उन्हे रोकने का प्रयास किया जाए। उपस्थित कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए सभी को सुरक्षा के प्रति सचेत होने एवं इसको अपनाने का आग्रह किया एवं तकनीकी सुधार एवं प्रषिक्षण द्वारा दुर्घटना को नियंत्रित करने का भी आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुधांशु शेखर साहू, महाप्रबंधक (अनुबंध और सामग्री), मैथ्यू ईपेकोवूर, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), संदीप कुमार दास, महाप्रबंधक (परियोजना), अहमद कौनैन रजा, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), बिमल कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन), अनिरुद्ध सिंह, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विजयश्री रंगनाथन, मुख्य वित्तीय अधिकारी एवं अनिल गौड़, उपसमादेष्टा (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) भी उपस्थित थे। सुरक्षा दिवस के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का समन्वय अशोक कुमार झा, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) के द्वारा किया गया एवं वार्षिक सुरक्षा सम्बनधित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। सप्ताह के दौरान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों, बच्चों, महिलाओं, संविदा कर्मियों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी विवरण दिया। धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (सुरक्षा) शैलेंद्र कुमार द्वारा दिया गया।

# नौ मार्च को मनाया जाएगा गणिनाथ पूजनोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर सूर्य मंदिर परिसर और खेल मैदान में अखिल भारतीय मध्यदेशिय हलवाई वैश्य सभा का राज्यस्तरीय महा सम्मेलन सह प्रथम वार्षिकोत्सव महात्मा गणिनाथ गोविन्द पूजनोत्सव समारोह का आयोजन नौ मार्च को होगा। जिसकी जानकारी आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक संतोष कुमार गुप्ता व कार्यकर्ता दिलीप कुमार गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को महात्मा गणिनाथ गोविन्द पूजनोत्सव समारोह सह अखिल भारतीय मध्यदेशिय हलवाई वैश्य सभा का राज्यस्तरीय महा सम्मेलन में गया जिले इमामगंज, डुमरिया, बांकेबाजार, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, पटना, डेहरी, सासाराम, शेरघाटी, गया, खिजरसराय सहित राज्य भर से मध्यदेशिय हलवाई वैश्य समाज के लोग शामिल होंगे। मदनपुर में यह प्रथम बार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें करीब दस हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। महात्मा गणिनाथ गोविन्द जी की विधिवत धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कार्यक्रम होगा।



# सिन्हा कॉलेज में केन्द्रीय संचार ब्यूरो आयोजित करेगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

## कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो गया द्वारा आगामी 11 मार्च से 13 मार्च तक लगातार 3 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित होने जा रहा है। केंद्रीय संचार ब्यूरो गया के कार्यक्रम अधिकारी बी. इकबाल से बात करते हुए प्राचार्य ने कहा कि तीन दिनों तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा। राज्य स्तर से आने वाले अतिथि कलाकारों के साथ हमारे महाविद्यालय के छात्रों को अपनी कला समृद्ध करने का मौका मिलेगा। हमारा संकल्प विकसित भारत, विषय पर कई गतिविधियां आयोजित होंगी। बी. इकबाल ने कहा कि इस महाविद्यालय की ख्याति पूरे बिहार में है। पीटीआई डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि दिनांक 9 मार्च 2024 को इस कार्यक्रम के आलोक में आयोजित होने वाले खेल के आयोजन से एकता के भाव विकसित होंगे। कार्यक्रम समन्वयक बहादुर भीम कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र बहुआयामी बनेंगे जो उनके करियर उन्नति में मदद करेगा। लेखपाल मनोज कुमार ने इस कार्यक्रम के प्रति उत्साह व्यक्त किया है। प्रधान सहायक सौरभ सुमन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुड़ चुके हैं। कार्यालय सहायक राहुल कुमार सिंह छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने में जुड़ चुके हैं। प्राचार्य कार्यालय से निर्गत सूचना के माध्यम से एनसीसी पदाधिकारी मनजीत कुमार, एनएसएस ऑफिसर निहारिका कुमारी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की समन्वयक नीतू सिंह को सूचित किया गया है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम विभिन्न सत्रों में होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति आकाशवाणी के कलाकारों के द्वारा एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, गोष्टी, कवि सम्मेलन, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, खेलकूद, हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर फोटो प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम में मंचीय कार्यक्रम द्वारा चंद्रयान 3 का परीक्षण, अंतरराष्ट्रीय मिलेटस वर्ष, स्वतंत्रता के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देश एवं राज्य के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं गुमनाम नायकों को विशेष फोटो प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्मरण कराना तथा उन्हें श्रद्धांजलि देना इत्यादि है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन होगा।

# चुनाव के मद्देनजर बूथों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां अब तेज हो गई है। सोमवार को अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक एवं थानाध्यक्ष अजय कुमार ने संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान दोनों पदाधिकारी ने प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोराईपुर, प्राथमिक विद्यालय जगिया, प्राथमिक विद्यालय कासिम बिगहा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारायणपुर, प्राथमिक विद्यालय बिशनपुर सहित विभिन्न बूथों का भौतिक सत्यापन किया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि भौतिक सत्यापन का प्रतिवेदन संबंधित विभाग के पदाधिकारी को भेजी जाएंगी। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को बूथ पर मतदान करने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो, हर हाल में बूथ पर सुविधा अधिक से अधिक उपलब्ध हो जिसको लेकर भौतिक सत्यापन कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा थाना क्षेत्र के अन्य बूथों का भी भौतिक सत्यापन किया जाएगा तथा इसका प्रतिवेदन विभाग के वरीय पदाधिकारी को भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव का समय नजदीक है जिसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर शोर पर हैं।

# लकड़बग्घे के हमले में महिला घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के जोकहरी गांव में मंगलवार की सुबह किसी तरह जंगल से भटककर एक लकड़बग्घा गांव में घुस गया और एक महिला पर हमला कर दिया, जिससे महिला जख्मी हो गयी। महिला की पहचान उधव सिंह की पत्नी सुनैना देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला मंगलवार की सुबह घर से बाहर काम करने गई हुई थी। इसी दैरान लकड़बग्घे ने महिला पर हमला कर दिया। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े। इसके बाद लकड़बग्घा मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारी व जम्होर थाना की पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर जिला वन पदाधिकारी रुचि सिंह, रेंजर मनोज कुमार मिश्रा, जम्होर थानाध्यक्ष राज किशोर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी काफी संख्या में जोकहरी गांव पहुंचे और लकड़बग्घा को खोजने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नही मिला। इधर जिला वन पदाधिकारी ने कहा कि सुचना मिली थी कि एक तेंदुआ ने महिला पर हमला किया है। गांव में जांच किया तो पैर के निशान देखने से पता चला की वह लकड़बग्घा है।

# मारपीट के आरोपित दो युवकों को जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज। पुलिस ने लभरी गांव के रौशन कुमार एवं गणेश राम को मारपीट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि रौशन कुमार थाना कांड संख्या 5/24 एवं गणेश राम कांड संख्या 6/24 में नामजद आरोपी था। दोनों के उपर मारपीट एवं गाली गलौज को लेकर प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज।** पुलिस ने औरंगाबाद एडीजे 2 के द्वारा जारी वारंट के आलोक में रफीगंज के कोटवारा गांव के युगेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि कोर्ट द्वारा जारी वारंट के आलोक में युगेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# घर से भागी विवाहिता को पुलिस ने किया बरामद

## नारी निकेतन भेजी गयी महिला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ओबरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से भागी विवाहिता को पुलिस ने अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन से बरामद किया है। पुलिस ने 164 के ब्यान के लिए न्यायालय के समझ पेश किया है जहां से विवाहिता अपने मां पिता के घर जाने से इंकार कर दिया है। इसमें न्यायालय के बयान के आधार पर नारी निकेतन पटना गायघाट भेज दिया गया है। अनुसंधानकर्ता नीतू कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व विवाहित के भाई के ब्यान पर एक प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई गई थी जिसमें गांव के ही चंदन कुमार को आरोपित बनाया गया था जिसमें कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अनुसंधान जारी था कि सूचना मिली कि उक्त लड़की अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन पर है जिसमें विवाहिता को त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि बरामद विवाहिता को न्यायालय भेजा गया था। न्यायालय के आदेश के आलोक में विवाहिता को नारी निकेतन भेज दिया गया है।

## दुर्घटना में युवक घायल




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के अंजनवा मोड़ के समीप एनएच 19 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति थाना क्षेत्र के दशवतखाफ गांव निवासी राजेंद्र भुइंया है। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी मदनपुर में भर्ती कराया, जहां से ड्यूटी पर रहे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उक्त व्यक्ति पैदल सड़क पार कर रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक जखमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर मदनपुर थाना क्षेत्र के कमात मोड़ के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक के चकमें से बाइक सवार दो चचेरे भाई घायल हो गए। घायलों में सदर अस्पताल का एंबुलेंस चालक चंदन कुमार व उसका चचेरा भाई मंटू कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एंबुलेंस चालक चंदन ने बताया कि दोनों भाई एक साथ बाइक पर सवार होकर मदनपुर में ग्रामीण चिकित्सक का परीक्षा देने गए थे। परीक्षा के बाद दोनों वापस औरंगाबाद घर लौट रहे थे, जैसे ही दोनों कमात मोड़ के समीप पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक सामने से ओवरटेक करती आ रही थी जिसके चकमें से चंदन का बाइक अनियंत्रित हो गया और दोनों सड़क से पूल के नीचे गिर पड़े। गिरने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर सदर अस्पताल से एंबुलेंसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया। घटना में दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, वहीं बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



# मांगों के समर्थन में एएनएम ने दिया धरना




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मंगलवार को संविदा पर बहाल एएनएम ने एकदिवसीय धरना दिया। यह धरना सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष बिहार चिकित्सा एवं जन स्वासथ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले दिया गया। इस दौरान सभी एएनएम कार्यकर्ताओं ने अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर सरकार व विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी आवाज को बुलंद किया। जिला संयोजक कुमारी मोनिका, ज्योति कुमारी ने बताया कि संविदा पर कार्यरत एएनएम को भूतलक्षी प्रभाव से बिना परीक्षा के नियुक्ति किया जाए। सभी संविदा पर कार्यरत एएनएम को न्यूनतम मानदेय 26 हजार रुपये दिया जाय। संविदागत एएनएम को राज्य स्वास्थ्य समिति के तर्ज पर निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं बिहार पटना द्वारा नियुक्ति एएनएम को 35 प्रतिशत वेतन में इजाफा किया जाए। निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं बिहार पटना द्वारा नियुक्त संविदागत एएनएम को प्रत्येक वर्ष वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। अन्य महिला कर्मियों की भांति दो दिनों का विशेष अवकाश संविदागत एएनएम को दिया जाए। यह भी कहा कि अगर स्वास्थ्य विभाग मांगो को पूरी नही करती है तो भूख हड़ताल करेंगे। हर हाल में सरकार व विभाग को मांगे पूरी करनी होगी, अन्यथा पटना के सड़को पर उग्र आंदोलन होगा। मौके पर अर्चना कुमारी, पुष्पा कुमारी, रिंकू कुमारी, शोभा कुमारी, पल्लवी कुमारी, डिंपल कुमारी एवं सोनी कुमारी ने बताया कि शहरी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत एएनएम से सर्वे का कार्य कराने पर रोक लगाई जाए। संविदागत एएनएम को चिकित्सीय अवकाश का लाभ दिया जाए। सभी संविदागत एएनएम को अपने गृह जिला में पदस्थापन व स्थनांतरण किया जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269




CMYK